कार्तिक कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 29.5° न्यून. 19.1°
रांची: अधिक. 30.4° न्यून. 20.2°

रांची, रविवार
12 अक्टूबर 2025
वर्ष-26, अंक- 248, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 12

## मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चैंबर के आग्रह पर विकास की प्रतिबद्धता प्रकट की, कहा

# मॉडल कृषि मंडी के रूप में विकसित होगी पंडरा बाजार समिति

- कृषि मंत्री ने बैठक में मंडियों में व्याप्त असुविधा पर कड़ी नाराजगी जताई

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** प्रदेश की कृषि मंडियों में मूलभूत सुविधाओं की अनुपलब्धता से मंडियों में व्याप्त असुविधाओं पर संज्ञान लेने के फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के आग्रह पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में नेपाल हाउस सभागार में वृहद् बैठक हुई। बैठक में कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीक, कृषि निदेशक भोर सिंह यादव, बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक जीसन कमर, सभी बाजार समितियों के पणन सचिव, इनेम के नोडल अफसर, सिटी डीएसपी के अलावा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और कृषक प्रतिनिधि मौजूद थे।

चैंबर के आग्रह पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पंडरा बाजार समिति को मॉडल कृषि मंडी के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता दिखाई। मंडियों में व्याप्त असुविधा और पणन सचिवों की कार्यप्रणाली पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में जल्द सुधार के लिए प्रबंध निदेशक को निर्देशित किया। बैठक के दौरान आई बातों के आधार पर संज्ञान लेते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि आज कई महिलाएं एफबीओ चला रही हैं, किन्तु उनके लिए बाजार समिति में दुकान-गोदाम उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि उन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कई जिलों के रेंट फिक्सेशन में हुई अनियमितता और राज्य में इनेम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपने और आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। मंडियों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था होने तक होम गार्ड की तैनाती के लिए भी कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।



### पणन सचिव जल्द उचित प्रस्ताव, बनाकर विभाग को सौंपें : सिद्दीक

कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीक ने मंडियों की व्यवस्था में सुधार के लिए सभी पणन सचिव को निर्देशित किया कि वे जल्द एक प्रॉपर प्रस्ताव बनाकर विभाग को सौंपें। उन्होंने यह भी कहा कि शुरुआती दिनों में झारखंड देश में बेस्ट परफॉर्मर राज्य रहा था। यदि आज इसकी स्थिति संतोषजनक नहीं है, तो कहीं न कही इसमें हमारा फेलियोर है। ये कृषको को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने का उपयुक्त प्लेटफार्म है। विभाग द्वारा चरणबद्ध प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए पणन सचिवों को भी एक्टिव रहने की सलाह दी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जहां कृषक ज्यादा हैं, वहां हाट बाजार की व्यवस्था के लिए भी पणन सचिव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कृषकों के लिए मंडियों में डेडिकेटेड प्लेटफार्म बनाना होगा।

इससे पहले, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में चली मैराथन बैठक में झारखंड चैंबर ने कृषि मंडियों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराने और कृषकों के अनुकूल सुविधा उपलब्ध करने पर जोर दिया। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि मतगणना कार्यों के लिए बाजार समिति की दुकान-गोदाम का अधिग्रहण करने से भी व्यापार चार माह प्रभावित हो जाता है। विभाग उपायुक्त से समन्वय बनाकर कृषि मंडियों की जगह किसी अन्य वैकल्पिक स्थल पर मतगणना कार्य कराए। मंडियों के डिस्टर्ब होने से व्यापार प्रभावित होगा।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने बताया कि मंडियों में अतिक्रमण, साफ-सफाई का अभाव, खराब स्ट्रीट लाइट, पेयजल की असुविधा, सीसीटीवी कैमरों की अनुपलब्धता एवं जर्जर सड़कें जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। इस कारण न केवल व्यापारियों को, बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी भारी असुविधा होती है। आज किसी भी बाजार समिति में सुरक्षा गार्ड उपलब्ध नहीं हैं।

रांची चैंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी ने कहा कि आज राज्य की किसी मंडी में कृषकों की उपज बिक्री के लिए नहीं आता, न ही बाजार समिति द्वारा इसका प्रयास किया जाता है। यह बाजार समिति के मूल उद्देश्यों की विपरीत है। उन्होंने ई नेम को प्रोत्साहित करने के लिए गांव-गांव कैंप लगाकर किसानों को प्रशिक्षित करने की भी आवश्यकता बताई। बैठक के दौरान सभी बाजार समितियों के पणन सचिव ने अपने जिले की कृषि मंडी के मासिक आय व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। पणन सचिव ने उपलब्ध जानकारी में यह देखा कि कई बाजार समितियों की दुकान गोदाम जर्जर होने के कारण खाली रहने से किराया के रूप में बाजार समिति को भारी राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। चैंबर के सह सचिव रोहित पोद्दार ने सुझाव दिया कि बाजार समिति के पास उपलब्ध 387 करोड़ रुपए की फिक्स डिपॉजिट की ब्याज राशि का उपयोग मंडियों को मजबूत करने में किया जाए। यह कहा कि ब्याज राशि का पैसा एफडी क्यों किया जा रहा है। शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### बालूमाथ में अवैध कोयला लदा हाईवा जब्त, ड्राइवर फरार

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस में सीसीएल, एसआईएसएफ सिक्योरिटी व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में अवैध कोयला लदे एक वाहन को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई की जानकारी सीसीएल सिक्योरिटी इंचार्ज चमन गंझू ने दी। उन्होंने बताया कि रात्रि समय सुरक्षा और पुलिस अधिकारी माइंस में प्रवेश करने वाले वाहनों की जाँच कर रहे थे। इसी दौरान वाहन संख्या बीआर 01 जी एन 0351, जिसमें लगभग 30 टन अवैध कोयला लदा था, ड्राइवर द्वारा जांच से बचने के लिए वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर किसी भी प्रकार के वैध कागजात की अनुपस्थिति दर्ज की गई, जिससे लदे कोयले की अवैधता पुष्ट हुई। इसके बाद वाहन को अमरवाडीह पुलिस पिकेट के सुपुर्द कर दिया गया है।

### जमशेदपुर में पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार नाबालिग निरुद्ध

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला मुख्यालय जमशेदपुर के जुगसलाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार की देर रात एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध लोगों को पकड़ा है, जिनके पास से हथियार और मोबाइल बरामद किए गए। इनमें से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरे को नाबालिग होने के कारण निरुद्ध किया गया है। यह कार्रवाई बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्देश पर की गई थी। जुगसलाई थाना क्षेत्र के पार्वती घाट बस्ती स्थित श्मशान घाट गेट के पास पुलिस टीम शुक्रवार की देर रात तक सघन वाहन जांच अभियान चला रही थी। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही थी। रात में करीब 10:10 बजे एक बाइक पर सवार दो लोग पुलिस चेकिंग प्वाइंट की ओर आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का संकेत दिया, तो दोनों बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस बल की तत्परता से घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान एक युवक की पहचान मोहम्मद रेहान के रूप में हुई।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## सीएम हेमंत सोरेन ने दिए निर्देश, सुदिव्य कुमार ने दिया निर्माण प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

# राष्ट्रीय मानक पर बनेंगे रांची के तीनों बस टर्मिनल

- आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो व बिरसा मुंडा टर्मिनल बनेंगे आकर्षक
- नगर विकास एवं आवास मंत्री ने दी 48.72 करोड़ रुपए की स्वीकृति

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राजधानी रांची के तीनों प्रमुख बस टर्मिनलों आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा का कायाकल्प अब राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहरीकरण के कार्यों में तेजी लाने के क्रम में इन सभी टर्मिनलों के आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और जीर्णोद्धार का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री सोरेन के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कुल 48.72 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इसमें आइटीआई बस स्टैंड के लिए 24.77 करोड़, सरकारी बस डिपो के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस स्टैंड के लिए 3.76 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने विभागीय प्रधान सचिव सुनील कुमार को जुडको के माध्यम से कार्य शीघ्र आरंभ कराने का निर्देश दिया है।

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को निर्देश दिया है कि तीनों बस टर्मिनलों के टेंडर शीघ्र जारी कर कार्य प्रारंभ किया जाए। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद रांची के बस टर्मिनल राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के मॉडल स्टैंडर्ड पर नजर आएंगे, जहां यात्रियों को सुरक्षा, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं का बेहतर अनुभव मिलेगा।




**स्वीकृत की गई राशि**
- आइटीआई बस स्टैंड : 24.77 करोड़
- सरकारी बस डिपो : 20.19 करोड़
- बिरसा मुंडा बस स्टैंड : 3.76 करोड़

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा आइटीआई बस स्टैंड

वर्तमान में यात्रियों के लिए न्यूनतम सुविधाओं वाले आइटीआई बस स्टैंड को आधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। यह तीन एकड़ क्षेत्रफल में बनेगा, जिसमें 2330 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 880 वर्गमीटर प्रथम तल पर टर्मिनल भवन होगा। यहां ड्राइवर कैंटीन, मेंटेनेंस शेड, गार्ड रूम, स्लाइडिंग प्रवेश द्वार, प्रतीक्षालय, कार, ऑटो और ई-रिक्शा पार्किंग की सुविधा होगी। प्रथम तल पर रेस्टोरेंट, प्रशासनिक भवन, टिकट काउंटर, डॉरमेट्री, लॉकर युक्त गेस्ट रूम तथा हरियाली के लिए लैंडस्केपिंग की व्यवस्था रहेगी। प्रति दिन 416 बसों का परिचालन सुनिश्चित किया गया है।



### सरकारी बस डिपो का पुनर्निर्माण

वर्ष 1962 से 1970 के बीच बना सरकारी बस डिपो अब जर्जर अवस्था में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर इसे 20.19 करोड़ रुपए की लागत से इंडियन रोड कांग्रेस मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जाएगा। नए भवन में 1771 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 845 वर्गमीटर प्रथम तल में सुविधाएं विकसित होंगी। यहां गार्ड रूम, मेंटेनेंस क्षेत्र, डॉरमेट्री, प्रतीक्षालय, फूड कियोस्क, शेडयुक्त बस वे, स्लाइडिंग गेट, कार व ऑटो स्टैंड जैसी सुविधाएं होंगी।

### बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा में होगा 31 बस-वे

वर्तमान ढांचे को बरकरार रखते हुए बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा को 3.76 करोड़ रुपए की लागत से और अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा। 11.6 एकड़ में फैले इस परिसर में 31 बस-वे, 89 बसों व 70 कारों के लिए पार्किंग, स्मार्ट शेड, 50 बेड की डॉरमेट्री, रेस्टरूम, स्नानागार, गेस्टहाउस, हाइमास्ट लाइट, बाउंड्री वाल और महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

# नक्सलियों के विस्फोट में घायल सीआरपीएफ जवान महेंद्र शहीद

नवीन मेल डेस्क



- आईईडी ब्लास्ट में घायल हो गए थे सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर
- इंस्पेक्टर केके मिश्रा और एएसआई रामकृष्ण गागराई राउरकेला के अस्पताल में हैं भर्ती

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र के सारंडा जंगल में नक्सलियों की ओर से शुक्रवार की शाम किए गए आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में घायल हुए सीआरपीएफ 60वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गए। आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। इस विस्फोट में सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर केके मिश्रा और एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इलाज के दौरान हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर की मौत हो गई। अर्धसैनिक बलों ने शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में जराइकेला थाना क्षेत्र के नक्सल हिंसा प्रभावित बाबूडेरा-समता क्षेत्र में यह अभियान चलाया था।

जानकारी के अनुसार, यह विस्फोट उस समय हुआ जब जवानों की टीम इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। नक्सलियों ने ये विस्फोट दो अलग-अलग स्थानों पर किए थे। शेष पेज 11 पर

### बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में कोबरा कमांडो घायल

**रायपुर (आईएएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में माओवादियों के आईईडी ब्लास्ट में एक कोबरा कमांडो घायल हो गया। यह घटना उसूर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूजारी कांकेर के पास हुई। सूत्रों के अनुसार, फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफओबी) की एक टीम शनिवार सुबह रुटीन गश्त पर निकली थी। जब सुरक्षा बल जंगल क्षेत्र में छानबीन कर रहे थे, तभी माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर एक्टिवेटेड आईईडी में ब्लास्ट हो गया, जिसमें कोबरा 206 बटालियन का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को तुरंत अस्पताल भेजा गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कमांडो की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर है।

# पीएम मोदी ने किया सरायकेला में फिश फॉर्मिंग प्लांट का शिलान्यास

सरायकेला/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री ने झारखंड में सरायकेला प्रखंड के हाथीमारा गांव में शनिवार को वर्चुअल माध्यम से अत्याधुनिक फिश फॉर्मिंग प्लांट का शिलान्यास किया। यह परियोजना 'प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना' के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और मत्स्य पालन को नई दिशा प्रदान करना है। कार्यक्रम में झारखंड मत्स्य विभाग के उप निदेशक संजय कुमार गुप्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी रौशन कुमार, स्थानीय ग्रामीण और योजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। यह परियोजना 'सुरदीप नेचुरल फिशिंग एंड इको टूरिज्म कंपनी' द्वारा संचालित की जाएगी। कंपनी की संस्थापक ज्योति बाला ने बताया कि यह परियोजना ग्रामीण किसानों की आय वृद्धि और स्थानीय रोजगार सृजन की दिशा में एक बड़ा कदम है। लगभग 14 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस फिश फार्म में 10 एकड़ भूमि पर मत्स्य पालन के लिए तालाब और शेष 4 एकड़ क्षेत्र में प्रसंस्करण, प्रशिक्षण एवं इको-टूरिज्म केंद्र विकसित किए जाएंगे। शेष पेज 11 पर


- झारखंड में मत्स्य पालन को मिलेगी नई दिशा

## पलामू के अस्पतालों में घटिया दवाओं की सप्लाई

# मानकों पर खरी नहीं उतरीं कंपनी से वापस लेने का आदेश




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कैल्शियम की टैबलेट के बाद अब शुगर एवं एंटीबायोटिक की दवाएं भी मानकों से नीचे पाई गई हैं। इस पूरे मामले की जांच शुरू हो चुकी है और दवाएं सप्लाई करने वाली कंपनी को इसका अविलंब वापस लेने का आदेश दिया गया है।

यह कोई पहली बार नहीं है जब सरकारी अस्पतालों में संदिग्ध गुणवत्ता वाली दवाएं मिली हों। मई महीने में भी 2.15 करोड़ की कैल्शियम की गोलियां मानक पूर्ण नहीं पाईं थीं। जांच में पता चला कि ये टैबलेट पानी में नहीं घुलती थीं, जिससे उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं थी। गंभीर स्थिति का पता चलते ही तत्कालीन सिविल सर्जन ने इस दवा को कोलकाता लैब में जांच के लिए भेजा था। तब कंपनी से दबाव डालकर खराब दवा वापस मंगवाई गई और उसकी जगह नई गोलियां सप्लाई की गईं।

अक्टूबर में चार विभिन्न राज्यों की कंपनियों ने पलामू में कैल्शियम की गोलियां भेजीं, जिनकी अब जांच चल रही है। सिविल सर्जन अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दवा टेस्ट में फेल हो चुका है। कैल्सियम की दवा पानी में घुल नहीं रही है, जांच के दौरान पता चला कि मानक के अनुरूप नहीं है। शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# सफलता की अंधी दौड़ में मिटती भाषा, संस्कृति और पहचान


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अपनी जाति धर्म और पहचान के नाम पर अधिकार और हिस्सेदारी के लिए लड़ते लोगों की भीड़ के बीच रोज भाषाएं मर रही हैं साथ ही मिटने को है कई समूहों की सांस्कृतिक पहचान। झारखंड में भी टाइटल के आधार पर कई सदान और जनजातीय समुदाय विशेष अपनी भाषा नहीं जानते।कैसे बचेगी पहचान?आज के भारत ही नहीं अखंड भारत यानी भारतीय उपप्रायद्वीप सहित पूरे विश्व में भाषाएं उपेक्षित होकर मर रहीं हैं और इनके साथ जुड़ी जातियों या जनजातियों की पहचान भी मिट रही है ।झारखंड भी इससे अछूता नहीं है आप किसी गांव में जाकर उनकी भाषा में बात करें तो वे आपको हिंदी में जवाब देंगे ताकि वे जतला सकें कि वे गंवार नहीं बल्कि पढे लिखे हैं । आधुनिक जीवन शैली सिनेमा,रंगीन टीवी के बाद अब सोशल मीडिया से सुदूर ग्रामीण या जंगल के किनारे तक पहुंच गई है और लोग अपने रीति रिवाज संस्कृति या भारतीय पहचान के प्रति हीन भावना से ग्रस्त हो गए हैं जिसके कारण किसी भी कीमत पर अपने बच्चों को मुहल्ले के सही पर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं ।कभी एक समय था जब झारखंड की कभी राजभाषा और संपर्क भाषा रही नागपुरी रांची शहर तक की भाषा थी और गुमला,सिमडेगा,लोहरदगा जैसे शहरों में जो भी रहा उसने यह भाषा सीख ली । पर अब नागपुरी मिश्रित हिंदी ने इसका स्थान लेना शुरू कर दिया है और कुछ बड़े परिवारों में तो अंग्रेजी ही बोलचाल की भाषा हो गई है । इसी प्रकार 32 जनजातीय समूह और 9 भाषाओं वाले झारखंड की अनेक जनजातीय भाषाएं भी खतरे में हैं क्योंकि नौकरी या व्यवसाय में ऊपर उठाने के बाद अनेक जनजातीय परिवार न सिर्फ अपने बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा दे रहे हैं बल्कि अपनी मातृभाषा बोलना छोड़ते जा रहे हैं ।इनका सिर्फ टाइटल बचा रह गया है पर जातीय या सांस्कृतिक पहचान खतरे में है । यूनेस्को की ताजा रिपोर्ट बताती है कि हर साल दुनिया से नौ भाषाएं खत्म हो रही हैं। भारत की कोरगा (कर्नाटक), सिरमौरी (हिमाचल प्रदेश) और पारजी (छत्तीसगढ़) भी संकट में हैं। सामूहिक तौर पर भाषाओं के प्रति हीन भावना को हटाकर ही इन मरती हुई भाषाओं को बचाया जा सकता है । बीसवीं सदी के भाषा दार्शनिक ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, 'मेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी।' इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समाए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति ही अपनी परंपरा, अपनी सोच,


एआई जेनरेटेड

अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं। यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इसमें तेजी आई है। इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है, तो उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी सोच और उसका परिवेशबोध भी मर रहा है। इन अर्थों में देखें, तो भाषाओं का इस तरह मरना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है।यूनेस्को के अनुसार, साल एक हजार ईस्वी तक दुनिया भर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं, जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि भाषाओं के मरने की यही दर बनी रही, तो 21वीं सदी के अंत तक दुनिया भर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। जबकि पश्चिम के कई भाषा और मानवशास्त्री मानते हैं कि अगर भाषाओं के मरने की गति ऐसी ही रही, तो 2200 ईस्वी तक दुनिया में महज 100 भाषाएं ही जीवित रह पाएंगी। संस्कृत के बारे में भी कहा जाता है कि उसका चलन घट गया है। अंग्रेजी ने दूसरी भाषाओं के नए शब्दों को अपनाया जबकि मृत भाषाओं में ऐसा चलन नहीं था। उदारीकरण और वैश्वीकरण की वजह से पूरी दुनिया तकरीबन एक तरह के खानपान, पहनावे और एक तरह की भाषा की ओर आकर्षित होती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता और उसका सलीका ही मानक बनते जा रहे हैं। इस लिहाज से दुनिया भर की बोलियों में भी एकरूपता कभी सायास, तो कभी अनायास ही आती जा रही है। झारखंड सहित भारत की बहुत-सी ऐसी भाषाएं हैं, जो इतने कम लोगों द्वारा बोली जाती हैं कि निकट भविष्य में उनका अस्तित्व ही नहीं रहेगा। इनमें लुप्तप्राय आदिम जनजातियां (पीवीटीजी) शामिल हैं। भाषाओं का सम्मान उन्हें बोलकर ही किया जा सकता है।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रांची में पदयात्रा और विविध कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर होने वाले पदयात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर रांची में स्थित केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से केंद्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। रक्षाबंधन ने बताया भारत सरकार के मार्गदर्शन में मेरा भारत के द्वारा सरदार @150 समारोह के तहत इन कार्यक्रमों का आयोजन रांची लोकसभा क्षेत्र में होना है। सरदार पटेल ने देश की आजादी के उपरांत राष्ट्र की एकता, अखंडता और श्रेष्ठता को अक्षुण्ण रखने के लिए जो योगदान दिया है, वह अविस्मरणीय है और पूरा राष्ट्र उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है। इसलिए उनकी 150वीं जयंती पर व्यापक स्तर पर गांव की गली से लेकर महानगरों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं ताकि एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा हो सके। सरदार पटेल ने भारत की एकता और श्रेष्ठता का जो संकल्प लिया था, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत #विकसित भारत2047 के लक्ष्य के साथ उसी तरफ आगे बढ़ रहा है।

### भाजपा ने स्वदेशी अभियान के स्टीकर, पोस्टर, पंपलेट, संकल्प पत्र का किया लोकार्पण

## स्वदेशी अभियान को बल देकर आत्मनिर्भर बनेगा भारत : बाबूलाल

- मरांडी ने कहा, 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' मंत्र को जीवन में उतारें
- भाजपा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में करेगी स्वदेशी अभियान सम्मेलन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और स्वदेशी अभियान के प्रदेश संयोजक एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में राज्य में शुरू किए जा रहे स्वदेशी अभियान के स्टीकर, पोस्टर, पंपलेट, नोट पैड, संकल्प पत्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक-दूसरे के पूरक हैं। स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर, स्वदेशी उत्पादों को अपने दैनिक जीवन में अपना कर देश का प्रत्येक नागरिक भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने में बड़ा योगदान कर सकता है। उन्होंने अभियान के मंत्र 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' को अपनाकर इसे जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा कि भारत का प्राचीन इतिहास गौरवशाली एवं वैभवशाली रहा है। 125 ईपू मौर्यकाल में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश था। विश्व की जीडीपी के भारत का योगदान 33% था। 16वीं शताब्दी तक विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी 24.4% जीडीपी की भागीदारी के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र था। लेकिन, गुलामी की लूट खसोट ने वर्ष 1947 तक विश्व अर्थव्यवस्था में भारत की जीडीपी की भागीदारी 4% पहुंच गई। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला भारत वर्ष 1947 में सबसे गरीब देशों की श्रेणी में 136वें स्थान पर पहुंच गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी से लेकर बाल गंगाधर तिलक, सरदार पटेल, जैसे नेताओं ने स्वदेशी अभियान को स्वतंत्रता की लड़ाई का हथियार बनाया।

### आज भारत में बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल 'मेड इन इंडिया' हैं

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज भारत में 'मेक इन इंडिया' के तहत 667 अरब डॉलर का निवेश आया है। आज भारत में बिकने वाले 99.2% मोबाइल 'मेड इन इंडिया' हैं। वर्ष 2025 में भारत का मोबाइल निर्यात 1500 करोड़ से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। खिलौने का निर्यात 239%, बढ़ गया। आज भारत 153 देशों को खिलौना निर्यात कर रहा है। ट्रैक्टर निर्माण में भारत पहले स्थान पर, बस निर्माण में दूसरे और हैवी ट्रक निर्माण में तीसरे स्थान पर है। टेक्सटाइल क्षेत्र में भारत विश्व का छठा बड़ा निर्यातक बन गया। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ी है। आज भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है। भारत 200 देशों को दवा निर्यात कर रहा है। आज भारत में 98 करोड़ लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, जो वर्ष 2014 में केवल 25 करोड़ था। देश में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा की क्षमता लगातार बढ़ रही। सौर ऊर्जा में भारत विश्व के तीसरे और पवन ऊर्जा के चौथे स्थान पर है। भारत 100 से अधिक देशों को ऑप्टिकल फाइबर निर्यात करता है। अंतरिक्ष अभियानों में भारत आत्म निर्भर हो रहा है।

### सीताराम मारू के जन्म शताब्दी दिवस पर स्मारक डाक टिकट का हुआ लोकार्पण

# सीताराम मारू मां भारती के कर्मठ सपूत थे : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**



### धर्म-संस्कृति के प्रति गहरी आस्था का प्रमाण है बुंडू का सूर्य मंदिर

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी गहरी आस्था का प्रमाण बुंडू (रांची) स्थित सूर्य उपासना भवन (सूर्य मंदिर) का निर्माण है, जो आज झारखंड का प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है। उन्होंने कहा कि स्व. सीताराम मारू का जीवन इस बात का सजीव उदाहरण है कि निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा करने वाला व्यक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शक बन जाता है।

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में शनिवार को राज भवन में भारतीय डाक विभाग ने स्व. सीताराम मारू के जीवन एवं योगदान पर आधारित स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि स्व. सीताराम मारू मां भारती के ऐसे तपस्वी और कर्मठ सपूत थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया। उनकी जन्म शताब्दी पर डाक विभाग द्वारा स्मारक डाक टिकट जारी करना उनके जीवन और कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

राज्यपाल ने स्व. मारू के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सामाजिक व सांस्कृतिक चेतना जगाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन निरंतर समाज और राष्ट्र की सेवा में व्यतीत हुआ। उन्होंने कहा कि स्व. मारू ने समाज सेवा के क्षेत्र में 'मारवाड़ी सहायक समिति' और नागरमल मोदी सेवा सदन की स्थापना में अविस्मरणीय योगदान दिया। संस्कृति विहार के अध्यक्ष के रूप में संस्कृति संरक्षण और शिक्षा, चिकित्सा व ग्रामोन्नति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरणा से उन्होंने 'रांची एक्सप्रेस' और 'जय मातृभूमि' जैसे समाचार पत्र प्रारंभ किए, जिन्होंने राष्ट्रवाद की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और समाज को दिशा देने का कार्य किया।

## रंगकर्मी आज महंगे प्रेक्षागृहों के बोझ तले तोड़ रहे हैं दम : डॉ आशुतोष

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर केवल ग्रंथों, मंदिरों और स्मारकों में नहीं बसती, बल्कि वह जीवंत रूप में रंगमंच पर दिखाई देती है। नाटककार, अभिनेता और रंगकर्मी अपनी मेहनत और संवेदनशीलता से समाज की चेतना जगाते हैं। लेकिन, विडंबना यह है कि वही रंगकर्मी आज महंगे प्रेक्षागृहों के बोझ तले दम तोड़ रहे हैं। बड़े-बड़े सभागार आम जनता और छोटे नाट्य दलों की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। ये बातें रंगमंच से जुड़े डॉ आशुतोष प्रसाद ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इन कलाकारों को निःशुल्क या न्यूनतम दर पर मंच उपलब्ध नहीं करा सकती?

डॉ आशुतोष प्रसाद ने कहा कि आज अधिसंख्य नगरों और महानगरों में खासकर झारखंड की राजधानी रांची में प्रेक्षागृहों का किराया इतना अधिक है कि छोटे-छोटे नाट्य दल एक प्रस्तुति भी आयोजित नहीं कर पाते। एक तरफ कलाकार महीनों की तैयारी और साधना करते हैं, दूसरी तरफ हॉल किराए की चिंता उनकी सृजनशीलता को कुचल देती है। कई बार हॉल किराए पर लेने के बाद भी प्रकाश, ध्वनि और तकनीकी उपकरणों के लिए अतिरिक्त धनराशि चुकानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि रंगकर्म केवल शौक या मनोरंजन नहीं है। यह समाज को दिशा देने वाली सांस्कृतिक धारा है। लेकिन, जब कलाकारों के सामने रोजगार, जीवनयापन और मंच की कमी जैसी समस्याएं खड़ी हों, तो उनका उत्साह टूटना स्वाभाविक है। कई युवा रंगकर्मी थिएटर छोड़कर अन्य पेशों की ओर चले जाते हैं। अनुभवी कलाकार अपनी प्रतिबद्धता के बावजूद आर्थिक विवशता में घिर जाते हैं। डॉ आशुतोष प्रसाद ने कहा कि यदि रंगकर्मियों को मंच मिलेगा, तो वे सामाजिक मुद्दों पर अधिक सक्रियता से नाटक प्रस्तुत करेंगे। जनजागरूकता अभियान (स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण) रंगमंच के जरिए अधिक असरदार बनेंगे। समाज का सांस्कृतिक स्तर ऊंचा होगा और लोकतांत्रिक मूल्य सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि महंगे प्रेक्षागृह केवल अमीर आयोजनों के लिए नहीं बने हैं, बल्कि वे समाज की धरोहर हैं। उनका असली उपयोग तभी होगा जब आम कलाकार और रंगकर्मी वहां अपनी कला प्रस्तुत कर सकें।

### सरकार की जिम्मेदारी :

सरकार अगर सचमुच संस्कृति और कला के संरक्षण का दावा करती है, तो उसे केवल भाषणों में नहीं, बल्कि ठोस कदमों से साबित करना होगा।

1. **निःशुल्क प्रेक्षागृह उपलब्ध कराना :** कम से कम सप्ताह में कुछ दिन प्रेक्षागृह स्थानीय नाट्य दलों को बिना किराए दिए जाने चाहिए।
2. **नाममात्र शुल्क नीति :** छोटे समूहों के लिए प्रतीकात्मक शुल्क रखकर उन्हें आर्थिक बोझ से मुक्त किया जा सकता है।
3. **स्थानीय कला निधि :** हर जिले में 'सांस्कृतिक निधि' बनाकर रंगकर्मियों को अनुदान दिया जाए।
4. **तकनीकी सहयोग :** मंच, ध्वनि और प्रकाश की सुविधाएं सरकार की ओर से मुफ्त उपलब्ध कराई जाएं।

### रांची में जेपी विचार मंच ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की मनायी जयंती

**रांची।** जेपी विचार मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मलिक की अध्यक्षता में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जेपी के चित्रों पर माल्यार्पण और महिला मंडली द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री यदुनाथ पांडे, जेपी विचार मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मलिक, पूर्व विधायक समरी लाल एवं प्रेम मित्तल ने जेपी के 25 अनुयायियों को शाल और माला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित प्रमुख व्यक्तियों में प्रो आर.ए.के. वर्मा, संजय कुमार सिंह, उषा पांडे, राजकुमार गुप्ता, नवेंदु उन्मेष और अन्य शामिल थे। कार्यक्रम में प्रो आर.ए.के. वर्मा ने कहा कि जेपी के विचारों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। श्रीमती उषा पांडे ने जेपी के विचारों पर गहन मंथन की आवश्यकता बताई, जबकि प्रेम मित्तल ने कहा कि जेपी की विचारधारा वर्तमान समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है। वरिष्ठ पत्रकार दिलीप नीलूनीलू ने सुझाव दिया कि जेपी के विचारों को युवाओं तक पहुँचाने के लिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

## रांची में जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती पर नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सम्पूर्ण नारायण के जनक, लोकनायक जय प्रकाश नारायण की आज 123वीं जयंती के अवसर पर जदयू के वरीय नेता, धर्मेंन्द्र तिवारी के साथ अन्य ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि 1974 में जब इंदिरा गांधी के कठोर प्रशासनिक नीति और देश में व्याप्त भय, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से जब देश की जनता त्राहिमाम कर रही थी। सरकार देश की जनता की आवाज को सुन नहीं रही थी, उनकी जायज मांगों को दमनात्मक तरीके से दबा रही थी। तब जय प्रकाश नारायण ने देश के छात्रों एवं युवाओं का आह्वान किया और उस समय विश्व की शक्तिशाली शासकों में शामिल इंदिरा गांधी की सरकार को तिनके के मानिंद सत्ता से उखाड़ फेंका। श्री तिवारी ने कहा कि जय प्रकाश नारायण भारतीय राजनीति के एक ऐसे युगपुरूष व पुरोधा थे, जिन्होंने भारत की जनता को एक नई राह दिखाई, एक नई राजनीतिक चेतना को जन्म दिया, जिसे लोकनीति कहा जाता है, किन्तु आज के नेतागण एवं राजनीतिक पार्टियाँ जेपी के आदर्शों पर चलने के नाम पर केवल अपनी स्वार्थ सिद्धि में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक क्रांति के सुयोग से उन्होंने सम्पूर्ण क्रांति का सूत्रपात किया था। राजनीति, दलनीति एवं प्रशासनिक नीति से हटकर इन्होंने लोकनीति का सूत्रपात किया। जयप्रकाश नारायण के इसी लोकनीति खाद से वर्तमान में कई राजनीतिक दलें फल-फूल रही हैं। श्री तिवारी ने कहा कि देश में व्यवस्था परिवर्तन के सूत्रधार जय प्रकाश नारायण को भारत की जनता सदैव याद रखेगी और उनकी ऋणी रहेगी। जयप्रकाश नारायण जी ने कहा था जब तक हर एक देशवासी के मन में राष्ट्रवाद की भावना नहीं आएगी, किसी भी राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। आज के कार्यक्रम में जेडीयू के महासचिव मनोज कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी महेश्वर प्रसाद चौधरी, शुभम गुप्ता, राजेश कुमार सिन्हा, आदि ने सुमन अर्पित किए।

## झारखंड महिला कांग्रेस की कमान फिर से गुंजन सिंह के हाथों में

- अलका लांबा ने नई प्रदेश कार्यकारिणी और 10 नए जिलाध्यक्षों के नाम किये जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने झारखंड महिला कांग्रेस की रांचीः अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की नई प्रदेश कार्यकारिणी और महिला कांग्रेस जिला अध्यक्षों की सूची जारी की. अलका लांबा ने तत्काल प्रभाव से पूर्व की झारखंड राज्य कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की वर्तमान नियुक्ति को भंग करते हुए देर रात नई प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्ष के नामों की घोषणा कर दी. यह कमेटी तत्काल प्रभाव से लागू है. झारखंड महिला कांग्रेस की कमान फिर से एक बार गुंजन सिंह को ही सौंपी गई है. नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अलावा दो वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 11 महासचिव, 07 सचिव एवं 10 जिलाध्यक्ष का नाम शामिल है. नई प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी गठन के बाद अपने संदेश में अलका लांबा ने कहा कि इससे संगठन और अधिक सुदृढ़ एवं सक्रिय होगा. झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में 11 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस भवन रांची में नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी समिति एवं जिला अध्यक्षों की एक बैठक आहूत की गई है. झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की फिर से कमान मिलने से उत्साहित गुंजन सिंह ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के विश्वास पर वह और मजबूती से खरा उतरने की कोशिश करेंगी.

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ

- तीन जिलों से आये 250 किसान योजनाओं से जागरूक हुए

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय प्रेक्षागृह में शनिवार को प्रधानमन्त्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुभारम्भ कार्यक्रम का लाइव शो आयोजित किया गया जिसमें बीएयू के वैज्ञानिकों, कर्मियों के आलावा रांची, खूंटी और गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये लगभग 250 किसानों ने भाग लिया और प्रधानमन्त्री का संबोधन सुना। प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नयी दिल्ली से देश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि विज्ञान कन्द्रों में आये किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कृषि अवसंरचना, पशुपालन, मत्स्यपालन, खाद्य प्रसंस्करण आदि से जुडी देश भर की 2100 से अधिक परियोजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन एवं शिलान्यास भी किया। धन धान्य कृषि योजना देश के वैसे 100 आकांक्षी जिलों में कार्यान्वित की जानी है जहाँ कृषि विकास की रफ़्तार अपेक्षाकृत धीमी रही है। इनमें झारखण्ड का पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिला शामिल है। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि इस परियोजना को भारत सरकार के 11 मंत्रालय राज्य सरकार के साथ मिलकर क्रियान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानो को सालो भर टिकाऊ उत्पादन, बेहतर आय तथा मिटटी एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए कृषि पद्धति में बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, वानिकी को जोड़ते हुए उसे वैविध्यपूर्ण बनाना होगा। झारखण्ड सरकार बहुत सी कृषि योजनाओं पर 50 से 100 प्रतिशत तक की सब्सिडी दे रही है, इनका लाभ उठाने के लिए किसानों को आगे आना चाहिए।

स्वागत भाषण करते हुए प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ रेखा सिन्हा ने कहा कि योजना के तहत आकांक्षी जिलों में कृषि आत्मनिर्भरता, उत्पादकता एवं आय वृद्धि, फसल विविधीकरण आदि को बढ़ावा दिया जाना है।

डॉ सीएस महतो ने प्रमुख रबी दलहन फसल उत्पादन की उन्नत तकनीक, सिद्धार्थ जायसवाल ने प्राकृतिक कृषि का सिद्धांत एवं व्यवहार, डॉ नूतन वर्मा ने प्रमुख तेलहन फसलों का उन्नत पैकेज ऑफ़ प्रैक्टिसेज, डॉ बिनय कुमार ने राष्ट्रीय कीट सर्वेक्षण सिस्टम तथा डॉ बीके झा ने किसान शिकायत निवारण पोर्टल, जीएसटी दरें कम किये जाने के लाभ तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनायें विषय पर किसानों के लिए जागरूकता व्याख्यान दिया।

## गोस्सनर कॉलेज ने जीती रांची विश्वविद्यालय फुटबॉल ट्रॉफी 2025



- फाइनल में कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला को पेनल्टी कॉर्नर में एक गोल से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला आज कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला के खेल मैदान में रोमांचक वातावरण में संपन्न हुआ। फाइनल में गोस्सनर कॉलेज, रांची और कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जो निर्धारित समय तक बराबरी पर रहा। अंततः मैच का निर्णय पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से हुआ, जिसमें गोस्सनर कॉलेज, रांची ने एक गोल की बढ़त बनाते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला को उपविजेता घोषित किया गया। मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों की उत्कृष्ट खेल भावना और संघर्षशील प्रदर्शन की दर्शकों ने सराहना की।

### डीजीएमएस के तत्वावधान में 39वीं जोनल खान बचाव प्रतियोगिता संपन्न

# नॉर्थ कर्णपुरा ने जीता ओवर ऑल बेस्ट टीम का खिताब

- सुरक्षा संस्कृति के प्रसार पर दिया गया बल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा आयोजित 39वीं जोनल खान बचाव प्रतियोगिता-2025 का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह विगत गुरुवार (10 अक्टूबर 2025) की देर रात सीसीएल मुख्यालय, रांची में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता 08 से 09 अक्टूबर 2025 तक खान बचाव केंद्र, रामगढ़ एवं भुरकुंडा भूमिगत खदान में आयोजित की गई थी।

समारोह की अध्यक्षता सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा उपमहानिदेशक (दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र) डॉ एसएस प्रसाद उपस्थित थे। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) सीएस तिवारी तथा मुख्य सतर्कता पदाधिकारी पंकज कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीजीएमएस की ओर से मुख्य निर्णायक के रूप में खान सुरक्षा निदेशक अजीत कुमार और निर्णायक के रूप में डीजीएमएस एवं सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ कर्णपुरा (एनके) एरिया की टीम ने ओवर ऑल बेस्ट टीम का खिताब अपने नाम किया। बरका सायल की टीम ने सेकंड बेस्ट टीम तथा मगध-संघमित्रा की टीम ने थर्ड बेस्ट टीम का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि डॉ एसएस प्रसाद ने अपने संबोधन में खान सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रेस्क्यू टीमों की तत्परता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सभी कर्मियों से उच्च सुरक्षा मानकों को अपनाने और कार्य संस्कृति में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के प्रयासों की सराहना की और आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही कहा कि सुरक्षा सीसीएल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समापन समारोह में महाप्रबंधक (सु एवं ब) विनोद कुमार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक, अधीक्षक (बचाव सेवा) विकास कुमार, सीसीएल के अधिकारी-कर्मचारी, जेसीएससी, सेफ्टी बोर्ड एवं वेलफेयर बोर्ड के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### छठ महापर्व को लेकर नगर निगम प्रशासक ने की समीक्षा बैठक, कहा

# श्रद्धालुओं को सर्वोच्च सुविधाएं देना नगर निगम की प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रांची नगर निगम ने राजधानी के सभी जलाशयों एवं वहां अवस्थित घाटों के सफाई कार्य, बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता तथा अन्य तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर विशेष अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में शनिवार को प्रशासक सुशांत गौरव ने नगर निगम पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रशासक को शहर के समस्त जलस्रोतों एवं तालाबों की वर्तमान स्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशासक सुशांत गौरव ने कहा, छठ महापर्व को लेकर स्वच्छता, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं को सर्वोच्च सुविधाएं प्रदान करना नगर निगम की शीर्ष प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें और वृहद स्तर पर अभियान चलाकर घाटों को पूर्ण रूप से स्वच्छ व सुरक्षित बनाएं। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि घाटों की सफाई सर्वोच्च स्तर की हो। पहुंच पथ पर एक भी कंकड़ दिखाई न दे, यह प्राथमिकता में रहे। छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालु सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण में अर्घ्य दे सकें, इसकी पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रशासक सुशांत गौरव ने शहर के 74 जलाशयों की स्थिति की समीक्षा की और विभिन्न शाखाओं को उनके दायित्वों के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




#### रांची नगर निगम के प्रशासक के निर्देश

1. स्वच्छता शाखा मानव बल एवं संसाधनों में वृद्धि करते हुए युद्धस्तर पर स्वच्छता अभियान चलाए।
2. जेसीबी, सुपर सकर मशीन, पोकलेन, वीड हार्वेस्टिंग मशीन आदि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। घाटों से फिसलन, काई एवं गंदगी की सफाई के लिए स्क्रबिंग कार्य कराया जाए
3. एक्वेटिक लाइफ को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार फिटकरी एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव हो।
4. अस्थाई घाटों का निर्माण व समतलीकरण का कार्य सुनिश्चित किया जाए।
5. महापर्व से पहले मुख्य मार्गों एवं संपर्क पथों पर पानी का छिड़काव किया जाए

#### बीएसयूपी आवास से क जा एवं अतिक्रमण हटाने की हुई कार्रवाई

**रांची।** वार्ड संख्या 28, मधुकम, रूगड़ीगढ़ा स्थित नगर निगम द्वारा निर्मित बीएसयूपी आवास परिसर में अवैध रूप से किए गए क जा-अतिक्रमण के विरुद्ध रांची नगर निगम के अपर प्रशासक के निर्देश पर शनिवार को अभियान चलाया गया। रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम एवं जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से क जा किए गए आवासों को खाली कराने की दिशा में कार्रवाई हुई। ज्ञात हो कि पूर्व में अनधिकृत क जाधारियों को निगम द्वारा कई बार नोटिस निर्गत कर आवास खाली करने के लिए निर्देश दिया गया था, लेकिन अनुपालन नहीं किए जाने पर आज यह कार्रवाई की गई। रांची नगर निगम ने स्पष्ट रूप से कहा कि निगम की संपत्तियों पर किसी भी प्रकार के अवैध क जे या अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# संजय सेठ ने 'मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल' के कांके रोड ब्रांच का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** 'मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल' के कांके रोड ब्रांच का उद्घाटन शनिवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। इससे पहले स्कूल की तीन शाखाएं सफलतापूर्वक बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्यरत हैं। इनमें राजधानी रांची की लाइन टैंक रोड (फिरायालाल के पीछे) एवं अशोक नगर (ए-376) तथा रामगढ़ के बिजुलिया स्थित शाखा शामिल है। कांके रोड ब्रांच न्यू लेक एवेन्यू, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के पास स्थित है। ज्ञात हो कि 'मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल' प्री-प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में विगत बारह वर्षों से सराहनीय कार्य कर रहा है। मौके पर 'मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल' की निदेशक विभा सिंह ने कहा कि स्कूल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां बच्चों को उत्कृष्ट प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए हर संभव सुविधा दी गई है। जैसे स्कूल की पहले की तीनों शाखाएं 'क्वालिटी एजुकेशन' एवं 'एक्सीलेंस इन चाइल्ड केयर' को प्राथमिकता देता है, उसी तरह नई शाखा भी संचालित होगी। विभा सिंह ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य बच्चों की प्राथमिक शिक्षा के स्तर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाना है। स्कूल का इंफ्रास्ट्रक्चर बच्चों के सार्वगीण विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। स्कूल में स्विमिंग, डांस, स्टेज परफार्मेंस, पब्लिक स्पीकिंग और एक्टिविटी बेस्ड एजुकेशन के माध्यम से बच्चों के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट पर ध्यान दिया जाता है।

### श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में भव्य भजन-सत्संग

# संत देवचंद्र जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक परमहंस संत डॉ० श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में भव्य भजन-सत्संग, प्रवचन एवं संत देवचंद्र जी महाराज का जन्म दिवस समारोह अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत देवचंद्र जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर गुरुजी सदानंद जी महाराज, शिष्यों, भक्तों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर संत श्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए। दीपों की ज्योति से पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक प्रकाश से आलोकित हो उठा।स्वामी सदानंद जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक प्रवचन में कहा कि संत देवचंद्र जी महाराज ने समाज को सत्य, सेवा और साधना का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि सच्चा दीपोत्सव वही है जो हमारे अंतर्मन में जागरूकता, प्रेम, सद्भाव और आत्मज्ञान का प्रकाश फैलाए। गुरुजी ने यह भी कहा कि दीपावली, भाई दूज और गोपाष्टमी जैसे पर्व केवल बाहरी उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाएं और समाज में सकारात्मक योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। ट्रस्ट के भजन गायकों द्वारा 'प्रभु का नाम ही जीवन का सार है' और 'दीप जले अंतर में' जैसे भक्तिगीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। श्री राज श्यामा कृष्ण जी का अलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा, वहीं दीपों की रोशनी से पूरा स्थल दिव्यता और आध्यात्मिक आभा से जगमगा उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए और गुरुजी के पावन चरणों में नमन कर उनके आशीर्वाद से आत्मिक शांति व प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम के समापन पर स्वामी सदानंद जी महाराज ने सभी को दीपावली, भाई दूज एवं गोपाष्टमी की शुभकामनाएं दीं और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर डूंगरमल अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, निर्मल छावनिका, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, संजय सर्राफ, नवल अग्रवाल, डॉ० एच.पी. नारायण, नंदकिशोर चौधरी, सुरेश अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, सुनील पोद्दार, प्रमोद सारस्वत, अशोक लाठ, पुजारी अरविंद पांडे, विष्णु सोनी, सचिन मोतीका, वेकंठ गाड़ोदिया, विमला जालान, प्रमिला पुरोहित, सुनीता अग्रवाल, कविता गाड़ोदिया, शकुंतला केजरीवाल, सरिता अग्रवाल, सुधा सुल्तानिया, सुमीता लाठ, सीमा बाजोरिया, पूनम अग्रवाल, मनीष सोनी, आनंद अग्रवाल, विद्या देवी अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, शोभा जालान और सविता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि यह आयोजन दीपोत्सव की आध्यात्मिक परंपरा को सुदृढ़ करते हुए समाज में प्रेम, शांति और आध्यात्मिकता का संदेश प्रसारित करने में सफल रहा।

### ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक

# संगठन की मजबूती और चिकित्सकों के प्रशिक्षण पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची स्थित होटल त्रिभुवन में ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए ग्रामीण चिकित्सकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाना, ग्रामीण चिकित्सकों के पंजीकरण को बढ़ावा देना और सरकारी प्रशिक्षण जैसे अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श करना था।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया मेडिकल डायरेक्टर राकेश रंजन मिश्रा और विशिष्ट अतिथि छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव महानंद कुमार, प्रदेश अध्यक्ष खुर्शीद खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष नितेश कुमार पंडित, प्रदेश मीडिया प्रभारी नीलकांत आर्य, रांची जिला अध्यक्ष ब्रजेश शर्मा सहित साहेबगंज, दुमका, गोड्डा, धनबाद, बोकारो और कोडरमा जिलों के जिला एवं प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव महानंद कुमार ने संगठन की मजबूती और एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन अपने सदस्यों के हितों की रक्षा कर सकता है। उन्होंने सभी चिकित्सकों से संगठन की गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। बैठक में संगठन के विस्तार, प्रभाव बढ़ाने की रणनीतियों और प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# 'अन्नपूर्णा स्वादिष्ट' ने सौरव गांगुली को बनाया राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली अन्नपूर्णा स्वादिष्ट लिमिटेड के नए राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर बने हैं। पूर्वी भारत की सबसे तेजी से उभरती एफएमसीजी कंपनियों में से एक 'अन्नपूर्णा स्वादिष्ट' ने एक प्रेस कांफ्रेंस में इस महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। इस मौके पर व्यापारिक साझेदार और कंपनी के शीर्ष अधिकारी उपस्थिति थे। कंपनी के निदेशक श्रीराम बागला ने कहा, सौरव गांगुली वे सब कुछ दर्शाते हैं, जो अन्नपूर्णा के मूल सिद्धांत हैं — नेतृत्व, दृढ़ता और लोगों से गहरा जुड़ाव। जैसे गांगुली बंगाल से निकलकर राष्ट्रीय प्रतीक बने, वैसे ही अन्नपूर्णा भी क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर देशव्यापी पहचान बन रही है। ज्ञात हो कि 'अन्नपूर्णा स्वादिष्ट' का उत्पाद पोर्टफोलियो वेस्टर्न और ट्रेडिशनल स्नैक्स, इंस्टैंट नूडल्स, पोटैटो चिप्स, बेकरी और कन्फेक्शनरी तक फैला हुआ है। कंपनी ने पूर्वी भारत में मजबूत विश्वास हासिल किया है और 850 से ज्यादा वितरकों के नेटवर्क के जरिए 1.5 लाख से अधिक गांवों और कस्बों तक पहुंचती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कंपनी का राजस्व 54 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 407 करोड़ रुपए रहा है।

### आज / कल




# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 900वां खिचड़ी भोग के भंडारे का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




पवित्रतम कार्तिक मास के पहले शनिवार को दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ 900वें खिचड़ी भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। रांची नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वृद्ध भक्तों ने भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के दर्शन किए और भक्ति भाव से साष्टांग प्रणाम किया।भगवान के भव्य मंदिर से संलग्न ब्रह्मारूद्र इन्द्रादि सेवित बलिपीठम् और गरूड़ ध्वज (परम स्थान) के समक्ष भक्तों ने साष्टांग दंडवत करते हुए परिक्रमा की। इस दौरान मंदिर परिसर में "श्रीनिवासा गोविंदा", "श्रीवेंकटेशा गोविंदा", "वेंकट रमना गोविंदा", "भवभय हरणा गोविंदा" जैसे पवित्र मंत्रों और जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। दर्शन के उपरांत भक्तों ने क्रमबद्ध रूप से खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया और दिव्य आनंद एवं आत्मिक तृप्ति प्राप्त की।इस अवसर पर कुल 1400 श्रद्धालुओं ने खिचड़ी महाप्रसाद का सेवन किया। आज का खिचड़ी महाभोग रांची निवासी श्री विकास शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रूचिता शर्मा द्वारा निवेदित किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक आयोजन के दौरान वातावरण में भक्ति, आनंद और कृतज्ञता का भाव व्याप्त रहा। श्रद्धालुओं ने इसे ईश्वर की कृपा और कार्तिक मास की पुण्य बेला में आत्मिक शांति का अद्भुत अवसर बताया।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में भक्तों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

● सीताराम मारू के जन्म शताब्दी दिवस पर 174वें श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्व. सीताराम मारू के जन्म शताब्दी दिवस के अवसर पर शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 174वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। आज 2500 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, रमेश, अर्चना, आदित्य, श्वेता भाला ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। फिर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। इसके बाद खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों को भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया।

कोलकाता निवासी रामावतार भाला एवं गीता देवी भाला ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज के जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया।

श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल उपमा, इडली, चटनी, केसरिया जलेबी, बिस्किट के प्रसाद का वितरण किया गया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी के देखरेख में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था।

श्री श्याम भंडारे में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, रामावतार, गीता देवी, अलका देवी, रमेश, अर्चना, आदित्य, श्वेता भाला, मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, राजेश ढांढनीया, अनुज मोदी, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, संकेत चौधरी, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। ये जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।



# सदैव प्रेरित करेगा लोकनायक का विचार : डॉ. प्रणव कुमार बब्बू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** सामाजिक वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचार, दर्शन, कर्म और व्यक्तित्व हमेशा सभी को प्रेरित करते रहेंगे. डॉ. बब्बू ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण में वैसी अनेक खूबियाँ है जिसके कारण उनका योगदान ही उनके अद्भुत व्यक्तित्व को बताता है. सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच एवं लक्ष्य डिफेंस एकेडमी के द्वारा राजधानी रांची के मोरहाबादी में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर फूल माला अर्पित कर जयंती समारोह का आयोजन किया गया एवं मिठाइयां बांटी गयी. जयंती समारोह में डा. बब्बू ने कहा कि विशेष रूप से युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को लोकनायक से प्रेरणा लेकर निरंतर आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि इसी में उनका हित तो छुपा ही है साथ ही उनके परिवार, समाज और देश की जरूरत भी यही है. इस अवसर पर कर्नल आनंद भूषण ने कहा कि लोकनायक के लिये सबसे पहले देश और समाज था जबकि उनके परिवार की प्राथमिकतायें उसके बाद ही थी. अपने संबोधन में जेपी आंदोलन के सेनानी और महावीर मण्डल के पूर्व अध्यक्ष विजय बर्मन ने कहा कि जयप्रकाश नारायण की कथनी और करनी के बीच कोई अंतर नहीं था. यही बात उन्हें सभी से अलग और विशिष्ट बनाती है.आज जयंती समारोह के दौरान रांची रिवोल्ट जनमंच एवं लक्ष्य डिफेंस एकेडमी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वे लोकनायक के विचारों के अनुरूप उनके बताये मार्ग पर निरंतर चलते रहेंगे. साथ ही विशेष रूप से पर्यावरण एवं समाज के नैतिक मूल्यों और मापदंडों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के प्रति समर्पित रहेंगे. यह भी निर्णय लिया गया कि जमीनी स्तर पर योजनाओं को कार्यान्वित करने के तहत सबसे पहले राजधानी रांची सहित झारखण्ड के मैदानों को बचाने एवं उसके संरक्षण के लिये भी आम जनता को जागरूक किया जाये एवं प्रभावी कार्यक्रम को तैयार कर उसे जमीनी स्तर पर कार्यान्वित किया जाये. इस समारोह में लक्ष्य डिफेंस एकेडमी के अनूप यादव, रोहित महतो, संदीप यादव, राहुल कुमार, निकिता सिंह, मनीषा देवी, सुकान्तो मुखर्जी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे.




## अफीम को लेकर चलाया गया अभियान

**खूंटी।** शनिवार को मुरहू थाना अंतर्गत रूमुतकेल पंचायत के ग्राम जमड़ा में अवैध अफीम की खेती को लेकर पुलिस निरीक्षक खूंटी के साथ सयुंक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं दूसरी ओर शनिवार को रानियां थाना अंतर्गत ताम्बा गाँव में ग्रामीणों को एकत्र कर अफीम से सम्बन्धित खेती के विरुद्ध जागरूक किया गया एवं इस संबंध में अन्य लोगों को भी जागरूक करने के लिए लोगो के बीच पम्पलेट बांटा गया।

## फायरिंग मामले में ठेकेदार पुत्र व साथी को भेजा जेल

**धनबाद।** बरमसिया एफसीआई यार्ड में गुरुवार को हुई फायरिंग के आरोपी ठेकेदार के पुत्र कुणाल सिंह और उसके साथी करणवीर सिंह को जेल भेज दिया गया। इलाज करवा रहे कुणाल और करणवीर को पुलिस ने शुक्रवार को अस्पताल से ही गिरफ्तार कर लिया और एंबुलेंस से दोनों को पहले डीएसपी कार्यालय में लाया गया। वहां सिटी एसपी ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद एंबुलेंस से ही दोनों को जेल भेज दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### बेड़ो के नेहालु पंचायत भवन इंडियन इंस्टीट्यूट आफ एग्रीकल्चर ने 50 लाभुकों को बांटे सूकर



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालु पंचायत भवन में शनिवार को नेहालु और घाघरा पंचायत के पांच क्लस्टर टिकरा टोली, जे जे टोली, पोकल टिकरा, सिझुवा व डुमरदोन के 50 लाभुकों के बीच इंडियन इंस्टीट्यूट आफ एग्रीकल्चर (आईआईएबी) के द्वारा सूकर पालन हेतू सूअर का वितरण किया गया। मौके पर आई आई एबी के अधिकारी सोरेन नास्कर तथा कुमार जय, पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र भगत, टीआरआई के निहरूवा, सुनील भगत, अनिता उरांव, सीमा ख़लखो, अंजली देवी, नमिता देवी समेत सभी पांच क्लस्टर के लाभुक उपस्थित थे।

### बंधु तिर्की ने किया प्रसिद्ध डुकू छठ घाट तालाब का निरीक्षण



**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक डुकू छठ तालाब का सुंदरीकरण किया जाएगा उक्त बातें बेडो.प्रखंड मुख्यालय स्थित डुकू छठ तालाब का निरीक्षण करते हुए शनिवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कही। इस दौरान उन्होंने छठ घाट के साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि तालाब परिसर साफ सुथरा होना चाहिए। ताकि छठव्रतियों को किसी भी तरह से कोई परेशानी न हो। उन्होंने सारी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरूस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह ने कहा कि तालाब के ऊपर से गुजरने वाली 11 हजार तार से हमेशा ख़तरा बनी रहता है।

### बेड़ो में आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा कल

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय के परिसर में सोमवार को आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा आयोजन किया जाएगा। जिसमें आंगनबाड़ी कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों पर विचार विमर्श करेंगे। यह जानकारी आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा बेड़ो के अध्यक्ष उमेरा खातुन व सचिव बसंती देवी ने दी है।

### प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सहित कई पदों पर प्रभारी अधिकारी, लोगों को हो रही परेशानी




**तमाड़।** रांची जिला के तमाड़ प्रखंड मे 23 पंचायत है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग बिभिन्न कार्यों को लेकर प्रखंड कार्यालय आते है। प्रखंड कार्यालय का क्षेत्रफल लगभग 40 किलोमीटर सुदूर जंगली क्षेत्र भी आता है। अधिकारी से मिलने लोग सुबह ही घर से निकलते है लेकिन अधिकतर अधिकारी दूसरी बेला आते है जिसके कारण लोगों को मिलने में काफ़ी दिक्कत होती है, किसी तरह मिल भी लेते हैं तो सुदूर जंगली क्षेत्र के लोगों को घर वापसी में रात हो जाती है। प्रभार में रहने के कारण अधिकारी भी किसी काम को समय पर करने में दिलचस्पी नहीं दिखाते है।ग्रामीण बिभिन्न कार्यों को लेकर प्रखंड मुख्यालय आते हैं, काम होता भी है, नहीं भी, लेकिन किसी भी तरह का शिकायत एवं जानकारी हासिल के लिए अधिकारी से मिलना जरूरी होता है परंतु स्थायी अधिकारी नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को मिलने में काफ़ी दिक्कत होती है। इस संबंध मे आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य, सह, संयोजक प्रभारी तमाड़ के हीरालाल दास ने प्रेस बिज्ञप्ति जारी कर लोगों को हो रही परेशानियों की जानकारी झारखण्ड सरकार एवं उपायुक्त रांची को जानकारी देते हुए जनहित मे संज्ञान लेने का आग्रह किया है साथ ही तमाड़ प्रखंड कार्यालय मे अविलंब स्थायी बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों की पदस्थापन की मांग की है।

### स्कूल में बच्चों ने दिवाली से पूर्व बनाए रंग-बिरंगे दीए



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में दीपावली से पूर्व कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के छात्रों ने अलग-अलग तरह के कलात्मक दिए बनाए।इन दीपकों को बनाने में विद्यालय के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।शिक्षकों ने छात्रों के साथ मिलकर एक नई चीज करने की कोशिश की।कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक मौजूद रहे और कहा की ईश्वर ने सभी में अलग-अलग प्रकार के कौशल और प्रतिभा को देकर पृथ्वी में भेजा है।वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने इस दौरान छात्रों द्वारा बनाए गए दीपक को देखकर उनके हुनर की सराहना की।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक गोविंदर सिंह,नकुल बड़ाइक,जितेंद्र महतो,सुमंत कुमार,राहुल भद्रा,लंकेश्वर,विपुल राय,अंजली कुमारी,प्रतिमा देवी सुषमा सिंह,स्मिता कुमारी,प्रिया दुबे समेत विद्यालय के अन्य कर्मचारियों का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं डेंबुआ के विस्थापित रैयत

**खलारी।** ग्राम डेंबुआ में विस्थापितों रैयत की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुकेश गंझू ने की। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि पुरनाडीह क्वायरी टू खदान वर्ष 2009 में खोला गया था, जिसके लिए कई ग्रामीणों की जमीन ली गई थी। उस समय कुछ लोगों को ही नौकरी दी गई, जबकि कई रैयतों को न तो मुआवजा मिला और न ही पुनर्वास की सुविधा दी गई। ग्रामीणों ने कहा कि आज भी वे अपने अधिकारों से वंचित हैं। गांव में बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे ग्रामीणों का जीवन कठिन बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीसीएल अब उनके जमीन को अपने नाम से म्यूटेशन कराने का प्रयास कर रही है, जिसका वे कड़ा विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि कोयला निकालने के बाद जमीन को पुनः रैयतों को वापस किया जाए।

## सत्संग में जाने से मन पवित्र होता है : भगीरथ दास

**रांची।** हनुमान नगर में महर्षि मेंहीं कल्याण केंद्र की ओर से दो दिनी सत्संग का आयोजन किया गया। महर्षि मेंहीं आश्रम से आए गुरुसेवी भगीरथ दास महाराज ने शनिवार को अपने प्रवचन में कहा कि सत्संग में सत्य मिलता है और संतों की बातें सुनकर मन और वचन पवित्र होते हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी सत्संग हो, मनुष्य को समय निकालकर जरूर जाना चाहिए, क्योंकि सत्संग से ही जीवन का कल्याण संभव है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि ईश्वर का कोई रूप या रंग नहीं होता, लेकिन जो उन्हें सच्चे दिल से याद करते हैं, उनसे उनकी भेंट हो जाती है।उन्होंने यह भी कहा कि मोक्ष के लिए ईश्वर की भक्ति जरूरी है, इसके बिना मनुष्य जन्म सफल नहीं होता। कार्यक्रम में स्वामी निर्मलानंदजी ने भी प्रवचन दिया और स्वामी रामेश्वर बाबा ने मानव शरीर के महत्व पर जानकारी दी तथा भजन गाकर लोगों को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद ने किया। मौके पर सत्संग से जुड़े कई लोग मौजूद थे।

### सैवाल भरे एसीसी छठ तालाब के पानी में छठव्रतियों को देना पड़ेगा अर्घ्य

# 59 लाख खर्च के बावजूद अधूरा रहा एसीसी छठ तालाब का जीर्णोद्धार



**नवीन मेल संवाददाता खलारी**

15 दिन बाद नेम और निष्ठा का पर्व छठ शुरू होने वाला है, लेकिन खलारी के ऐतिहासिक एसीसी छठ तालाब का बहुप्रतीक्षित जीर्णोद्धार अधूरा ही रह गया है। इस वर्ष भी छठव्रतियों को सैवाल और जलीय घास से भरे दूषित तालाब में उतरकर अर्घ्य देना होगा। स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी कि तालाब की सफाई, गहरीकरण और बांध की मरम्मत कर उसे छठ पूजा और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए उपयुक्त बनाया जाए। दो योजनाओं पर कुल 59 लाख रुपए खर्च होने के बावजूद तालाब की मुख्य समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। एक योजना सीसीएल सीएसआर फंड से 20 लाख रुपए की थी, जबकि दूसरी योजना जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से 39 लाख रुपए की थी। डीएमएफटी योजना का नाम था 'एसीसी छठ तालाब का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं मिट्टी हटाकर बांध की मरम्मत कर तालाब का निर्माण'। लेकिन न तो तालाब की मिट्टी हटाई गई और न ही बांध की मरम्मत की गई। केवल नया छठ घाट बनाया गया। बांध की मरम्मत नहीं होने से बरसात में तालाब में पर्याप्त पानी भी जमा नहीं हो सका।

**तत्कालीन एसीसी कंपनी ने बनाया था तालाब**

यह ऐतिहासिक तालाब सोनाडुबी नदी को बांधकर तत्कालीन एसीसी कंपनी द्वारा बनाया गया था, ताकि कारखाने के थर्मल पावर प्लांट के लिए जलस्रोत तैयार किया जा सके। कंपनी के जाने के बाद तालाब की देखभाल बंद हो गई, और समय के साथ इसमें पहाड़ी की मिट्टी भरती गई तथा बांध क्षतिग्रस्त हो गया।

**पूरे प्रकरण की हो स्वतंत्र जांच**

स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए और प्राक्कलन से मुख्य कार्य क्यों हटाए गए, यह स्पष्ट होना चाहिए। साथ ही बचा हुआ कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूरे तालाब की सफाई, गहरीकरण और बांध की मरम्मत की जाए, ताकि आने वाले पर्व-त्योहारों में श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई न हो।

## मजदूरों की समस्याओं को प्रबंधन के समक्ष रखेगा कोल फील्ड मजदूर यूनियन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** रोहिणी परियोजना स्थित तुमांग पंचायत भवन में कोल फील्ड मजदूर यूनियन की एक अहम बैठक हुई। अध्यक्षता श्रीराम उरांव ने की। बैठक में यूनियन के एरिया सचिव विनयसिंह मानकी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में रोहिणी परियोजना में कार्यरत मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान आवश्यक है। निर्णय लिया गया कि सभी मुद्दों को मांग पत्र के माध्यम से प्रबंधन के समक्ष रखा जाएगा। साथ ही संगठन को और सशक्त बनाने तथा रोहिणी क्षेत्र में मजदूर हित में ठोस कदम उठाने पर बल दिया गया। बैठक में यह भी मांग की गई कि हाजिरी घर को स्थानांतरित करने से पूर्व नए हाजिरी घर में बिजली, पानी और बैठने की सुविधा जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यूनियन नेताओं ने कहा कि जब तक ये सुविधाएं बहाल नहीं होतीं, तब तक स्थानांतरण नहीं किया जाना चाहिए। संचालन ध्वजाराम धोबी ने किया। बैठक में प्रधान मुंडा, सोमनाथ मलिक, रामलाल साव, राजेंद्र साव, नंदू मेहता, बीरमल कुमार, रविंदर गंझू, सिद्धू मुंडा, सोनू राम, विशेश्वर बावरी, प्राण मोदी, शिवशंकर राम, एमडी आलम, भूलेश्वर गंझू, राजू घासी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## जय प्रकाश नारायण के विचारों को आम जनता तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : राजीव रंजन

**रांची।** ज्योति पब्लिक स्कूल में झारखंड छात्र परिषद के द्वारा लोक नायक जय प्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पे परिचर्चा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम से पूर्व लोक नायक जय प्रकाश नारायण के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया । परिचर्चा में मुख्य रूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा , लंकेश सिंह एवं गोपाल पारीक उपस्थित थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूष आनंद ने की । परिचर्चा को संबोधित करते हुए श्री राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि भारत के नव निर्माण के लिए छात्रों को पुनः जागृत कर जय प्रकाश नारायण के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन के आंदोलन को लड़ने का आवाहन किया । श्री मिश्रा ने जय प्रकाश नारायण के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचारों को आम जनता तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी । कार्यक्रम में राहुल सिन्हा चंकी , अरविंद जैसवाल , विकास राज ,बंटी पासवान, शंकर कुमार, भीम सिंह, चंदन कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये ।

## बोनस भुगतान की मांग को लेकर 16 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे असंगठित मजदूर

- कमेटी के दिशा-निर्देश के अनुसार मजदूरों को 8.33 प्रतिशत दर से बोनस का भुगतान किया जाना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** बोनस भुगतान की मांग को लेकर असंगठित मजदूरों ने डकरा परियोजना में एक अहम बैठक की। बैठक में बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 15 अक्टूबर तक बोनस का भुगतान नहीं किया गया, तो 16 अक्टूबर से सभी मजदूर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन असंगठित मजदूरों के बोनस भुगतान को लेकर उदासीन रवैया अपनाए हुए है, जिससे मजदूरों में गहरा आक्रोश है। अंसारी ने बताया कि हाई पावर कमेटी के दिशा-निर्देश के अनुसार मजदूरों को 8.33 प्रतिशत दर से बोनस का भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन अब तक एनके एरिया में किसी भी असंगठित मजदूर को बोनस नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यह मजदूरों के साथ खुला अन्याय और शोषण है। मजदूर दिन-रात खदानों में मेहनत करते हैं, फिर भी उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो एनके एरिया की सभी परियोजनाओं में काम पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। बैठक में मौजूद मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि वे अब किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेंगे और अपने अधिकारों की लड़ाई को निर्णायक रूप देंगे। सभी ने संकल्प लिया कि 16 अक्टूबर से एनके एरिया में कामकाज पूरी तरह बंद रहेगा, जब तक कि सभी असंगठित मजदूरों को उनका बोनस नहीं मिल जाता। बैठक में बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

### रांची नगर निगम की ओर से सैकड़ों विद्यार्थियों के बीच फलदार वृक्षों का किया गया वितरण

# योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए : कल्याण मंत्री चमरा लिंडा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित समीक्षा से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक योजना का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। श्री लिंडा शनिवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। कल्याण मंत्री ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में विशेष रूप से प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के लंबित भुगतानों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। कल्याण मंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए केंद्र सरकार से लंबित राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर पहल की जा रही है। इसके अलावा वन अधिकार अधिनियम, धरती आवास ग्राम उत्कर्ष योजना, संविधान अनुच्छेद 275 के अंतर्गत स्वीकृत योजनाएँ, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सरना-मसना स्थल संरक्षण कार्य, छात्रावास और आवासीय विद्यालयों की स्थिति, तथा वाद्य यंत्र वितरण योजना जैसे प्रमुख विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री श्री लिंडा ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह विभाग को प्रस्तुत की जाए ताकि निगरानी और मूल्यांकन की प्रक्रिया मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचे और हर योजना का परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ



**रांची।** शनिवार को रांची नगर निगम रांची के द्वारा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से कांके रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों के बीच 100 फलदार वृक्षों का वितरण किया गया। साथ ही साथ समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्र छात्राओं को संस्था कि ओर से पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई गई । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम कुमार साहू, सौरभ केशरी सहायक अभियंता, स्कूल के पूर्व प्राचार्य ए के रॉय,प्राचार्या मिस स्नेहा रॉय, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया,,रिसमाजसेवी राजीव रंजन, राजकुमार सुपरवाइजर हॉटी कल्चर सेल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### विकसित भारत : युवाओं की भूमिका विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन

# संघ का एकमात्र उद्देश्य समाज को संगठित कर उसे स्वावलंबी बनाना है : सत्यजीत

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** शनिवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन सभागार में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रामगढ़ नगर द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम का विषय विकसित भारत** : युवाओं की भूमिका था। कार्यक्रम में शत्रुध्न प्रसाद जिला संचालक रामगढ़, प्रो (डॉ) शशांक कुलकर्णी कृषि वैज्ञानिक लेखक और प्राध्यापक झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची, सत्यम जी जिला प्रचारक रामगढ़ , राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे। शत्रुध्न प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा युवा राष्ट्र का निर्माता है , संपूर्ण देश का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। मुख्य वक्ता डॉ शशांक कुलकर्णी ने देश के विकास में राष्ट्रीय स्वयं सेवक का महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढी और उनकी उपलब्धियां होती है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी आगंतुक अतिथियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे सत्यम ने कहा कि संघ का एकमात्र उद्देश्य विराट हिन्दू समाज का संगठन करना है और समाज को स्थिर और स्वावलंबी बनाना है। किसी भी समाज के लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है। बिना शिक्षा के बेहतर समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं। अगर समाज शिक्षित रहेगा तो देश आगे की ओर उन्नति करेगा और समाज के हर लोग स्वावलंबी बनेंगे। मौके पर विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष एवं व्याख्यातगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## बरसोत कृषि फॉर्म में चार दिवसीय कृषि प्रशिक्षण का हुआ समापन

**बरकट्ठा।** छोटानागपुर विकास मंच हजारीबाग के तत्वावधान में बरही के बरसोत स्थित कृषि फॉर्म में संचालित समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला में आयोजित चार दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न गांव के महिला और पुरुष किसानों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ ने कृषि संबंधित जानकारी दी। संस्था सचिव नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि समेकित विरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना के तहत ग्रामों को कृषि में समृद्ध बनाना है। उन्होंने बताया कि कृषि फार्म में कृषि और रोजगारपरक यूनिटों को फॉर्म में लगाया गया है। इसे देखकर किसान सीखने का प्रयास करेंगे और अपने-अपने ग्रामों में नई तकनीक को अपना कर आधुनिक खेती के लिए अग्रसर होंगे। प्रशिक्षण में संस्था के अध्यक्ष इंद्रानारायण कुशवाहा ने किसानों को बताया कि किसान कृषि की ओर रुझान बढ़ाना जरुरी है। खेती के अलावा पशुपालन को भी शामिल करने पर किसानों कि आय में बढ़ोतरी कि जा सकती है। कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी बताया कि कृषि के साथ मधुमक्खी पालन करने पर किसान अपनी आय दुगुना कर सकते हैं। प्रोग्राम मैनेजर ऋषिकांत सागर द्वारा कृषि पशुपालन एवं मतस्य सम्बंधित सभी विषयों पर उत्पादन के विधियों एवं मार्केटिंग के बारे में बताया।

## न्यूज बॉक्स

### 14 गौवंशीय पशुओं से लदा डीसीएम वाहन जब्त, चालक फरार



**बरही।** अहले सुबह शनिवार को जीटी रोड स्थित बिलौतिया मोड़ के समीप पुलिस ने 14 गौवंशीय लदा एक डीसीएम वाहन संख्या जेएच 10 सीएक्स 6599 को जब्त किया है. उक्त वाहन 12 गायें और 2 बछड़े लादकर धनबाद की ओर जा रहा था. इसी क्रम में पुलिस को गश्ती टीम में शामिल उप निरीक्षक रंजीत भगत को उक्त वाहन के जाने की सूचना मिली. जिसके आधार पर बिलौतिया मोड़ के पास वाहन जांच लगाया गया. इसी क्रम में सुबह लगभग 4:30 बजे जब उक्त वाहन पहुंची. जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया. परंतु पुलिस को देखकर चालक वाहन रोककर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया. पुलिस टीम ने मौके पर वाहन की तलाशी ली, जिसमें गौवंशीय पशुओं को अत्यंत क्रूरता पूर्वक ठूंसकर लादा गया था. जिसे जब्त करते हुए थाना लाया गया. थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने बताया कि फरार वाहन चालक की तलाश जारी है पूरे मामले की जांच की जा रही है. मामले के संबध में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है.

### झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का स्थल अध्ययन दौरा



**हजारीबाग।** शनिवार को विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने हजारीबाग में विभिन्न सरकारी उपक्रमों और विभागों की कार्यप्रणाली एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में समिति ने उपक्रमों के प्रभावी संचालन, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता पर बल दिया। समिति के सभापति निरल पूरती (विधायक, मझगांव) के नेतृत्व में अमित यादव, संजीव सरदार, राजेश कच्छप और जगत मांझी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों व विभागीय पदाधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

### 18 अक्टूबर को होगा बरही बार एसोसिएशन का चुनाव, 13 को नामांकन की अंतिम तिथि



**बरही ।** झारखंड बार कौंसिल ऑफ़ रांची के निर्देशानुसार बरही बार एसोसिएशन का चुनाव 18 अक्टूबर को होना निश्चित हुआ है. प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाव की प्रक्रिया बीते 8 अक्टूबर को मतदाता सूची प्रकाशन के साथ हीं नहीं प्रारंभ हो चुका हैं. 10 से 13 अक्तूबर तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी. 14 अक्तूबर को स्क्रूटनी के बाद सभी उम्मीदवारों की पहली सूची प्रकाशित की जायेगी. 15 अक्तूबर को नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है. 16 अक्तूबर को अंतिम रूप से उम्मीदवारों की सूची जारी की जायेगी. 18 अक्तूबर को पुलिस व रांची बार एसोसिएशन के निगरानी में चुनाव संपन्न होंगे. उक्त जानकारी निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता सौरभ सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि दो वर्ष के बाद चुनाव निर्धारित होते है. जो पूर्ण हो चुका था. शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए अधिवक्ता श्री सिन्हा के अलावा अधिवक्ता सत्य शरण प्रसाद को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है।

### 360 किग्रा अफीम के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज



**बरही ।** शनिवार को बरही पुलिस ने एक व्यक्ति को अफीम तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है. उक्त जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने प्रेस वार्ता में दी. इंस्पेक्टर के अनुसार शनिवार को करीब सवा ग्यारह बजे एक अफीम तस्कर का चौपारण की ओर से बरही आने की सूचना मिली. वरीय अधिकारी को इसकी जानकारी देते हुए पुलिस ने विशेष छापेमारी दल गठित कर रसोईया धमना के पास जांच प्रारंभ कर दिया. इसी क्रम में जीटी रोड रसोईयाधमना के समीप ग्राम गंगाआहर पोस्ट पांडेयाबरा थाना चौपारण निवासी राजकुमार सिंह पिता कारू सिंह से भी पूछताछ की गई. इस दौरान एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को उक्त व्यक्ति के दाएं हाथ में एक पीले रंग का थैला मिला. जिसमे अफीम जैसा पदार्थ देखने को मिला. जिसका वजन 360 किग्रा था. इस संबंध में उसे व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार के कागजात नही थे. जिसे जब्त कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया. साथ ही एनडीपीएस एक्ट के तहत उक्त व्यक्ति और उसके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. छापेमारी दल में पुअनि रूपलाल यादव, मृत्युंजय कुमार सिंह, सहायक आरक्षी सुरेश कुमार, गणेश रवानी और दिनेश भारद्वाज शामिल थे.

### खेत घूमने गए बुजुर्ग पर भौंरों ने किया हमला

**इचाक।** प्रखंड के खुटरा गांव निवासी बद्री महतो 65 वर्ष के ऊपर भौरों ने हमला कर दिया। वह शनिवार दोपहर में सिंघानी खेत में लगे धान देखने गए थे। जैसे ही वे मेड पर पहुंचे की झाड़ियां से अचानक भौरों के झुंड निकाल कर उनके ऊपर धावा बोल दिया। भौरों के हमले से घबराए बद्री महतो के चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और कपड़े ढक कर उन्हें बचाया। भौरों ने उनके चेहरे और शरीर के खुले हिस्से पर गंभीर डंक मारा है जिससे उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर बद्री के परिजनों ने उन्हें सामुदायिक अस्पताल इचाक में ले जाकर इलाज कराया चिकित्सकों के अनुसार बद्री की हालत सामान्य बताई जा रही है। पूर्व उप मुखिया सुनील तलवार ने बताया कि चार माह पहले सिंघानी खेत के पास भौरों के हमले से गांव की चार महिलाएं घायल हुई थी । महिलाएं सिंघानी खेत की ओर घास लाने गई थी।

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, उपायुक्त ने किया निरीक्षण





- उपायुक्त ने स्टॉल के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राष्ट्रीय पोषण माह दिनांक 17 सतम्बर से 16 अक्टूबर तक मनाया बनाया जा रहा है जिसका लक्ष्य कुपोषण मुक्त झारखंड का निर्माण करना है। इस संबंध में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को टाउन हॉल रामगढ़ में पोषण प्रदर्शनी, पोषण रंगोली सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । मौके पर उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने पोषण प्रदर्शनी का निरीक्षण किया एवं आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने स्टॉल के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने टाउन हॉल रामगढ़ से गुब्बारों को हवा में छोड़ते हुए पोषण जागरूकता का संदेश दिया।

### सीपीआर व फर्स्ट एड प्रशिक्षण के तहत उपायुक्त ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

- आप सभी आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक सहायता प्रदान करके अनगिनत जीवन बचाने में सक्षम होंगे। मैं आशा करता हूं कि आप इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेंगे

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण के तहत शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि हज़ारीबाग, विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर समूह के लोगों, अधिवक्ताओं, आंगनबाड़ी सेविका, जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने टाउन हॉल रामगढ़ में उपस्थित सभी को सीपीआर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया। उपायुक्त ने प्रशिक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी के साथ साझा की। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं, विशेष रूप से चिकित्सा उपचार के क्षेत्र में यह पहल न केवल हमारी आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समाज में जागरूक, सशक्त और संवेदनशील नागरिकों के निर्माण का भी प्रतीक है। प्राकृतिक या मानव-जनित आपदायें अप्रत्याशित होती है, परन्तु यदि हमारे पास प्रशिक्षित लोग हो, तो हम किसी भी संकट का सामना अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते है। आप सभी आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक सहायता प्रदान करके अनगिनत जीवन बचाने में सक्षम होंगे। मैं आशा करता हूं कि आप इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेंगे, ज्ञान और कौशल को आत्मसात करेंगे और भविष्य में जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सभी को आकस्मिक परिस्थितियों में किए जाने वाले कार्य जो प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही है उन्हें अच्छी तरह सुनने व समझने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की दुविधा को प्रशिक्षण के दौरान नहीं दूर कर लेने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं ऑडियो विजुअल कंटेंट के माध्यम से सभी को सीपीआर, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों को प्रैक्टिकल भी कराया गया।

### प्रधानमंत्री धन्य धान्य कृषि योजना के शुभारंभ पर विशेष कार्यक्रम

# जिले के 233 किसानों ने लिया हिस्सा



- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से देश के किसानों की आय में वृद्धि, कृषि संरचना को सुदृढ़ करना है

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के शुभारंभ के मौके पर आईसीएआर गौरिया करमा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय विज्ञान परिसर नई दिल्ली में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम व पीएम मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा. इस अवसर पर हजारीबाग जिले से 233 किसानों को आमंत्रित किया गया था. कार्यक्रम संस्थान के ओएसडी डॉ विशाल नाथ पांडेय की निगरानी में आयोजित की गई. जिसमें मुख्य रूप से संस्था के परिसर प्रभारी डॉ. एस. के. महांता, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. पंकज सिन्हा, डॉ. कृष्णा प्रकाश आदि सहित गौरिया करमा की मुखिया, केदारूत पंसस आदि शामिल हुए. डॉ पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से देश के किसानों की आय में वृद्धि, कृषि संरचना को सुदृढ़ करना व दलहन, तिलहन आदि प्रमुख फसलों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है. डॉ. महांता ने कहा कि पीएम डीडीकेवाई ग्रामीण समृद्धि को गति देने और समावेशी कृषि विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. इस अवसर पर एकीकृत कृषि प्रणाली पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें बरही व बरकट्ठा प्रखंडों के 50 किसान भाग लिए. कार्यक्रम सफल बनाने में संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और किसानों की सक्रिय भागीदारी रही. प्रशिक्षण का समन्वय संस्थान ने वैज्ञानिक डॉ. आशा कुमारी ने किया.

## चौपारण में दो प्रखंड बनाने की मांग

**चौपारण।** हजारीबाग जिले के सबसे बड़े प्रखण्ड चौपारण को अब फिर से दो भागों में बांटने की मांगें तेज होने लगी है। 26 पंचायत वाले इस बड़े प्रखण्ड के कारण ग्रामीण स्तर पर सरकारी योजनाओं की पहुंच और प्रखण्ड मुख्यालय की दूरी ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन जाती है। इसी समस्या के निवारण के लिए बसरिया और सेलहारा दोनों ने अपने-अपने दावों के बीच प्रखण्ड निर्माण संघर्ष समिति बनाकर अपनी मांगों को आवाज़ देनी शुरू कर दी है। दोनों पक्ष बसरिया, सेलहारा, भगहर, रामपुर, डेबो, सिंघरावां, बच्छई, ब्रहमोरिया, जगदीशपुर, पाण्डेयबारा, गोविंदपुर, बेलाही पंचायतों को अपने प्रस्तावित नए प्रखण्ड में शामिल करने का दावा कर रहे हैं। हालांकि, कई पंचायत प्रतिनिधिगण न तो सेलहारा के पक्ष में हैं और न ही बसरिया के पक्ष में। फिलहाल बसरिया और सेलहारा की संघर्ष समितियाँ अपनी मांगों को आंदोलन में बदलने की बात कर रही हैं।

प्रखण्ड निर्माण संघर्ष समिति, सेलहारा के सक्रिय सदस्य सह मुखिया प्रवीण सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सपना था कि चौपारण को विभाजित कर सेलहारा को प्रखण्ड बनाया जाए।

### कांग्रेस के कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

## केंद्र की वोट चोरी को लेकर कांग्रेस चला रही है हस्ताक्षर अभियान : पटेल



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** कांग्रेस के पूर्व बरही विस प्रत्याशी अरुण साहू की अगुवाई व प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में बरही में कांग्रेस का वोट चोर - गद्दी छोड़ सह हस्ताक्षर अभियान ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्यातिथि कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल शामिल हुए. जिनका बरही के कांग्रेसियों ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी को वोट चोरी कर चुनाव जिताने का कार्य कर रही है. महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान जैसे राज्यों में वोट चोरी कर बीजेपी की सरकार बनी है. लोक सभा चुनाव में भी चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी कर केंद्र की सरकार बनी है. जिसका प्रमाण उनके राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने पूरे देश की जनता को दे चुके हैं. उन्होंने यह भी कहा की केंद्र के इशारे पर बिहार में 65 लाख दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का नाम मतदाता सूची से हटाया गया. पूर्व प्रत्याशी श्री साहू ने कहा कि बीजेपी के इस वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस जन जन तक हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को बताने का काम कर रही है. मौके पर दोनो नेताओं ने हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ कर अभियान फॉर्म को उपस्थित पंचायत अध्यक्षों तथा बूथ अध्यक्षों के बीच वितरण किया. इसके साथ हीं संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत पदाधिकारियों के बीच प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए. कार्यक्रम में डॉ निजामुद्दीन अंसारी जिला उपाध्यक्ष, दीपक गुप्ता जिला अध्यक्ष ओबीसी, बबलु साहू, सुनील साहू , गौतम मेहता प्रखंड अध्यक्ष पदमा ,प्रखंड अध्यक्ष, मीनू खान फिरोज आलम, प्रकाश रविदास, सहित सैकड़ों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### हॉलीक्रॉस स्कूल बना फुटबॉल टूर्नामेंट विजेता

**हजारीबाग।** सहोदया स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता हॉलीक्रॉस स्कूल बना। संत जेवियर्स स्कूल मैदान में खेले गये टूर्नामेंट का फाइनल मैच संत जेवियर और हॉलीक्रॉस के बीच शुक्रवार को हुआ। हॉलीक्रॉस स्कूल हजारीबाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संत जेवियर्स स्कूल को 5-0 से पराजीत कर चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। खेल समाप्ति के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य फ़ादर रौसनर खलखो एसजे ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण है।

**पुलिस कर रही जांच** | भदानीनगर क्षेत्र में महिला का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

# घटना से आक्रोशित लोगों ने रामगढ़-रांची हाइवे को किया जाम

- सीसीटीवी फुटेज से खुलेंगे राज
- पति ने ओपी में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार, पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को क जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़ ।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के फोरलेन स्थित मदन कुट्टी दुकान के समीप शनिवार की सुबह एक महिला का शव मिला । जिसकी जानकारी भदानीनगर पुलिस को दी गई। सूचना के बाद भदानीनगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। मृतका की पहचान कौआबेड़ा निवासी सुबोध गाड़ी की पत्नी अंजली गाड़ी 36 वर्ष के रूप में हुई। घटना से आक्रोशित परिजनों व स्थानीय लोगों ने ओपी के समीप रामगढ़-रांची हाइवे को जाम कर दिया है। आक्रोशित लोगों ने जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे। ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली के काफी समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम हटा। इसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो गया। जानकारी के अनुसार महिला सत्संग सुनने रामगढ़ गई हुई थी। घर वापस आने के दौरान यह घटना घटी है। कुट्टी दुकान के सीसीटीवी कैमरे में महिला को सुनसान जगह पर खड़ा देखकर एक ट्रक ड्राइवर एवं खलासी गाड़ी रोककर महिला से बातचीत करते देखा गया। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस हर बिंदु पर जांच-पड़ताल कर रही है। साथ ही ट्रक ड्राइवर व खलासी की भी खोजबीन शुरू कर दी है। मेटका अंजली गाड़ी के पति सुबोध गाड़ी ने ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। मामले पर ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली ने कहा की पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगा।

### सिमडेगा की बेटियों ने खेलों में बनाया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाम

# जिले का नाम रोशन करने वाली बालिकाओं को डीसी ने किया सम्मानित

**हॉकी और फुटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम किया गौरवमयी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व बालिका दिवस के अवसर पर जिले का नाम रोशन करने वाली सभी बालिकाओं सहित जिले के तमाम संघर्षशील बालिकाओं को उपायुक्त कंचन सिंह जिला प्रशासन की ओर से बधाई और शुभकामनाएं । जिन्होंने विषम परिस्थिति में भी अपने मुकाम को हासिल किया है। उनमें भारतीय फुटबॉल टीम अंडर -17 में जगह बनाने वाली बानो के लोवसुकरा गांव की विनीता होरो जो एशिया कप क्वालीफ़ायर किर्गिस्तान में चल रहे मैच में भाग ले रही हैं।वह वर्तमान में गुमला के आवासीय प्रशिक्षण केंद्र ,गुमला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उसी प्रकार सिमडेगा आज बालिकाओं के दम पर हॉकी का नर्सरी कहा जाता है।जिसमें सिमडेगा की बेटी सलीमा टेटे ने भारतीय महिला हॉकी टीम के कप्तान के रूप में देश,राज्य और सिमडेगा का नाम रोशन की तथा साथ में ब्यूटी डुंगडुंग,संगीता कुमारी, रजनी टोप्पो,सुषमा कुमारी के अलावे,से सुमराय टेटे पूर्व कप्तान अंसुता लकड़ा,अलका डुंगडुंग, कांति बा:, एडलिन केरकेट्टा, मसीरा सुरीन, प्रीति सुनिला किड़ो, अनिता शोषण बेक, मरीता तिर्की, पुष्पा प्रधान, एनोसेंट कुल्लू, अनिमा सोरेंग, प्रिया डुंगडुंग, अंशु लकड़ा, रजनी सोरेंग, संगीता कुमारी, रोपनी कुमारी, दिपीका सोरेंग, दिप्ती कुल्लू, विभा केरकेट्टा, सीमा कुमारी, अल्फा केरकेट्टा, अलबिना तिर्की, मकसीमा एक्का, सुशीला लकड़ा, पिंकी एक्का, रंजीता मिंज, सुशीला मिंज, आशा बा:, बसंती जोजो, अस्त्रिता लकड़ा, लोलेंती मिंज जैसे अनेको बेटियों ने सिमडेगा का नाम हॉकी की दुनिया मे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल कर सिमडेगा का नाम रोशन किया है । पुनः इन तमाम सिमडेगा की बेटियों को बालिका दिवस पर बहुत -बहुत बधाई और अनन्त शुभकामनाएं।




## कोलेबिरा की जर्जर सड़कें बनी आम जनता के लिए परेशानी का कारण



**कोलेबिरा।** सिमडेगा की मुख्य सड़कों की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर और उड़ती धूल ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। सड़क से उठती धूल ने दुकानों और घरों के अंदर तक मोटी परत जमा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन में सफाई करने के कुछ ही घंटों बाद सब कुछ धूल से ढक जाता है।कोलेबिरा वन विभाग चेक नाका से छगरी बंधा तक सड़कें पूरी तरह जर्जर हैं। वाहन गुजरते ही धूल का बादल फैल जाता है, जिससे राहगीरों को अपनी आंखें और मुंह ढंकना पड़ता है। दुकानदारों का कहना है कि दिनभर सफाई करने के बावजूद सामान पर लगातार धूल जम जाती है। घरों में भी दीवारें, फर्नीचर और बर्तन धूल से भरे रहते हैं। इसके कारण बच्चों और बुजुर्गों में खांसी, सांस की तकलीफ और एलर्जी बढ़ गई है।स्थानीय लोग प्रशासन से सड़क की मरम्मत और डामरीकरण की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह सिर्फ सड़क की समस्या नहीं, बल्कि जन स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुका है।

## प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना एवं दलहन मिशन योजना का शुभारंभ

**सिमडेगा में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना एवं दलहन मिशन योजना का शुभारंभ शनिवार को पूसा, नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सिमडेगा जिले में जिला कृषि कार्यालय एवं सभी प्रखंडों में ऑनलाइन प्रसारण के माध्यम से समानांतर कार्यक्रम आयोजित हुए।कार्यक्रम का उद्देश्य कम उत्पादकता वाले जिलों में कृषि उत्पादन बढ़ाना, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देना, सिंचाई और भंडारण की सुविधा में सुधार करना तथा किसानों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराना है। योजना के प्रथम चरण में देश के 100 जिलों को शामिल किया गया है, जिनमें झारखंड के सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिले भी चयनित हैं।नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सिमडेगा की प्रतिनिधि टीम शामिल हुई, जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी माधुरी टोप्पो, कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक नीना भारती, एपीओ के किसान और एक जैविक किसान सम्मिलित थे।जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी और संयुक्त मत्स्य निदेशक अमरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों से दलहनी फसलों एवं जैविक खेती को अपनाने का आग्रह किया। उप परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार सिंह ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जबकि जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो ने मत्स्य विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराया।



## प्रदेश नेतृत्व से मिलीं विधायक संगठन सशक्तीकरण पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला महिला कांग्रेस कमेटी की नव नियुक्त अध्यक्ष सह ज़िला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने राँची में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव कमलेश महतो और पुनः नव नियुक्त प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह से भेंट की। इस दौरान जोसिमा खाखा ने गुंजन सिंह को पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो और गुंजन सिंह ने भी जोसिमा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में सिमडेगा जिले में महिला कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ सक्रिय होगी। बैठक के दौरान प्रदेश नेतृत्व ने संगठन को मज़बूत करने, बूथ स्तर तक महिला कांग्रेस की पहुँच बढ़ाने और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की आवाज़ को मज़बूती से उठाने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं दिल से आभार व्यक्त करती हूँ। मेरा लक्ष्य सिमडेगा जिले की हर महिला तक कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं को पहुँचाना है। हम संगठित होकर महिलाओं की समस्याओं के समाधान और उनकी सशक्त भूमिका के लिए सतत संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जिले के सभी प्रखंडों में महिला कांग्रेस की बैठकें आयोजित कर संगठन को नई दिशा देने का कार्य किया जाएगा।




## वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

**नवीन मेव संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान के तहत शनिवार को ठेठईटांगर प्रखंड में बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम की अध्यक्षता में विवाह मंडप परिसर में हुई, जिसमें प्रखंड पर्यवेक्षक शमी आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड पर्यवेक्षक शमी आलम ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में चलाए जा रहे इस अभियान को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लोकतंत्र की भावना को आहत किया है और जनता के वोट की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस का जनआंदोलन है।प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम ने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से मतदाता सूची में फर्जी वोट जोड़े जा रहे हैं और असली वोट हटवाए जा रहे हैं। यह न केवल सत्ता की लूट है बल्कि जनता के संवैधानिक अधिकारों का भी अपमान है। कांग्रेस का उद्देश्य गांव-गांव जाकर इस साजिश को उजागर करना और जनता को जागरूक करना है।बैठक में सभी मंडल और पंचायतों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई। इनमें पश्चिमी मंडल के लिए फ्रांसिस बिलुंग, पूर्वी मंडल के लिए जेरोम मिंज, तथा विभिन्न पंचायतों के लिए आसित केरकेट्टा, मोहम्मद वाहिद, जेम्स कांडुलना, जॉर्जिना समद, बीरबल बड़ाइक, रंजीत पौल केरकेट्टा, मिरास डुंगडुंग, सफीक अंसारी, इसहाक डुंगडुंग, पीटर लकड़ा, लॉरेनतुस बागे, ज्योतिष टेटे, जेरोम टेटे, अनिल लकड़ा और नामजन बूढ़ को जिम्मेदारी सौंपी गई।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जॉन, सांसद प्रतिनिधि फ्रांसिस बिलुंग, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, लोरेंग डुंगडुंग, अतुल बारला, बेनेदिक लकड़ा, वाल्टर लुगुन, रेने टेटे, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद, कय्यूम आलम, सफीक अंसारी, निशार अंसारी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- **लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनजागरण अभियान को सफल बनाने का लिया गया संकल्प**

## बानो : प्राथमिक विद्यालय की छत गिरने से हड़कंप, कोई हताहत नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के गेनमेर पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय उन्नीकेल का भवन बुधवार रात को गिर गया। हालांकि किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन विद्यालय के डेस्क-बेंच क्षतिग्रस्त हो गए। विद्यालय के प्राचार्य राम सिंब ने बताया कि भवन पहले से जर्जर था और पिछले तीन महीनों से लगातार हो रही बारिश ने छत को और कमजोर कर दिया था।विद्यालय में दो कमरे हैं, जिनमें से एक पहले से जर्जर था। हादसे के बाद यह कमरा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दूसरे कमरे की स्थिति भी गंभीर है, जिससे बच्चों को पढ़ाने में डर लगता है। विद्यालय में लगभग 30-40 बच्चे पढ़ते हैं और दो सहायक शिक्षक पदस्थापित हैं।प्रखंड में लगभग दर्जनभर स्कूल भवन जर्जर स्थिति में हैं। भिखराटोली, खिजुरबहार, कोनाप, विर्जामार्चा, सिकरोम सहित कई विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा के लिए सावधानी बरती जा रही है। सिकरोम में बच्चों को दूसरे घरों में पढ़ाया जाता है और खिजुरबहार में एक कमरा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।बीआरसी बालगोविंद पटेल ने बताया कि जर्जर स्कूलों की सूची जिला प्रशासन को भेजी गई है और मरम्मत के लिए पहल की जा रही है।



### कोलेबिरा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोलेबिरा।** प्रखंड के नवाटोली पंचायत स्थित नवाटोली गांव में 18 वर्षीय प्रकाश डुंगडुंग ने शनिवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के अनुसार, प्रकाश सुबह लगभग 11:00 बजे घर में अकेला था। उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी।जब परिजन घर पहुंचे और काफी आवाज देने के बावजूद कोई उत्तर नहीं पाया, तो उन्होंने दीवार के छेद से कमरे में झांककर देखा। उस समय उन्हें प्रकाश फंदे पर झूलता हुआ दिखाई दिया। तत्पश्चात परिवार ने तुरंत इस घटना की जानकारी कोलेबिरा थाना को दी।सूचना मिलते ही कोलेबिरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

## कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर दिवसीय सेमिनार आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड स्थित बानो डिग्री कॉलेज एवं इंटर कॉलेज में एलिस शैक्षणिक संस्थान और आइसेक्ट विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एलिस शैक्षणिक संस्थान के निदेशक बिमल कुमार, आइसेक्ट विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल महतो, एक्जीक्यूटिव मैनेजर तौहीद आलम, कोऑर्डिनेटर आर्यन सिन्हा, काउंसलर सुष्मिता सिंह, उत्तम गुड़िया एवं इंटर कॉलेज के प्राचार्य आनंद सर उपस्थित रहे।सेमिनार में तौहीद आलम ने छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के मूल सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये तकनीकें मशीनों को सीखने और स्वयं को सुधारने में सक्षम बनाती हैं। साथ ही उन्होंने चैट जीपीटी जैसे एआई टूल के उपयोग और महत्व पर भी प्रकाश डाला, जो विभिन्न प्रकार की जानकारी, लेखन और संवाद में सहायक है।तौहीद आलम ने छात्रों को कौशल विकास कोर्स के बारे में भी बताया और कहा कि उन्हें अपने हुनर को पहचानकर डिजिटल युग की मांग के अनुरूप खुद को तैयार करना चाहिए।




**जनता की शिकायत** गुलज़ार गली पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा, सुनी मुहल्ले की गंभीर समस्या

# सड़क, नाली और जल निकासी सुधार हेतु निर्देश

- **पुलिया चौड़ी करने और नाली की मरम्मत के निर्देश दिए गए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा शनिवार की सुबह शहर के गुलज़ार गली पहुंचे। जहाँ उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को सुना। भ्रमण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, जल निकासी और सड़क की दुर्दशा को लेकर लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लिया और नगर प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने विधायक को बताया कि मुहल्ले में बनी नाली का स्लैब पूरी तरह से टूट चुकी है। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। साथ ही नाली जाम हो जाने से बरसात के समय पानी सड़क में बहता है। वहीं सड़क पर बनी पुलिया छोटी होने से कई बार जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लोगों ने मांग की कि पुलिया को चौड़ा किया जाए ताकि आवागमन में आसानी हो सके और जलजमाव की समस्या समाप्त हो। मुहल्ले के लोगों ने विधायक से इंदौर स्टेडियम के पीछे बने गोदाम के पास बीच में बने सार्वजनिक शौचालय को हटाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि यह स्थान असुविधाजनक है और आम लोगों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने नगर प्रशासक को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए इस शौचालय को हटाया जाए। वहीं बड़े आकार का पुलिया निर्माण कराने एवं नाली का मरम्मत कराने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि जनता की तकलीफ़ को अनदेखा नहीं किया जा सकता। नगर परिषद को जनता की सुविधा सर्वोपरि रखनी होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि गुलज़ार गली सहित सिमडेगा शहर के सभी वार्डों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कार्य योजना जल्द तैयार की जाएगी।



**शहर के बाहर शिफ्ट करने का दिया निर्देश**

इसके अलावा स्थानीय लोगों ने साप्ताहिक बाजार के पास बने कचरा डंपिंग यार्ड को लेकर भी नाराज़गी जताई। लोगों ने बताया कि शहर के बीचो बीच डंपिंग यार्ड बना देने से दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। इस पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कचरा निपटान की यह व्यवस्था बिल्कुल असंवेदनशील है। एक ओर स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर लाखो खर्च किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बीच शहर में कचरा डंपिंग यार्ड बनाया जाना घोर लापरवाही है। नगर प्रशासन को चाहिए कि डंपिंग यार्ड को शहर से बाहर उचित स्थान पर शिफ्ट किया जाए।

## न्यूज बॉक्स

### कोलेबिरा में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायलगहड़ा नाला के पास हुआ हादसा

**कोलेबिरा।** शनिवार को कोलेबिरा थाना क्षेत्र के गहड़ा नाला के समीप एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें ट्रक चालक घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार ट्रक नवादा से कुटी लेकर सिमडेगा की ओर जा रही थी। जैसे ही ट्रक गहड़ा नाला के पास पहुंचा, चालक सह ट्रक मालिक रंजीत कुमार, निवासी नवादा, वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जोरदार टकरा गई और पलट गई।दुर्घटना के बाद चालक ट्रक के भीतर फंस गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला और तत्पश्चात एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के समय सड़क पर ट्रैफिक कम था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक को सड़क से हटवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चालक की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

### कोलेबिरा में युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के जुरकेला बंडाटोली निवासी भीखम चिक बड़ाइक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह भीखम अपने घर से निकले और घर से कुछ दूरी पर स्थित करंट के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ समय बाद ग्रामीणों की नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल परिजनों को सूचना दी।परिजनों द्वारा घटना की जानकारी कोलेबिरा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और शव को पेड़ से नीचे उतारकर पंचनामा तैयार करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया।घटना के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वृद्धजनों के लिए सिमडेगा वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आदेश एवं दिशा-निर्देश के तहत समाज के वंचित और जरुरतमंद वर्गों की सहायता हेतु एक सराहनीय पहल करते हुए वृद्धा आश्रम में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन सदर अस्पताल की अनुभवी चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. मनोज प्रताप डुंगडुंग, डॉ.अनुग्रह तिर्की तथा नर्स चैताली मंडल द्वारा वृद्ध आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। विशेष रूप से ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच की गई। जांच के पश्चात आवश्यकतानुसार दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं।स्वास्थ्य शिविर के संचालन में पारा लीगल वॉलंटियर दीपक कुमार एवं वृद्धा आश्रम की इंचार्ज अनीता मिंज ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं मरीजों की सूचीबद्ध जांच सुनिश्चित करने में सहयोग किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि प्राधिकार द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

### बानोः साहुबेड़ा में ईंद मेला और नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन

**बानो।** प्रखंड के साहुबेड़ा में 12 अक्टूबर 2025, रविवार रात को ईंद मेला के अवसर पर नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह विधायक सुदीप गुड़िया के करकमलों द्वारा किया जाएगा।विशिष्ट अतिथि के रूप में साहुबेड़ा पंचायत की मुखिया सुसाना जड़िया कार्यक्रम में सहयोग करेंगी। इस मौके पर साहुबेड़ा पंचायत के ग्राम सभा अध्यक्ष सोहरू सिंह, समिति अध्यक्ष कामिल डांग, उपाध्यक्ष अनुप सिंह, सचिव कलेश्वर मोदी, उपसचिव राजेश साहु, धीरज सिंह, राजू प्रधान, तुरतन गुड़िया सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहेंगे।संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों को पारंपरिक और मनोरंजन का अवसर मिलेगा। आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन भी सजग रहेगा। ईंद मेला के इस सांस्कृतिक आयोजन में आसपास के ग्रामीणों के अलावा अन्य आगंतुक भी भाग लेंगे।

### सांप के काटने से दो युवक घायल समय पर इलाज से बची जान

**बानो।** प्रखंड में दो अलग-अलग स्थानों पर करैत साँप के काटने से दो युवक घायल हो गए। दोनों को समय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया, जहाँ त्वरित इलाज से उनकी स्थिति में सुधार हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार, पहला मामला पबुड़ा गांव का है, जहाँ सामुएल सुरीन अपनी बहन के घर मेहमान बनकर आया था। रात लगभग 7 बजे घर के बाहर टहलते समय अंधेरे में वह साँप को नहीं देख पाया और करैत ने उसके पैर में काट लिया। परिवार के लोगों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुँचाया।दूसरी घटना लचरागढ़ गांव की है। यहाँ कमल साहू घर में बैठे थे, तभी उनके हाथ के पास एक करैत सांप दब गया और उसने काट लिया। उन्हें भी तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि दोनों मरीजों को समय पर इलाज मिलने से स्थिति नियंत्रण में है और स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

### सांसद प्रतिनिधि अजीत कुंडलना ने आगामी सत्र हेतु भेजा महत्वपूर्ण पत्र

**बानो।** सांसद कालीचरण मुंडा द्वारा आगामी संसदीय सत्र के लिए क्षेत्र से संबंधित सुझाव एवं रिपोर्ट मांगे जाने के बाद, सांसद प्रतिनिधि सह बानो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजीत कुंडलना ने एक विस्तृत पत्र प्रेषित किया है।अपने पत्र में अजीत कुंडलना ने बानो रेलवे स्टेशन पर मुरी एक्सप्रेस, धनबाद–भुवनेश्वर एक्सप्रेस तथा जयपुर–राउरकेला एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। उन्होंने रेलवे अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति और स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए फुटब्रिज निर्माण की आवश्यकता भी जताई है।कुंडलना ने यह भी उल्लेख किया कि स्टेशन की घेराबंदी से सटे भिखराटोली बस्ती के लगभग 80 परिवारों को आवागमन में कठिनाई होती है। यदि घेराबंदी के साथ लगभग 10 फीट का रास्ता छोड़ा जाए तो स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि बानो स्टेशन "अमृत भारत स्टेशन" के रूप में चयनित है और यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं, इसलिए इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि अजीत कुंडलना की इस पहल की सराहना की है और विश्वास जताया है कि सांसद कालीचरण मुंडा आगामी संसदीय सत्र में इन जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएंगे।

### कुरडेग प्रखंड में मनरेगा जॉब कार्ड सत्यापन का निर्देश जारी

**कुरडेग।** प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर द्वारा कुरडेग प्रखंड के सभी पंचायतों में मनरेगा मजदूरों के जॉब कार्ड का सत्यापन कराने का निर्देश जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार 13 और 14 अक्टूबर 2025 को पंचायत भवन या बड़े राजस्व ग्राम में जॉब कार्ड धारक सभी श्रमिकों एवं सदस्यों का सत्यापन किया जाएगा।सत्यापन के दौरान मृत, प्रवासी, वृद्ध, दिव्यांग, 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति या अन्य श्रेणी के श्रमिकों की स्थिति की जांच की जाएगी। यह कार्य मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और बीएफटी की संयुक्त टीम द्वारा किया जाएगा।निर्देश में कहा गया है कि 15 और 16 अक्टूबर को ग्राम सभा आयोजित कर गलत या अयोग्य व्यक्तियों के नाम सूची से हटाए जाएँगे। बीडीओ ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन कैंप के बाद यदि किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव या ग्राम रोजगार सेवक पर आरोप तय कर प्रशासनिक कार्रवाई हेतु उपायुक्त सिमडेगा को अनुशंसा भेजी जाएगी।प्रखंड प्रशासन ने सभी पंचायतों को निर्देश दिया है कि सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करें ताकि मनरेगा योजना का लाभ वास्तविक श्रमिकों तक पहुंच सके।

- **13 और 14 अक्टूबर को सभी पंचायत भवनों में होगा सत्यापन, अनियमितता पर होगी कार्रवाई**

# विधायक हेमलाल मुर्मू ने 100 बेड वाले छात्रावास सहित कई पीसीसी सड़कों का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता




**पाकुड़/हिरणपुर।** हिरणपुर मॉडल प्लस हाई स्कूल में शुक्रवार को विधायक हेमलाल मुर्मु के हाथों दो प्रमुख विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। विधायक ने स्कूल परिसर में 100 बेड वाले अत्याधुनिक छात्रा वास की आधारशिला रखी, और साथ ही क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण पीसीसी सड़कों के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं को क्षेत्र के शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है। शिलान्यास समारोह की शुरुआत बेहद ही रंगारंग और आत्मीय रही। स्कूल की छात्राओं और स्थानीय समुदाय ने विधायक हेमलाल मुर्मु का स्वागत आदिवासी परम्परा के भव्य रीति-रिवाजों के साथ किया। छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर, उत्साहपूर्वक गीत और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरे कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक गौरव का माहौल बन गया। इस आत्मीय स्वागत ने कार्यक्रम में एक अलग ही ऊर्जा भर दी। विधायक मुर्मु ने इस सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में विधायक मुर्मु ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य शिक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।उन्होंने कहा कि 100 बेड वाला यह छात्रावास दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा प्रदान करेगा। यह सुविधा लड़कियों की शिक्षा में ड्रॉपआउट दर को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। पीसीसी सड़केंः छात्रावास के अलावा, विधायक ने हिरणपुर चौक, बगशिशा और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बनने वाली पीसीसी सड़कों का शिलान्यास कर क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया।विधायक ने विश्वास दिलाया कि इन परियोजनाओं से जनता के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## अपराधियों ने की दो लोगों की हत्या

**पेशरार।** मध्यरात्रि में ग्राम केकरांग बरटोली, थाना पेशरार, लोहरदगा के निवासी लक्ष्मण नगेशिया उम्र-47 वर्ष पे० स्व० बुदू नगेशिया, बिफनी नगेशिया उम्र-47 पति लक्ष्मण नगेशिया, रामविलास नगेशिया उम्र-08-10 वर्ष पिता- लक्ष्मण नगेशिया की निर्मम हत्या अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा किया गया। जिसकी सूचना 9 अक्टूबर को पेशरार थाना को सबेरे प्राप्त हुआ। थाना प्रभारी पेशरार के द्वारा तुरंत पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा को घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में घटनास्थल के लिये निकले। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा तत्काल श्री वेदांत शंकर, अनुमंडल पुलिस, पदाधिकारी किस्को के नेतृत्व में एक SIT टीम का गठन कर फोरेंसिक टीम को घटनास्थल ले जाकर गहन अनुसंधान हेतु निर्देश दिया गया। दिनांक 9.10.2025 राँची से आये फोरेंसिक टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

# स्टीफन मरांडी ने जनजाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की बैठक आयोजित की



**पाकुड़।** पाकुड़ परिसदन सभागार में झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की बैठक सभापति सह विधायक, महेशपुर, स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधायक, कांके सुरेश कुमार बैठा तथा विधायक, जामा डॉ. लुईस मरांडी की उपस्थिति रही। इससे पूर्व सभापति एवं सदस्यगण के पाकुड़ आगमन पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। विभिन्न विभागों की योजनाओं की हुई समीक्षा; कार्यों में तेजी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने का दिया निर्देश। बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, पंचायत, परिवहन, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण, उद्योग, उत्पाद, खनन, कृषि, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, उद्यान, सहकारिता, खेल, पर्यटन, श्रम, नियोजन, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिंचाई, ग्रामीण कार्य विभाग, नगर परिषद आदि विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। वही सभापति ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को न्याय और विकास से जोड़ने हेतु समुचित कार्रवाई करें। बैठक में विभिन्न विभागों के समर्पित प्रतिवेदनों की समीक्षा करते हुए सभापति ने कार्यों में तेजी लाने तथा योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, महेशपुर एसडीपीओ सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दीपावली मेला में रूट ऑफ पाकुड़' और 'आकांक्षा हाट' की शानदार धूम

**पाकुड़।** झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित दीपावली मेला इस वर्ष भी सफलता के नए आयाम छू रहा है। मेले में जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा संचालित रूट ऑफ पाकुड़' और 'आकांक्षा हाट' के स्टॉलों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इन स्टॉलों ने न केवल स्थानीय उत्पादों को एक बड़ा मंच प्रदान किया है, बल्कि महिला सशक्तीकरण एवं वोकल फॉर लोकल की भावना को भी सशक्त किया है। रूट ऑफ पाकुड़' स्टॉल पर पाकुड़ जिले के स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाकृतियाँ एवं अन्य विशिष्ट उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। पाकुड़ के अद्वितीय पत्थर के उत्पाद, पारंपरिक संथाली कला से सजे वस्त्र, आभूषण तथा खाद्य उत्पादों में आगंतुकों की गहरी रुचि देखी जा रही है। यह स्टॉल जिले की सांस्कृतिक समृद्धि और कारीगरों की मेहनत का प्रतीक बन गया है। वहीं 'आकांक्षा हाट' स्टॉल भी अपनी विविधता और गुणवत्ता के कारण आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा निर्मित उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों को बाजार में स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां उपलब्ध दस्तकारी के सामान, हर्बल उत्पाद और दीपावली-थीम वाले सजावटी उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। मेले में आए आगंतुकों ने कहा कि इन स्टॉलों के माध्यम से उन्हें उत्कृष्ट स्थानीय उत्पाद तो मिल ही रहे हैं, साथ ही वे सीधे तौर पर स्थानीय कारीगरों और महिला

### आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ चैंबर ने की बैठक

# एसपी ने व्यवस्था दुरुस्त करने का पदाधिकारियों को दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**सरायकेला खरसावां।** पुलिस अधीक्षक, सराइकेला-खरसावां द्वारा कार्यालय कक्ष में सरायकेला खरसावां चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों, व्यावसायिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ सरायकेला खरसावां ज़िला अंतर्गत आगामी त्योहारों के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण, आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत विधि-व्यवस्था संधारण, सुगम यातायात व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा चैंबर औद्योगिक समूह के प्रतिनिधियों के साथ उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए जिला अंतर्गत विधि व्यवस्था संबंधित पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर ज़िला अंतर्गत सुरक्षा, विधि व्यवस्था संधारण, आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत विधि-व्यवस्था संधारण, सुगम यातायात व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**सरायकेला खरसावां।** शनिवार को कपाली ओपी में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मो इरशाद नाम का अपराधी अवैध हथियार के साथ कपाली क्षेत्र में घुम कर रहा है एवं कोई घटना कारित कर सकता हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कपाली ओपी पुलिस द्वारा एक टीम का गठन कर ओ0पी0 अन्तर्गत केन्दडीह, अलमनार स्कूल के सामने वाली गली, डांगोडीह, कपाली में छापेमारी कर अपराधकर्मी मो0 इरशाद, उम्र- 32 वर्ष, पिता- मरहूम नूर मोहम्मद, पता- डांगोडीह, साततल्ला बिल्डींग के सामने, कपाली, थाना- चाण्डिल, जिला- सरायकेला-खरसावॉ को अवैध लोडेड पिस्टल एवं 03 (तीन) राउंड जिंदा गोली के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त मो0 इरशाद के विरूद्ध आयुद्ध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है ।

### पुलिस अधीक्षक ने सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिया निर्देश




**पाकुड़।** पुलिस अधीक्षक पाकुड़ की अध्यक्षता में चेंबर ऑफ कॉमर्स, पाकुड़ के सदस्यों के साथ एक बैठक आहूत की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक पाकुड़ द्वारा बारी-बारी से समस्या/सुझावों को सुना गया एवं उन समस्याओं के निराकरण हेतु अश्वासन दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक पाकुड़ द्वारा सभी दुकानों/प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा लगवाने, ज्वैलरी शॉप/ पेट्रोल पंप/अन्य बड़े प्रतिष्ठान में निजी सुरक्षा गार्ड तैनात करने, चरित्र सत्यापन के बाद ही दुकान/प्रतिष्ठान में कोई कर्मी को काम पर रखने, बैंक में मोटी राशि जमा करने के दौरान पुलिस से मदद लेने एवं सड़क जाम से निजात पाने हेतु सड़क का अवैध अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया।

### प्रेमिका के घर में प्रेमी की निर्मम हत्या, शव उठाने के लिए पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

**धनबाद।** गोमो स्थित हरिहरपुर गांव में कपिल कुमार राय (32 वर्ष) की प्रेम प्रसंग में हत्या कर दी गई. हत्या के बाद शव को प्रेमिका के ही घर में छिपाने का प्रयास किया गया. कपिल गुरुवार की रात से ही गायब था. हत्या का आरोप प्रेमिका के ही नाना गंगा ठाकुर पर लगा है. पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया है जो रेलवे का रिटायर्ड कर्मी है. वहीं, तोपचांची और हरिहरपुर की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा. काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. कपिल शादीशुदा था और उसका छह माह का एक पुत्र भी है. कपिल के हाथ-पैर को बांधकर उस पर धारदार हथियार से वार किया गया.

# स्कूली छात्रा के अपहरण मामले में ने पांच आरोपी हुए गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**पूछताछ के बाद आरोपियों को भेजा जेल**

पांचों अभियुक्तों की स्वास्थ्य जांच कराने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है. एसडीपीओ ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं. एसडीपीओ ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर सभी के सहयोग से काबू पाया जा सकता है.

**साहिबगंज।** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामनगर के पास गुरुवार को नाबालिग स्कूली छात्रा का अपहरण करने का प्रयास करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इसकी पुष्टि एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने की है. एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार को जामनगर बंगाली टोला के समीप और लखीपुर-मनसिंहा पेट्रोल पंप के पास एक नाबालिग स्कूली छात्रा का पांच युवक मिलकर अपहरण करने का प्रयास कर रहे थे, जिसे ग्रामीणों की सूझबूझ और साहस ने विफल कर दिया और पुलिस को इसकी सूचना दी.

वहीं शिकायत मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने अविलंब पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया. जिसमें थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक ओमप्रकाश चौहान, पुलिस अवर निरीक्षक पवन यादव, पुलिस अवर निरीक्षक शंभु शंकर सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक महादेव उरांव, सहायक अवर निरीक्षक सिकंदर तिर्की सहित सशस्त्र बल शामिल थे. छापेमारी टीम ने अपहरण की कोशिश में शामिल पांचों युवकों को मजहर टोला दियारा से गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों में गोढ़िया टोली निवासी सेन्टु शेख, समीर शेख, बाबर शेख, मेंबर शेख और हसन टोला निवासी हमीद शेख शामिल हैं.

## तेल चोरों का कहर, गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर किया हमला

**देवघर।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की पाइपलाइन से कच्चा तेल निकालने वाले चोरों के ऊपर बड़ी कार्रवाई हुई है. देवघर पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है. जब पुलिस इन चोरों को पकड़ने गई और चोरों के गिरोह ने पुलिस पर पत्थरबाजी के साथ-साथ उनपर जानलेवा हमला कर दिया. देवघर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह बताया गया जिन चोरों को पुलिस ने पकड़ा है वह कई मामलों के आरोपी हैं. उन लोगों के खिलाफ कई थानों में भी मामला दर्ज हैं. इस घटना को लेकर सारवां थाना प्रभारी कौशल कुमार ने बताया कि कुंडा और सारवां थाना की संयुक्त पुलिस की टीम जब रेड करने गई तो दुर्गापुर गांव में आरोपी के सहयोगियों ने पुलिस की टीम पर हमला कर दिया. पूरी घटना को लेकर सारवां थाना प्रभारी कौशल कुमार ने बताया कि टीम में एसआई मकबूल, एएसआई बिंजा सहयोग करने के लिए भी साथ में गए हुए थे लेकिन आरोपियों के सहयोगियों के द्वारा हमला कर दिया ।

# स्टोन चिप्स लदे हाईवा के घर में घुसने से एक बुजुर्ग की मौत



**पाकुड़/हिरणपुर।** पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के बिंदाडीह गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां स्टोन चिप्स लगा एक हाईवा अनियंत्रित होकर एक घर मे जा घुसा। इस हादसे में घर में सो रहे 55 वर्षीय बुजुर्ग की दबकर मौत हो गई। हाईवा शहरग्राम की ओर से आ रही थी, तभी बिंदाडीह गांव में यह अनियंत्रित हो गया और एक घर में जा घुसा। हादसे के दौरान बुजुर्ग हाईवा के चपेट में आ गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने डांगापाड़ा-शहरग्राम मुख्य सड़क को जाम कर दिया और मृतक के शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद जाम को हटवाया। फिलहाल, पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खेलो झारखंड राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में पाकुड़ की दुर्गी तुरी ने जीता कांस्य पदक

**पाकुड़ ।** रांची में आयोजित "खेलो झारखंड" राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में पाकुड़ जिले की बालिका वर्ग (U-17) की खिलाड़ी दुर्गी तुरी, छात्रा — उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरिणडांगा — ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक हासिल किया। दुर्गी तुरी की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, जिला शिक्षा विभाग तथा पूरे पाकुड़ जिले में हर्ष की लहर है। उनकी सफलता जिले के ग्रामीण अंचल से उभरती प्रतिभा और समर्पण का उदाहरण है। उपायुक्त मनीष कुमार ने दुर्गी तुरी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा उनके शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि जिले के बच्चे खेलकूद के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाए। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने भी दुर्गी तुरी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व की बात है।

# अफीम के खेती से प्रभावित गांव में ग्राम सभा कर लोगों ने अवैध खेती नहीं करने की ली शपथ

- **अफीम की अवैध खेती की रोकथाम तथा वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने हेतु आमजन को जागरूक किया जाएगा**

नवीन मेल संवाददाता




**सरायकेला-खरसावां।** झारखंड में जिस तरह से अवैध सफल अफीम की खेती का ग्राफ बढ़ रहा है उससे यह लगता है कि झारखंड के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी खेती बढ़ती जा रही है। हालांकि इस पर पुलिस की काफी निगरानी रही है। कुछ इसी तरह का मामला सरायकेला-खरसावां पुलिस द्वारा वर्तमान फ़सलीय वर्ष में जिलांतर्गत अफीम की अवैध खेती की संभावना को नगण्य करने हेतु प्री कल्टीवेशन ड्राइव चलाया जा रहा है।इस अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से अफीम की अवैध खेती की रोकथाम तथा वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने हेतु आमजन को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के तहत विगत शुक्रवार को कुचाई थाना अन्तर्गत गोपीडीह चौक पर, कांड्रा थाना अंतर्गत तुमसा गांव में ग्राम सभा कर ईचागढ़ थाना अन्तर्गत बामनडीह गांव में ग्राम सभा कर, चौका थानांतर्गत खूंटी बाजार में पैदल गश्ति कर स्थानीय लोगों को और दलभंगा ओ पी अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सियाडीह में, खरसावां थानांतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय, खरसावां में छात्र/छात्राओं को अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूक किया गया। अभियान के दौरान संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों/छात्र/छात्राओं को स्थानीय भाषा में अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा जागरूकता अभियान के दौरान उपस्थित लोगो/ छात्र/छात्राओं को अफीम की खेती नही करने का शपथ दिलाया गया। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी**

**भर्ती कैम्प–15.10.2025**

राज्य के बेरोजगार युवकों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांकः–15 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराहन तक **जिला नियोजनालय खूँटी** में भर्ती कैम्प 2025 आयोजित किया जा रहा है। निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की हैः–

| SN | Name and Address of the Employers | Name of the Post | No. Of Vacancies | | Qualification | Experience | Salary | Age (Min-Max) | PF & ESIC (Yes/No) | Accommodation & Food Services (Yes/No) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Male | Female | | | | | | | |
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | ix | x | xi | xii |
| 1 | PEOPLE MANTRA, AHMEDABAD | NAPS Trainee | 150 | 0 | 10th & Above | Any | 19000 to 21000 | 18-30 | No | No | Ahmedabad |
| 2 | QUANTUM KNITS PRIVATE LIMITED, COIMBATORE | SMO (Sewing Machine Op) | 200 | 100 | 5th & Above | No | 15000 To 25000 | 18-40 | Yes | Yes | Coimbatore |
| | | Nurse | 0 | 2 | Diploma/ ANM | 1 Year | | | | | |
| | | Warden | 0 | 2 | 12th & Above | 1 Year | | | | | |
| | | Supervisor | 2 | 0 | Diploma in textille | 1 Year | | | | | |
| 3 | GUARDIANS SECURITY & FACILITIES PRIVATE LIMITED, SONPUR, BIHAR | Security Guard | 200 | 100 | 10th & Above | Any | 17000 TO 25000 | 18-40 | Yes | Yes | Jharkhand, Delhi |
| | | Security Supervisor | 70 | 30 | Graduation | | 27000 | 21-35 | | | |
| 4 | MRF, Hyderabad | Machine Operator | 150 | 0 | 10th & Above | Any | 17500 | 18-35 | No | Yes on Subsidized Cost | Gujarat, Hyderabad |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतू उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR 363938 Labour Employment and Traning(25-26).D

# नकारात्मक चरित्र

मदारी बिना जमूरे की अपनी खेल प्रदर्शित नही कर पाता। गृहणी भी चेरी के सहयोग के बिना गृह संचालन सकुशल निर्वाह नही कर पाती, तकलीफ उठाती है। साहित्य बिना आलोचना के प्रसिद्धि नही पाती।नायक भी खलनायक के बिना अपने आदर्श प्रस्तुत नही कर पाता। जीवन मे कुछ ऐसे चरित्र या ऐसे पात्र जिन्हें हम नेगेटिव कहते है उसकी बहुत अहमियत होती है।वे हमारी कामयाबी में सहायक होते है। भले ही वे अवरोध पैदा करे हमे छति पहुचाएं परन्तु संघर्ष की तीब्रता जीवंतता उन्हीं से आती है। जैसे सोने के आभूषण में मजबूती के लिए गिन्नी की मिलाबट जरूरी है। हमारी दिनचर्या में नवीन ऊर्जा के लिए हमारे आसपास ढीठ झगड़ालू कर्कश बदमिजाज पात्रों का होना जरूरी है। इससे हमारे जीवन मे चहल पहल बनी रहती है वरना मरघट से सन्नाटा छाया रहता है। कैची छुरी सा ज़ुबान तेज हो लोग उनसे कतराते अवश्य है परउसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। नकारात्मक चरित्र के लोगो में नकारात्मक गुणों की अधिकता होती है। नकारात्मक विचारों की अधिकता से उसके व्यवहार भी दोषपूर्ण हो जाते है। वे अहंकारी कुटिल निर्दय विद्रोही हिंसा प्रेमी हो जाते है एक शैतान का चरित्र वह जीने लगता है। मनुष्य



प्रेमलता ठाकुर

स्वभाव से हितकारी व सहृदयी होता है उसमें तार्किक शक्ति होती है सत्य का आकांक्षी व न्यायप्रिय होता है। साधु और संत दोनों चरित्रवान होते है पर साधु का व्यक्तित्व संत से अलग होता है। रावण नाम से ही नकारात्मक छवि उभर आती है। महान शिवभक्त होते हुए भी स्त्री की गरिमा नहीं समझा।परन्तु राम की पूजा में रावण के चरित्र का योगदान है। फिल्मों के खलनायक नकारात्मक पात्र है इसलिए उसे लोगो की सहानुभूति नही मिलती।उसके साथ कोई अपनेपन का व्यवहार नही करता। जेलर अक्सर रूखे और कर्कश सख्त व्यक्तित्व का होता है।उससे कॉमेडी की उम्मीद होती, यदि वह कॉमेडी का रोल सूरमा भोपाली" की तरह करे तो वह बनाबटी लगता है।जब कोई श्रद्धावान अपने आदर्श की प्रस्तुति देता है तो धूल धुँए जैसे चरित्र के लोग उसके आदर्श में भी खोट निकलते है। हंस के सामने बगुला आपना आदर्श प्रस्तुत नही कर सकता हंस मानसरोवर का मोती चुगता है और बगुला मछलियां घोंघे जोंक से ही प्रसन्न रहता है। बगुला हंस की जगह नही ले सकता बगुला न हो तो हंस के आदर्श लोग नहीं समझते। प्रकृति के संरचना में हमे ऐसे प्रतीकों की बाहुल्यता देखी जाती है। फूल कांटो से घिरे होते है। गूदेदार रसीले फलों की देखभाल न हो तो वह शीघ्र कीड़े मकोड़ो द्वारा बर्बाद किये जाते है। नदियां प्रदूषित हो रही है। जिन्हें कैक्टस उपयोगी नही लगता उसमे भी फूल फल लगते है। उसके फल औषधिय गुणों से भरे रहते है। प्रकृति के ताने बाने में इन्ही प्रतीकों के गुण संरचनाओं से पदार्थो के गुण दोषों का आकलन होता है।

# पिंजरों का शहर

वो आसमाँ, आज भी हर सुबह
अपने बिछड़े परिन्दों को पुकारे,



सरिता सिंह

इस बात से अनजान
कि
अब वे उड़-गा नहीं
सकते कभी,
पंछी हैं वे अब
"किस्मत के
मारे"..।
इधर..जमीन की
हकीकत ये है कि
जहाँ कभी चमन हुआ करता था
वहाँ पिंजरों के शहर बसा दिए गए,
तंग सड़कों के दोनों किनारों पर
खड़ी हैं पिंजरों की कतारें...।
यहाँ रहते हैं परिन्दे अपनी मर्जी से,
हर एक परिन्दा जीते-जी मर चुका है,
अपनी आवाज का गला घोंटकर
अपने पंख खुद ही कतर चुका है,
याद नहीं इन्हें सूरज, चाँद-सितारे..।
कुदरत को भी इनपर रहम नहीं आता,
क्योंकि... जिस चमन ने इनकी परवरिश की थी
उसका वजूद इनकी आँखों के सामने मिटा,
और जब दरख़्त काटे जा रहे थे
ये खामोशी से देख रहे थे सारा मंजर..,
अब मुबारक हो इनको 'हमको'
फलता-फूलता पिंजरों का शहर..।

काव्य कोना

# कठिन खोज

चेहरा संवारने का मलहम ढूंढ़े लिया
दिल के घाव का मलहम ढूंढ़ने चला।
डैना लगा मन आसमां में उड़ने चला
पैर के नीचे की जमीन ढूंढ़ने चला।
कलाई की घड़ी से समय नाप लिया
कालचक्र में सही काल की घड़ी ढूंढ़ने चला।
हवा के मृदुल झौंके में सरगम ढूंढ़ लिया
आंधी के बाद बिखरे बहार में सरगम ढूंढ़ने चला।
जलप्लावन का दृश्य अभी तक भूला नहीं
घर की दीवार छत से जोड़ने चला।

नाग मणि

# कार्तिक महीने में तुलसी का महत्व



पुष्पा पाण्डेय

तुलसी से पहले थोड़ा कार्तिक मास पर नजर डालते हैं। कार्तिक महीने के महत्व का कारण... भगवान विष्णु योगशैया से चतुर्मास के बाद कार्तिक महीने की शुक्ल एकादशी तिथि को जग जाते हैं। जिस महीने में भगवान मिलें वो महीने तो स्वतः ही गरिमामय हो जायेगा। कार्तिक को महत्वपूर्ण बनाने के लिए इससे ज्यादा और क्या हो सकता है? इसी महीने में भगवान राम भी चौदह साल बाद वापस



अयोध्या लौटते हैं।

विष्णु भगवान और तुलसी का सम्बन्ध बहुत गहरा है। भगवान भक्त को स्वयं से भी ऊपर रखते हैं। तुलसी पूर्व जन्म में लक्ष्मी की एक कला से उत्पन्न हुई राजा धर्मध्वज और उनकी पत्नी माधवी की पुत्री थी। राजा धर्मध्वज के पूर्वज सूर्य के शाप वश दरिद्र हो गये थे। शिव भक्त होने के कारण शिव जी के कहने पर भगवान बिष्णु ने लक्ष्मी जी को उनकी दरिद्रता दूर करने के लिए भेजा। विवाह योग्य होने पर पुत्री बदरिकाश्रम में विष्णु भगवान को पुनः पति रूप में पाने के लिए तपस्या करने लगी। भगवान ब्रह्मा जी ने उपस्थित होकर कहा कि-- हे वृंदा! तुम इस जन्म में कृष्ण के अंशावतार शंखचूड़ जो एक शाप बश दानव योनि में जन्म लिया है, शादी कर लो। फिर तुम दैव वश बिष्णु की प्रिया बन जाओगी।

फिर तो वृंदा और भगवान बिष्णु जो शंखचूड़ के वेष में वृंदा के पास आते हैं वृंदा के शाप का शिकार होते हैं और वृंदा योगअग्नि में जल कर भस्म हो जाती है। भगवान ने वृंदा को वरदान दिया कि तुम तुलसी का पौधा बनोगी और मेरे सबसे नजदीक रहोगी। तुलसी पत्ता के बगैर मेरी पूजा अधूरी रहेगी। प्रत्येक साल कार्तिक महीने में जब भगवान योगनिद्रा से उठते हैं तो धरती के भक्त उसी दिन उनकी शादी तुलसी से रचाते हैं। तुलसी का विवाह, नारायण का योगनिद्रा से उठना कार्तिक महीना को अत्यंत महत्वपूर्ण बना देता है।

# आनलाइन शापिंग





रुणा रश्मि 'दीप्त'

त्यौहारों का मौसम आ गया है और उत्सव के इस वातावरण में हम सब उमंग से भरे हुए हैं। त्यौहारों की तैयारियों में अपने घर-समाज और मन की शुद्धता के साथ ही साथ जो सबसे अहम कार्य हम करते हैं वह है खरीददारी। विभिन्न प्रकार के खाद्य मिष्ठान्न और पूजापाठ की सामग्रियों के साथ ही साथ नए पोशाकों की भी खूब खरीददारी करते हैं। वर्तमान समय में आनलाइन शापिंग ने हमारे इस कार्य को अत्यंत ही सरल बना दिया है। किंतु यह आनलाइन शापिंग जितना सुलभ और सरल बनकर हमें आकर्षित करता है, उतना ही अधिक ये हमारे लिए घातक भी सिद्ध हो सकता है।

ऊपरी तौर पर तो ऐसा ही महसूस होता है कि आज के इस नवीन युग में, विशेषतौर पर वर्तमानकालीन परिस्थितियों में तो आनलाइन शापिंग हमारे लिए वरदान ही साबित हो रहा है। घर बैठे ही हमारी सभी आवश्यक सामग्रियां हमें इतनी आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, हम अपनी पसंद और आवशयकतानुसार दैनिक उपयोगिता के साथ ही साथ अपने शौक की वस्तुएं भी आसानी से खरीद रहे हैं। बाहर जाने की परेशानी से तो बचते ही हैं, समय की भी बचत हो जाती है, जिसका उपयोग हम किसी अन्य अनिवार्य तथा रचनात्मक कार्यों में कर सकते हैं।

किन्तु जब हम अपने शौक और आधुनिकता के जुनून में आकर अपनी सीमाएँ और आवश्यकताएँ भूल जाते हैं तथा अनावश्यक वस्तुओं की खरीददारी आरंभ कर देते हैं। तब यही आनलाइन शापिंग हमारे लिए घातक बन जाता है। कभी कभी तो हम आर्थिक संकट से भी घिर जाते हैं। फिर तो जब तक हमें अपनी इस विषम परिस्थिति का एहसास होता है, बहुत देर हो जाती है और इस संकट से उबरने के लिए हमें बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। हम उदासी और खिन्नता के घेरे में घिरकर रह जाते हैं, जिससे मुक्ति पाना अत्यंत कठिन हो जाता है। अतः हमें सदैव सावधानी, संयम और सजगता का दामन थामकर ही इस आनलाइन शापिंग का आनंद उठाना चाहिए। दशहरा बीत चुका है, दीपावली और छठ आदि त्यौहार आने वाले हैं जिनमें अत्यधिक खरीददारी करनी ही होती है। अतः हम इस सहज आनलाइन शापिंग का आनंद लेते हुए सतर्कता भी बरतें यही उचित और श्रेयस्कर होगा।

हास्य वार्ता

# मैं पुतला हूं

पुतला दरअसल वह विशेष ऐतिहासिक जीव होता है, जिसमें जान-वान नहीं होता हैं, यों समझिए कि उसमें कुछ भी नहीं होता है वह सिर्फ अपने कुशल समझदार मालिक के हाथों का दास होता है। उसी के



ललन शर्मा

इशारों पर चलता है बाकि समय कोई काम नहीं। मेरे मैं हमेशा खुद को इस पर तौल कर बड़ा खुश होता हूँ कि मैं भी पुतले से कम नहीं हूँ, जब पुतला नाचता है, थिरकता है तो मैं खुद को उसकी जगह पाता हूँ। अब तो आप समझ ही गये होंगे कि मैं इस बेकार निर्जीव पुतले की तारीफ क्यों कर रहा हूँ, अरे भई, मैं भी वही हूँ यानी पुतला। मेले में जो पुतले दिखाये जाते हैं उसे कठ-पुतला कहते हैं और जो घरों में पाये जाते हैं उसे मठ-पुतला कहते हैं, मठ यानी घर अर्थात् कुल मिलाकर घर पुतला या घर का पुतला....। वैसे एक फर्क है कठपुतले और मठपुतले में, कठपुतले को कोई भी अपनी अंगुली पर नचा सकता है, कभी भी नचा सकता है पर मठपुतले को सिर्फ घर की लक्ष्मी उर्फ गृहलक्ष्मी उर्फ मलिकाईन ही अपनी अंगुलियों पर नचा सकती है, ऐसे पुतले घर के बाहर भले ही शेर की तरह गुर्राये, दहाड़ मारे, पर घर में इनका गुर्राना या दहाड़ना, म्याँऊ-म्याँऊ में बदल जाता है। वह एक इशारे पर बहुत कुछ कर सकता है, आसमान से चांद-तारे तोड़ कर ला सकता है, भले ही वह ऑफिस में कोई फाईल एक जगह से दूसरी जगह न पहुँचा सके। वैसे कहने को तो बहुत कुछ है क्योंकि मेरे पुतले बनने को अनुभव का सागर ही इतना बड़ा है कि क्या बताऊँ ? कभी-कभी मैं भी इसमें डूब जाता हूँ इसलिए मैं चाहता हूँ कि आप भी इसमें डूब जाए, गोते लगाये, तैरने न भी आता हो तो चलेगा क्योंकि इसमें डूबने वाले बड़े खुशनसीब होते हैं। मेरे अनुभव के सागर में गोता लगायेंगे तो पता चलेगा कि पुतला का अपना कुछ भी नहीं होता। हमेशा गृहलक्ष्मी के रहमों-करम पर मस्ती में जीता हैं। कुछ बोलता तक नहीं, बोलने का सिस्टम पुतले में होती ही नहीं, एक जमाना था जब मैं मंचों पर माइक लेकर लोगों को चुटकुले सुना-सुना कर हँसाया करता था। अब मैं स्वयं चुटकुला हो गया हूँ इसलिए सिर्फ श्रीमती ही हंसती है, हौले-हौले मुस्कुराती है। खैर छोड़िए पुतले को इन बातों से क्या लेना-देना, मैं भी इन चीजों का बुरा नहीं मानता क्योंकि श्रीमती का हर काम रूटीन से होता है और तो और पूरे सप्ताह के कार्य की रूपरेखा मुझसे बनवा रखा हैं। मसलन सप्ताह का पहला दिन यानी सोमवार को गृहलक्ष्मी जी का मौन व्रत रहता हैं, चौंक गए न? अब आप कहेंगे स्त्री और मौन व्रत, शर्मा जी, वार्ता के बहाने क्या मजाक कर रहे है, पर यह सत्य हैं, सारा काम मुझसे इशारे से ही करवा लेती है, बोलने की जरूरत ही नहीं पड़ती, मंगलवार को उनके मायके वाले सपरिवार मेरे घर में मंगल मनाने आते है और शाम होते-होते मेरे घर को जंगल बनाते हैं और इस जंगल में वे मुनलाईट डिनर करते हैं इस जंगल को पुनः घर बनाना मेरा काम होता है। बुधवार को आस-पास के सभी बुद्धू महिलाओं को घर पर बुला कर उन्हें स्मार्ट बनाने का काम होता है तथा पतियों पर अपनाये जाने वाले तमाम हथकंडों की जानकारी भी श्रीमती देती हैं। गुरूवार को उनका गुरू पर्व होता हैं यानी इस दिन वह अपने गुरूओं की पूजा करती है तथा सुबह-शाम का भोजन उन्हें खिलाती हैं। पहले गुरू वो है जिन्होंने श्रीमती को खींच-तान कर मैट्रिक की सीढ़ियाँ पार करवाया था। दूसरे गुरू ने श्रीमती की जगह खुद परीक्षा में बैठ कर स्नातक की परीक्षा पास करवाया था। मैट्रिक वाले गुरू दोपहर में आते हैं उन्हें बड़े आदर से सादा भोजन कराया जाता हैं। शाम को स्नातक वाले गुरू को मुर्ग-मुस्ल्लम परोसा जाता है ताकि आगे की परीक्षाओं में भी उनका सहयोग बना रहे। शुक्रवार को मैं भगवान का शुक्र मनाता हूँ क्योंकि यही दिन होता जब गृहलक्ष्मी जी दूसरे लक्ष्मियों के घर विजिट करती है तथा दिनभर वहीं डेरा रहती हैं और शाम को मेरे लिए खाना भी टीफिन में बांध कर लेती आती हैं। शनिवार का दिन तो मेरे लिए बड़ा ही शुभ-शुभ होता है इस दिन मेरी जमकर पूजा की जाती है इसके एवज में मैं सप्ताह भर के सारे गंदे कपड़ों की सफ़ाई करता हूँ उन पर चमक लाता हूँ क्योंकि रविवार को उन्हें कहीं न कहीं गोष्ठी, पाटी, सेमिनार या साप्ताहिक मीटिंग की अध्यक्षा भी हैं। इसलिए हर जगह से आमंत्रण आते रहते हैं और मैं उनके सारे कार्यक्रमों की रूपरेखा, भाषण इत्यादि तैयार कर देता हूँ। अब इतना साहसिक और रोमांचकारी अनुभव सुनाने के बाद तो यह तय ही है कि आप भी पुतला बनना पसंद करेंगे। अगर न भी बने तो कोई बात नहीं। इस विनोदवार्ता के बहाने आपसे वार्तालाप तो हो गया वर्ना पुतले कभी बोलते हैं। मैं तो कहता हूँ कि पुतला बनिए, काम पर भीड़िए।

# अमृतसर शहर के संस्थापक मानवतावादी गुरु रामदास जी



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

सिखों के पवित्र तीर्थ अमृतसर शहर का निर्माण चौथे गुरू रामदास जी ने करवाया था। यहां पहले एक छोटा -सा तालाब था जहां आकर गुरु ने अपनी कुटिया बसाई। तब इसे 'गुरु का चक्क '(रामदास पुर) कहा जाने लगा।बाद में तालाब के किनारे होने के कारण इसका नाम 'अमृतसर 'पड़ा। सन् 1577 ई में अमृतसर सरोवर की खुदाई शुरू की। इस सरोवर में बिना भेदभाव के कोई भी स्नान कर सकता था। शहर बसाने के लिए इन्होंने 52 प्रकार के व्यवसायियों और कारीगरों को बुलवाया था। फिर दूर- दराज से आकर लोग यहां बसने लगे। इन्होंने यहां रहने के लिए जो मकान बनवाया था उसे 'गुरु का महल' कहा जाता है। गुरु रामदास जी का जन्म 1534 ई में चूनी मंडी, लाहौर, पाकिस्तान में हुआ था। इनके बचपन का नाम 'जेठा' था। छोटी उम्र में ही 'माता दया' और पिता 'हरिदास' को खोने के बाद ये अपनी नानी के पास ' बासरके 'अमृतसर में आकर रहने लगे। गरीबी के कारण ये उबले हुए चने बेचकर गुजारा करते थे। फिर'गोइंदवाल ' में तीसरे गुरु अमरदास जी के संपर्क में आए और उनसे प्रभावित होकर उन्हें गुरु मानकर गुरु सेवा में लग गए किंतु चने बेचने का काम नहीं छोड़ा।

इनकी निः स्वार्थ सेवा, नम्रता, ईमानदारी, भक्ति-भाव इत्यादि गुणों को देखकर गुरु अमरदास जी ने 1553 ई में अपनी बेटी ' बीबी भानी ' की शादी रामदास जी से कर दी। 1574 ई में गोइंदवाल, जिला तरनतारन साहिब में गुरु अमरदास जी द्वारा इन्हें गुरु गद्दी प्राप्त हुई। उसके बाद इनका नाम 'गुरु रामदास'(गुरु का सेवक) पड़ा। इन्होंने सिखी का प्रचार करने के लिए 'मसंद प्रथा' की स्थापना की अर्थात गुरु के प्रतिनिधियों द्वारा दूर-दूर तक जाकर सिख सिद्धांतों का प्रचार करना। ये बहुत अच्छे कवि थे। गुरु ग्रंथ साहिब में इनके द्वारा रचित 30 रागों में करीब सात सौ श्लोक दर्ज हैं। इन्होंने सिखों की विवाह प्रणाली के लिए 'आनन्द कारज' वाणी की रचना की जिसे उच्चारण करते हुए विवाह विधि में ' लांवां या फेरे ' लिए जाते हैं। इस प्रकार इन्होंने सरल विवाह की गुरमत मर्यादा को सामने रखा और सिख पंथ के लिए विलक्षण वैवाहिक पद्धति दी जिसने समाज की रूढ़िवादी परंपराओं को दूर किया। गुरु नानक जी द्वारा चलाई गई लंगर प्रथा को इन्होंने विस्तार दिया।

इनकी वाणी का मूल आधार गुरु परंपरा से प्राप्त जीवन दर्शन है। इनके अनुसार गुरु और सेवक का रिश्ता बहुत भावनात्मक होता है। गुरु की वाणी में जीवन देने वाला 'नाम रूपी जल' होता है जिसे सेवक हमेशा हृदय में स्थापित रखता है। गुरु की वाणी ही गुरु है और गुरु वाणी का ही रूप है।

***वाणी गुरु, गुरु है वाणी***
***विच वाणी अमृत सारे।***

ईश्वर की भक्ति पर और कर्म की प्रधानता इनकी वाणी का सार है। कल्याणकारी भावनाओं से जुड़े इनके संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। सन 1581ई गोइंदवाल में इन्होंने शरीर त्यागा।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**


# कबीर छंद मुक्तक

दुर्घटना से देर भली है,अगर सुरक्षित जान।
कभी न करिए जल्दी बाजी,वरना है नुकसान।
जान बचे तो लाखों पाए, सत्य यही है बात-
घर परिवारों खातिर जीवन,होता रत्न समान।।



बिनोद बेगाना

खत्म किया वनवास राम ने,पूर्ण किया आदेश।
सदन वापसी हुई अवध में,बदल गया परिवेश।
तोरण द्वार सजा स्वागत में,घर-घर है आनंद-
मनी दिवाली खुश हैं सारे, मिटा सभी का क्लेश।
किस्मत जिनकी अच्छी होती, लगे न कौड़ी दाम। राम भरोसे ही चलता है, उन लोगों का काम। बिन मेहनत बिन कोशिशें के, मंजिल पाते खास-खानदान पद पैसा से वे,खूब कमाते नाम।
थोड़ा हटकर सोचें समझें,थोड़ा करें विचार।
कैसे मान बढ़े भारत का,और बने दमदार।
कैसे जल्दी मिटे अशिक्षा,रहे न छूत अछूत-
बढ़े ज्ञान विज्ञान चतुर्दिक,भागे भ्रष्टाचार।



# पुनर्विवाह

मालती के घर आज बहुत चहल-पहल और रौनक थी। मिनल अपने दोनों बच्चों, मानू-सानू के साथ आई हुई थी। उसे आज से सात साल पहले अपने द्वारा लिया गया निर्णय पर अत्यंत खुशी और आत्म संतुष्टि की अनुभूति हो रही थी। मिनल मालती के इकलौते फौजी बेटे अमर की बहू थी। जिसे मालती बड़े अरमानों से अपने घर की बहू बना कर लाई थी। लेकिन वक्त ने निर्मम प्रहार से उसका अरमानों का महल ध्वस्त हो गया। मात्र शादी के 6 माह पश्चात एक आतंकवादी अभियान में अमर वीरगति को प्राप्त हुआ। मालती की तो दुनिया ही उजड़ गई। लेकिन उस विषम परिस्थिति में उनकी बहू ने अपना दुख भूल कर उन्हें संभाला और वह उनकी बहू से बेटी में कैसे तब्दील हो गई पता ही न चला। अब उनकी दुनिया मिनल तक ही सिमटकर रह गई। वह मिनल को



रंजना वर्मा उन्मुक्त

अपनी आंखों से ओझल नहीं होने देना चाहती थी। मिनल दफ्तर जाती तो, उसके बैग में मालती का प्यार से बनाया हुआ टिफिन अवश्य रहता था। शाम में जब वह घर आती, तब मालती उसके साथ चाय पीती थी। इस तरह दोनों की जिंदगी पटरी पर चलने लगी थी। मिनल की मां इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करती थी। उनकी जब इच्छा होती वह आकर अपनी बेटी से मिल लेती थी। इस तरह एक दिन वह बेटी से मिलने आई हुई थी। एकांत पाकर उन्होंने मालती से कहा," मालती जी, मैं चाहती हूं कि मिनल का पुनर्विवाह हो जाए। मेरी नजर में एक लड़का है, वह डॉक्टर है और मिनल को पहले से जानता है। वह उससे शादी करने को भी तैयार है। "मिनल भी शादी के लिए तैयार है?"....मालती ने चौंकते हुए पूछा। "मालती जी ,उसे हमें तैयार करना होगा। अभी जब तक हम लोग हैं, तो ठीक है। लेकिन हमारे बाद उसका क्या होगा। उसका घर फिर से बस जाएगा, तो वह भी खुश हो जाएगी।" मिनल के खोने का डर मालती के चेहरे पर आ गया। वह उसके बिना कैसे रहेगी? क्षणभर उनके चेहरे पर स्वार्थ के बादल छा गए।

वह बोली," मुझे तो वह अब खुश दिखती है।" "बहन जी ,वह अपनी उदासी छुपाकर हम लोगों को खुश करने के लिए खुश रहने का अभिनय करती है। हम लोग लाख कोशिश करें, हम उसकी उदासी और अकेलापन को दूर नहीं कर सकते। हमारा यह फर्ज है कि हम अपनी बेटी का घर फिर से बसाएं।" मालती को अपने स्वार्थ पर अत्यंत शर्म आई। वह मिनल को अपनी बेटी मानती है। उन्हें उसकी खुशी के लिए उसका घर फिर से बसना ही होगा। वह बोल उठी,"ठीक है ,मेरी एक शर्त है ....कन्यादान मैं करूंगी।" मीनल की माँ रो पड़ी," हां, बिल्कुल आप ही करेंगी। उसकी माँ आप ही तो है।" " नानी कहानी सुनाओ न।" मालती वर्तमान में लौट आई। देखा ,मीनल के दोनों बच्चे सानू- मानू उसके बगल में लेटे हुए हैं ,और उससे कहानी सुनाने को बोल रहे हैं। उन्होंने मुस्कुराकर मिनल की ओर देखा, वह उन्हें प्यार से निहार रही थी।

# भीड़

वह भागते भागते थक चुका था। पैर जवाब दे रहे थे। कानों में सिर्फ आवाजें गूंज रही थी ....चोर! चोर! चोर! अगर रुकता है तो आज शक में 'भीड़' उसकी प्राण भी ले सकती थी। वह कैसे बताए कि रेलवे ऑफिस में वह घुसा था.... शिकायत करने कि वह ट्रेन में अकेला है। न जाने माता-पिता किस स्टेशन पर उतर गए हैं? स्टेशन मास्टर अपने कुर्सी पर नहीं था। वह भ्रमित होकर उसी के कमरे में खड़ा था कि कुछ लोगों ने शक में उसकी ओर देखा। वह घबराया और बाहर निकल कर दौड़ पड़ा। लोग दौड़े जा रहे थे उसके पीछे। जैसे उस बच्चे को पकड़ कर वे न जाने कौन सा पुरस्कार पाने वाले हैं? वे यह भी जानने की कोशिश में नहीं थे कि यह भागता हुआ लड़का चुराया क्या है? तभी भीड़ में



डॉ. गीता सिन्हा गीतांजलि

कोई चिल्लाया..." रुको, रुको पूछो तो सही उसने चुराया क्या है?" सभी रुक गए। एक दूसरे का मुँह देखने लगे। खेतों को पार करते करते वह लड़का एक तालाब के पास जा रुका। वह चिल्लाया..."मैं रेलवे स्टेशन के उस कमरे में शिकायत करने गया था, चोरी नहीं।" दो आदमी रुके, एक ने उसके नजदीक पहुंचकर उसके हाथ को जोर से पकड़ा... "क्या तुम चोर नहीं हो?" उसने दृढ़तापूर्वक कहा... "नहीं। मैं शिकायत लेकर स्टेशन के उस कमरे में गया था। मेरे माता-पिता किसी स्टेशन पर उतर गए हैं। "" मैं अकेला हूँ। "वह रोने लगा, तब वे उस बच्चे को अपने साथ ले गए। 'भीड़' से उसे बचाकर सुरक्षित पहुँचाया। अब वही लोग बच्चे के माता-पिता की खोज कर रहे थे। वही 'भीड़' के लोग जो उसे चोर बताकर पीछा कर रहे थे, अब उसकी मदद में जुटे थे। वह दस बारह वर्षीय बालक का नाम था सगुना।

# आज का दोहा

'आबनूस' सा हो रहा, क्यों विकास महसूस।
परेशान से घूमते, ईश्वर के जासूस।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पूर्वोत्तर भारत की परिधि नहीं, बल्कि देश की ग्रोथ स्टोरी का धड़कता दिल है : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से शनिवार को कहा गया कि पूर्वोत्तर भारत की परिधि नहीं, नहीं बल्कि देश की ग्रोथ स्टोरी का धड़कता दिल है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि नए हवाई अड्डों से लेकर सशक्त स्वयं सहायता समूहों तक और कनेक्टिविटी से लेकर क्रिएटिविटी तक, अरुणाचल प्रदेश विकसित भारत की भावना को दर्शाता है।पीएमओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा लिखा गया एक आर्टिकल साझा किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया के इस पोस्ट में उन्होंने देश की ग्रोथ स्टोरी में अरुणाचल प्रदेश के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया।पीएमओ ने एक्स पर पोस्ट किया, "नए हवाई अड्डों से लेकर सशक्त स्वयं सहायता समूहों तक, कनेक्टिविटी से लेकर क्रिएटिविटी तक, अरुणाचल प्रदेश विकसित भारत की भावना को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया का यह आर्टिकल अवश्य पढ़ें।"केंद्रीय मंत्री सिंधिया अपने आर्टिकल को एक्स पर शेयर कर लिखते हैं कि हमारी 'अष्टलक्ष्मी' अब कोई दूर की सीमा नहीं, बल्कि भारत की प्रगति का एक जीवंत केंद्र है।उन्होंने बताया कि उनके लिखे आर्टिकल में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश की जीरो घाटी की अपनी विस्मयकारी यात्रा का जिक्र किया है। उनके लिए यह यात्रा खास रही क्योंकि उन्होंने राज्य की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने के साथ उसके तेजी से बदलते रूप को देखा। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने राज्य की बदलती तस्वीर का श्रेय पीएम मोदी को दिया।अपने आर्टिकल में वे लिखते हैं कि जब भी मैं पूर्वोत्तर में कदम रखता हूं, मुझे नई ऊर्जा का एहसास होता है।" उन्होंने लिखा, "कई लोग इसे भारत की परिधि कहते हैं, लेकिन यह तो वह दिल है, जो अनेक रंगों, ध्वनियों और बनावटों में धड़कता है। मोतियों की एक माला, जो अनगिनत समुदायों, संस्कृतियों और जीवन-शैली से जुड़ी है और प्रकृति की शाश्वत लय में सहजता से गुंथी हुई है। कोई आश्चर्य नहीं कि हमारे प्रधानमंत्री इसे अष्टलक्ष्मी कहते हैं।"जीरो घाटी विश्व प्रसिद्ध जीरो म्यूजिक फेस्टिवल के लिए प्रसिद्ध है। इसे दुनिया के शीर्ष संगीत समारोहों में गिना जाता है। केंद्रीय मंत्री ने लिखा, "स्थानीय कारीगरों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और डिजिटल इंडिया तथा जनधन-आधार-मोबाइल की त्रिमूर्ति की बदौलत, कैशलेस पेमेंट आसान हो गया।"

## आत्मनिर्भर कृषि का संकल्प ने दो प्रमुख योजनाओं की शुरुआत की : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कृषि क्षेत्र में 35,440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दो प्रमुख योजनाओं, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक विशेष कृषि कार्यक्रम में इन योजनाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और चयनित 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। मोदी ने इस दौरान कहा कि आज 11 अक्टूबर का ये दिन बहुत ही ऐतिहासिक है। आज नया इतिहास रचने वाले मां भारती के दो महान रत्नों की जन्म-जयंती है। भारत रत्न श्री जयप्रकाश नारायण जी और भारत रत्न श्री नानाजी देशमुख... ये दोनों ही महान सपूत ग्रामीण भारत की आवाज थे। लोकतंत्र के क्रांति के अगुआ थे। किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित थे। उन्होंने कहा कि आज इस ऐतिहासिक दिन, देश की आत्मनिर्भरता के लिए, किसानों के कल्याण के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत हो रही है।पहली, पीएम धन धान्य कृषि योजना और दूसरी, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये दोनों योजनाएं भारत के करोड़ों किसानों का भाग्य बदलने का काम करेंगी। इन योजनाओं पर भारत सरकार करीब 35 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली है। उन्होंने कहा कि खेती और किसानी हमेशा से हमारी विकास यात्रा का हिस्सा रही है। बहुत जरूरी होता है कि बदलते समय के साथ खेती-किसानी को सरकार का सहयोग मिलता रहे। लेकिन दुर्भाग्य से पहले की सरकारों ने खेती-किसानी को अपने हाल पर छोड़ दिया था। इसलिए भारत की कृषि व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही थी। 21वीं सदी के भारत को तेज विकास के लिए अपनी कृषि व्यवस्था में भी सुधार करना आवश्यक था और इसकी शुरुआत 2014 के बाद से हुई।

# रिलायंस का सीएफओ 68 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अनिल अंबानी के रिलायंस समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक पाल को शुक्रवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया। ईडी करोड़ों रुपये के कई बैंक धोखाधड़ी मामलों में अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह से जुड़ी कंपनियों की जांच कर रहा है। अशोक कुमार पाल रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) के मुख्य वित्तीय अधिकारी हैं।आरपीएल एक सूचीबद्ध कंपनी है जिसके 75% से अधिक शेयर जनता के पास हैं। ईडी ने कहा कि उन्होंने एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी से धन के हेर-फेर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बोर्ड के प्रस्ताव ने उन्हें (और अन्य लोगों को) एसईसीआई के बीईएसएस निविदा के सभी दस्तावेजों को अंतिम रूप देने, अनुमोदित करने, हस्ताक्षर करने और निष्पादित करने, और बोली के लिए आरपीएल की वित्तीय क्षमता का उपयोग करने का अधिकार दिया। उन्होंने इस सार्वजनिक उपक्रम को धोखा देने के इरादे से एसईसीआई को 68 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी जमा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एसईसीआई निविदा में इस्तेमाल की गई जाली बैंक गारंटी योजना की योजना, पर्यवेक्षण, वित्त पोषण और उसे छिपाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने के लिए बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड को चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीटीपीएल एक छोटी सी संस्था है जो आवासीय पते से संचालित होती है और जिसका कोई विश्वसनीय बैंक गारंटी रिकॉर्ड नहीं है, और विक्रेता की जाँच-पड़ताल के बिना, एक नकली बैंक गारंटी तैयार की। बीटीपीएल के निदेशक, श्री पार्थ सारथी बिस्वाल पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं।उन्होंने करोड़ों रुपये के फर्जी परिवहन चालान के माध्यम से धन की हेराफेरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामान्य एसएपी/विक्रेता मास्टर वर्कफ़्लो के बाहर, टेलीग्राम/व्हाट्सएप के माध्यम से रिलीज़ को मंजूरी दी और कागजी कार्रवाई में मदद की। धोखाधड़ी की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रिलायंस पावर समूह ने फर्स्टरैंड बैंक, मनीला, फिलीपींस से बैंक गारंटी जमा की थी। जबकि सच्चाई यह है कि फिलीपींस में फर्स्टरैंड बैंक की कोई शाखा नहीं है।

### बिहार एनडीए में सीट बंटवारे की खींचतान, जीतन राम मांझी बोले-

# एनडीए में सीट बंटवारे पर जल्द फैसला, मांझी ने दोहराई एकजुटता

**एजेंसी। पटना**



बिहार चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर एनडीए में जारी खींचतान के बीच, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को एनडीए के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि सीटों के बंटवारे पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए, मांझी ने कहा कि फैसला होना ही है। हम एनडीए के गठबंधन सहयोगी हैं। एनडीए के नेता दिल्ली में हैं और हम भी अब दिल्ली जा रहे हैं। हम अनुशासित लोग हैं और हम अनुशासित रहेंगे। बिहार चुनाव 6 और 11 नवंबर को होने हैं, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सीट बंटवारे को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि एनडीए

## हम अनुशासित रहेंगे

एकजुट है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए तैयार है। शुक्रवार को एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा, "एनडीए गठबंधन को लेकर सभी चर्चाएँ पूरी हो चुकी हैं। बस औपचारिक घोषणा बाकी है। हमारा मानना है कि कल शाम तक इसकी घोषणा हो जाएगी। केंद्रीय नेतृत्व ही इसकी घोषणा करेगा।"

जायसवाल ने आगे कहा कि कई लोग अटकलें लगा रहे हैं। लेकिन जब 243 विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन चल रहा था, तब मैंने कहा था कि एनडीए पूरी एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है और आगामी चुनावों में भारी बहुमत से सरकार बनाएगा। जो लोग ऐसी चर्चाएँ करते थे, वे अब शांत हो गए हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आगामी एनडीए बैठक बेहतर सरकार, सुशासन और बेईमानी की राजनीति से मुक्ति सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

### डीके शिवकुमार ने सीएम पद की अटकलों को नकारा, बोले-

# कांग्रेस में सत्ता परिवर्तन पर बोलने वालों को नोटिस देने के निर्देश

**एजेंसी। कर्नाटक**



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि लोग भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कर्नाटक में नेतृत्व के मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की थी, बल्कि केवल राज्य के अच्छे दिनों पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि मैंने नेतृत्व के मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा है। इस मुद्दे पर कुछ गलतफहमी है। कुछ निवासियों ने कहा कि अच्छे दिन आने वाले हैं। डीके शिवकुमार ने कहा कि ऐसा नहीं है कि मुझे नहीं पता; कुछ मीडिया वाले भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। आपको भ्रमित होने की ज़रूरत नहीं है। मुझे पता है कि मेरा समय कब है। मेरा समय यह देखने का है कि मैं 2028 में कर्नाटक में कांग्रेस सरकार वापस लाऊँ। यही मेरी प्राथमिकता है। यह तब हुआ जब लालबाग में एक जनसंपर्क अभियान के दौरान एक व्यक्ति ने उनसे कर्नाटक सरकार के बारे में कई सवाल पूछे।हालाँकि, राज्य सरकार में मंत्रिमंडल में फेरबदल की खबरें हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 13 अक्टूबर को मंत्रियों की रात्रिभोज बैठक बुलाई है, लेकिन मंत्रिमंडल में फेरबदल की किसी भी अटकल को खारिज करते हुए कहा कि यह एक अनौपचारिक बैठक होगी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे मंत्रियों को भोजन पर आमंत्रित किए हुए काफी समय हो गया है, इसलिए मैंने उन्हें सिर्फ़ इसी के लिए बुलाया है। इस रात्रिभोज का मंत्रिमंडल में फेरबदल से कोई संबंध नहीं है। हालाँकि, शिवकुमार ने पिछले हफ़्ते कांग्रेस में अपने सहयोगियों को कर्नाटक सरकार में सत्ता परिवर्तन पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने के ख़िलाफ़ चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष जीसी चंद्रशेखर को निर्देश दिया है।

# जीएसटी में कमी और एमएसपी वृद्धि से किसानों की तकदीर बदलेगी : शिवराज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्लैब में कमी से किसानों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि किसान ट्रैक्टर सहित कृषि उपकरणों पर अच्छी-खासी बचत कर रहे हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभी-अभी, कृषि मशीनों पर जीएसटी कम करने से किसानों को बड़ी राहत मिली है; छोटे ट्रैक्टरों पर लगभग 23,000 रुपये की बचत होगी। 35 हॉर्सपावर वाले ट्रैक्टर पर लगभग 43,000 रुपये की बचत होगी। बड़े ट्रैक्टरों पर लगभग 65,000 रुपये की बचत होगी। विभिन्न उपकरण सस्ते कर दिए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने किसानों के कल्याण को सर्वोपरि रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और अमेरिका से शुल्कों के बीच किसानों के कल्याण की रक्षा के लिए सरकार के अडिग रुख को याद किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी, किसानों के कल्याण को सर्वोपरि रखने के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं। इसीलिए आपने इसी मंच से घोषणा की थी कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की केंद्र की पहल पर प्रकाश डालते हुए, बुवाई का मौसम शुरू होते ही, चौहान ने कहा, "एमएसपी बढ़ाकर, प्रधानमंत्री ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी उपज का सही और पूरा मूल्य मिले। हम प्रधानमंत्री के आभारी हैं क्योंकि पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों के खातों में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) के माध्यम से 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं।"केंद्र सरकार ने रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए एमएसपी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 297 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) खरीद का अनुमान है और किसानों को एमएसपी पर लगभग 84,263 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। 2026-27 के आरएमएस में, गेहूँ के लिए उत्पादन लागत पर मार्जिन 109 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर है। उल्लेखनीय है कि 2028-29 तक अरहर, उड़द और मसूर का 100 प्रतिशत से अधिक उत्पादन खरीदा जाएगा, जिसमें मार्च 2025 तक 2.46 लाख मीट्रिक टन अरहर की खरीद हो चुकी है।

## महाराष्ट्र सरकार का किसानों के लिए राहत पैकेज इतिहास का सबसे बड़ा मजाक: उद्धव



**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य की देवेंद्र फडणवीस सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित हालिया राहत पैकेज को शनिवार को इतिहास का "सबसे बड़ा मजाक" करार दिया।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों के लिए पूर्ण ऋण माफी की घोषणा करने में विफल रहती है तो किसान सड़कों पर उतरेंगे।

ठाकरे ने कहा, "महाराष्ट्र सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित वित्तीय सहायता इतिहास का सबसे बड़ा मजाक है।" उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में महाराष्ट्र के दौरे पर किसानों के बारे में कुछ नहीं कहा।

मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया था। ठाकरे ने यह भी कहा कि भारी बहुमत के बावजूद, सरकार राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त करने से डर रही है।

इस सप्ताह की शुरुआत में, राज्य सरकार ने बारिश और बाढ़ के कारण भारी नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए 31,628 करोड़ रुपये के मुआवजे के पैकेज की घोषणा की थी और कहा था कि कुल सहायता 48,000 रुपये प्रति हेक्टेयर होगी।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि सरकार समय आने पर ऋण माफी की घोषणा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को हुए नुकसान पर केंद्र को सौंपने के लिए एक व्यापक ज्ञापन तैयार किया जा रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छा रहेगा। अकारण शुरु हुई बाधाओं का अन्त अपने आप ही हो जाएगा। आज आपके ननीहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज अचानक से आपको किसी धार्मिक कार्य में सहयोग देने का अवसर मिलेगा।

**वृष :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक तौर पर थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। आज किसी विदेशी कंपनी से आपकी साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। आज पड़ोसियों के साथ मिलकर कोई सामाजिक कार्य में सहयोग देंगे। इससे लोगों के बीच आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आज बड़ों से प्रेरणा लेकर काम की पहल करने की जरुरत है। अपना आर्थिक लक्ष्य पाने के लिए अपनी रचनात्मक क्षमता काम में लायेंगे तो आपको अच्छा खासा फायदा होगा। कोई भी नया बिजनेस शुरु करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह जरुर ले।

**कर्क :** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया वाला रहेगा। आज किसी मेहमान के घर आने का योग है जिससे आप घर के कामो में थोड़ा बिजी रह सकते हैं। दाम्पत्य जीवन के रिश्तों में थोड़ी अनबन हो सकती है, इसलिए जितना हो सके अपने साथी को समझने की कोशिश करें।

**सिंह :** आज आपका दिन सामन्य रहेगा। आज ऑफिस में किसी सहकर्मी के साथ वाद विवाद की स्थिती बन सकती है, आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरुरत है। बच्चों के स्वास्थ्य में आज थोड़ा उतार-चढ़ाव आ सकता है। किसी अच्छे डाक्टर की सलाह से आगे बढ़ने की जरुरत है।

**कन्या :** आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। नौकरी के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक भी रहेंगे। आप हर समस्या से आसानी निपट लेंगे। आपके मन में कोई योजना चल रही है उससे आपको कोई बड़ा फायदा मिल सकता है। आज आपके ज्यादातर काम जो अधूरे थे वो पूरे हो जाएंगे।

**तुला :** आज आपका दिन सामान्य लाभ देने वाला रहेगा। आज किसी के मामलों में दखल देने से बचें। आज किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा ना लगाएं। आपका लगाया हुआ धन फस भी सकता है। आज आपका प्रिय दोस्त आपको जो सलाह दें उसे मान लें। किसी भी तरह की परेशानी हो तो दोस्तों के साथ शेयर करें।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहेगा। आज आप सबसे पहले खुद के कामों का निपटारा करेंगे। आप के सभी रुके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। आपके कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा भी होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहेगा।

**धनु :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपकी राय या बात को ध्यान से सुनेगा। अपने आप को सही साबित करने में आज आपको मुश्किल नहीं होगी। आज कोई जोखिम भरा काम करने से बचें। घर से बाहर निकलते समय सावधानी जरूर बरते।

**मकर :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कोर्ट-कचहरी के कामों का निपटारा तुरंत हो जायेगा। किसी सरकारी वकील का सहयोग भी आपको मिलेगा। इंजीनियरिंग की फिल्ड से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन परिवर्तन करने वाला रहेगा। आज आप जॉब चेंज भी कर सकते हैं।

**कुंभ :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका मन सामाजिक कार्यों में अत्यधिक लगेगा। आज विद्यार्थि अपने प्रिय शिक्षको की मदद से मन पसंद विषय में दाखिला ले सकते हैं। आज का दिन अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का है। आज आपको किसी अपने की बात का बुरा लग सकता है।

**मीन :** आज आपका दिन पहले से अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो निश्चित समय पर पूरा होगा। आज करियर से संबंधित नए अवसर आपको मिल सकते हैं। आपकी किसी नए फर्म में नौकरी भी लग सकती है। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केट से जुड़े विषयों में दाखिला ले सकते हैं।

# ओवैसी को नीतेश राणे की खुली धमकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अहिल्यानगर के मुकुंदनगर स्थित सीआईवी ग्राउंड में एआईएमआईएम सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी की जनसभा हुई। इस बैठक में एमआईएम नेता वारिस पठान ने भाजपा नेता और मंत्री नितेश राणे पर हमला बोला। वारिस पठान ने मंत्री नितेश राणे को धमकी देते हुए कहा था आप दो पैरों पर आएंगे और स्ट्रेचर पर जाएंगे। मंत्री नितेश राणे ने इसका जवाब दिया है। कल की सभा अहमदनगर में नहीं, अहिल्यानगर में हुई थी। भौंकने वाले कुत्ते काटते नहीं। वे अहिल्यानगर में घूम रहे थे। वे कहते हैं कि वे कानून-व्यवस्था में विश्वास रखते हैं, लेकिन वे अहिल्यानगर नाम में विश्वास नहीं रखते, वे औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने में विश्वास नहीं रखते। राणे ने कहा कि क्या ये पाकिस्तान है? क्या ये शरिया है? जिनके विचारों ने पिलावल को जन्म दिया, वो भारत की आज़ादी के ख़िलाफ़ थे। एक सरकार के तौर पर हमें ये देखना होगा कि हमें आपकी बैठकें करनी चाहिए या नहीं। नितेश राणे ने जवाब देते हुए कहा है कि हरे सांप हिल गए हैं, हिंदुत्व की सरकार है। अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई तो सरकार को भी सोचना पड़ेगा कि सभा की अनुमति देनी है या नहीं। पैगम्बर साहब कुरान पर बोलते हुए भड़क जाते हैं। जब तुम हमारी देवियों के हाथ तोड़ते हो, तो क्या हम बोलना नहीं चाहते? अगर आप हर जगह "आई लव मोहम्मद" के पोस्टर लगाकर हमें धमकाते हैं, तो हमें अपनी तीसरी आँख खोलने पर मजबूर मत कीजिए। सच्चा सनातनी हिंदू वह है जो अंबेडकर को मानता है। शिवशक्ति वह है जो भीमशक्ति को मानता है।

नितेश राणे ने कहा कि वे शरिया लाना चाहते हैं, वे अंबेडकर को नहीं मानते। हिंदुत्व कार्यकर्ताओं के रूप में, हम पजामे का फंदा खोलना जानते हैं।

# हुक्मरानों का पूर्वाग्रह बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है: सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार की पत्नी को शोक संदेश भेजकर दुख जताया और कहा कि आज भी हुक्मरानों का पूर्वाग्रह से ग्रस्त पक्षपातपूर्ण रवैया बड़े से बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है।भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी पूरण कुमार ने बीते मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली थी और उन्होंने एक 'सुसाइड नोट' छोड़ा था। गांधी ने कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार को 10 अक्टूबर को भेजे पत्र में लिखा, आपके पति व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री वाई. पूरण कुमार के देहांत की खबर स्तब्ध करने वाली भी है और मन को व्यथित करने वाली भी। अपार मुश्किल की इस घड़ी में मेरी ओर से आपके अलावा पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं। उन्होंने कहा कि कुमार का देहावसान यह याद दिलाता रहेगा कि आज भी हुक्मरानों का पूर्वाग्रह से ग्रस्त पक्षपातपूर्ण रवैया बड़े से बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है।

**राजनीतिक मुद्दा** — शरणार्थियों और घुसपैठियों के बीच का अंतर बताते हुए अमित शाह ने पूछा-

# राजस्थान, गुजरात सीमा से क्यों नहीं होती घुसपैठ?

- **कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहे**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



## गृह मंत्री ने मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया का किया समर्थन

केंद्रीय गृह मंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का समर्थन करते हुए शुक्रवार को कहा कि मतदाता सूची में घुसपैठियों का शामिल होना संविधान की भावना को दूषित करता है और मतदान का अधिकार केवल देश के नागरिकों को ही उपलब्ध होना चाहिए। समाचार पत्र 'दैनिक जागरण' के पूर्व प्रधान संपादक नरेंद्र मोहन की स्मृति में 'घुसपैठ, जनसांख्यिकीय बदलाव और लोकतंत्र' विषय पर व्याख्यान देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र घुसपैठियों से निपटने के लिए 'पता लगाने, हटाने और निर्वासित करने' की नीति का पालन करेगा। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठ और निर्वाचन आयोग की कवायद एसआईआर को राजनीतिक नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ताजा भाषण 'घुसपैठ, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और लोकतंत्र' के विषय पर न केवल राजनीतिक विमर्श में नया मोड़ ला रहा है, बल्कि इसके सामरिक और भूराजनीतिक आयाम भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अमित शाह ने अपने भाषण में स्पष्ट किया कि घुसपैठ कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने इस खतरे को केवल सीमा सुरक्षा का सवाल नहीं बल्कि राज्य और केंद्र दोनों की जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि भारत की सीमा नीति में सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है। अमित शाह ने विशेष रूप से कहा कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में देखते हैं और यही कारण है कि कुछ राज्यों में अवैध प्रवासियों को संरक्षण मिलता है। यह आरोप न केवल विपक्ष पर निशाना साधता है बल्कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप की संभावना की ओर भी इशारा करता है। उनके द्वारा दिए गए आंकड़े, जैसे असम में मुस्लिम जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 29.6 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में 70 प्रतिशत तक का उछाल, घुसपैठ और जनसांख्यिकीय परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी हैं। यह आंकड़े राजनीतिक विमर्श के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भूराजनीतिक दृष्टि से अमित शाह ने यह सवाल उठाया कि गुजरात और राजस्थान की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों नहीं होती, जबकि पूर्वी सीमाओं पर यह बढ़ रही है। यह सीधे तौर पर सीमा प्रबंधन और पड़ोसी देशों— विशेषकर बांग्लादेश और पाकिस्तान, के साथ भारत की सुरक्षा रणनीति की जटिलताओं को उजागर करता है।

## विश्वनाथन आनंद को हराने के बाद गैरी कास्परोव ने कहा, 'शायद अतीत उन पर हावी हो गया'

**नई दिल्ली।** सेंट लुइस में आयोजित प्रदर्शनी प्रतियोगिता 'क्लच शतरंजः द लीजेंड्स' में गैरी कास्परोव ने विश्वनाथन आनंद को मात दी। तीन दिन तक चली प्रतियोगिता में कास्परोव और आनंद ने फ्रीस्टाइल फॉर्मेट में 12 रैपिड और ब्लिट्ज गेम्स में हिस्सा लिया, जिसमें कास्परोव ने 13-11 से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में 'कैस्केडिंग प्वाइंट सिस्टम' का इस्तेमाल किया गया था। पहले दिन जीतने पर एक अंक, दूसरे दिन जीतने पर दो अंक और तीसरे दिन जीतने पर तीन अंक दिए गए, जिससे कास्परोव ने दो गेम शेष रहते जीत सुनिश्चित कर ली। आनंद ने फिर आखिरी दोनों गेम अपने नाम किए। कास्परोव ने जीत के बाद सेंट लुइस शतरंज क्लब के यूट्यूब चैनल को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि आनंद को तीन दिनों तक कुछ 'मानसिक परेशानी' का सामना करना पड़ा। कास्परोव ने कहा, "उन्हें कुछ मानसिक परेशानी थी। पहले दिन से ही उनके लिए सब कुछ ठीक नहीं रहा। मुझे लगता है कि मेरे खिलाफ उनका स्कोर ऐतिहासिक रूप से खराब रहा है। शायद खेल के दौरान अतीत उन पर हावी हो गया।" क्लच चेस के दूसरे दिन भारत के पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को गैरी कास्परोव के खिलाफ पांचवें गेम में स्पष्ट बढ़त हासिल थी, लेकिन आनंद अपने समय पर ध्यान नहीं दे पाए और अंततः समय खत्म होने के कारण मैच हार गए। यह मुकाबला रैपिड फॉर्मेट में खेला गया था।

## महिला विश्व कप : हरलीन देओल को 'गुडबाय' का इशारा, साउथ अफ्रीकी गेंदबाज को आईसीसी ने फटकारा

**दुबई।** साउथ अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को भारत के खिलाफ मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है। गुरुवार को विशाखापत्तनम में खेले गए महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। बाएं हाथ की 24 वर्षीय स्पिनर को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, व्यवहार, हावभाव या आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है। आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। यह 24 महीने की अवधि में म्लाबा का पहला अपराध है। आईसीसी के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और मामले की गंभीरता के आधार पर एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

वेस्टइंडीज ने 140 रन पर गंवाए 4 विकेट



भारत बनाम वेस्टइंडीज, दूसरा टेस्ट, दिन-2

# टीम इंडिया ने कस लिया है शिकंजा

### मेहमानों पर फॉलोऑन का खतरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और वेस्टइंडीज के बीच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेल जा रहे अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन की समाप्ति हो गई है। दिन का खेल समाप्त होने वेस्टइंडीज ने 140 रनों पर 4 विकेट गंवा दिए। ऐसे में कैरेबियाई टीम पर अब फॉलोऑन का खतरा मंडराने लगा है। इससे पहले टीम इंडिया ने मुकाबले में टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 518 रन बनाकर अपनी पारी को घोषित किया था। ऐसे में खेल के दूसरे दिन की समाप्ति तक टीम इंडिया के पास 378 रनों की लीड बची है। वेस्टइंडीज के लिए खेल के तीसरे दिन शाई होप और टेविन इमलाच पारी को आगे बढ़ाएंगे। होप 31 रन बनाकर खेल रहे हैं, जबकि टेविन इमलाच ने 14 रन बनाए हैं। भारत के खिलाफ 518 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बहुत ही खराब रही है। टीम ने सिर्फ 21 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया था हलांकि, पहले विकेट के बाद तेगनारायण चंद्रपॉल और एलिक एथानाजे मिलकर 66 रनों की पार्टनरशिप कर टीम के स्कोर को 100 के करीब पहुंचाया।

### शाई होप ने भी दिखाया दम

वेस्टइंडीज के लिए बल्लेबाजी में शाई होप ने अपना दम दिखाया। अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने स्पिन आक्रमण के खिलाफ कुछ आकर्षक शॉट भी लगाए। वहीं एथानाजे ने वेस्टइंडीज के लिए 84 गेंद में 41 रनों की पारी खेली। इसके अलावा चंद्रपॉल ने 67 गेंद में 34 रनों का योगदान दिया। टीम के कप्तान रोस्टन चेज अपना खाता नहीं खोल पाए.गेंदबाजी की बात करें तो टीम इंडिया के लिए दिन का खेल समाप्त होने तक सबसे ज्यादा विकेट रविंद्र जडेजा के नाम रहा। जडेजा ने 14 ओवर में 37 रन देकर विकेट लिए। इसके अलावा कुलदीप यादव के खाते में भी एक-एक विकेट आया। वहीं तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज खाली हाथ रहे। वाशिंगटन सुंदर भी पारी में विकेट नहीं निकाल पाए हैं।

### भारत के लिए शुभमन गिल और यशस्वी का शतक


वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया की बल्लेबाजी शानदार रही। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल क लिए पहले विकेट के लिए 58 रनों की पार्टनरशिप हुई। केएल राहुल ओपनिंग करते हुए सिर्फ 28 रन ही बना सके। इसके अलावा साई सुदर्शन ने 87 रनों की दमदार पारी खेली, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी ने 43 और ध्रुव जुरेल ने 44 रन बनाए।

भारतीय पारी का आकर्षण यशस्वी और शुभमन गिल का शतक रहा। यशस्वी जायसवाल ने 258 गेंद में 22 चौकों की मदद से 175 रनों की पारी खेली। इसके अलावा शुभमन गिल 129 रन बनाकर नाबाद। हालांकि, दुर्भाग्य ये रहा कि यशस्वी अपना दोहरा शतक पूरा नहीं। दरअसल कप्तान शुभमन गिल के साथ हुई गफलत क कारण वह रन आउट हो गए।

## मेसी की गैरमौजूदगी में लो सेल्सो का विजयी गोल, वेनेजुएला पर अर्जेंटीना की आसान जीत

**एजेंसी। मियामी**

लियोनेल मेसी की गैरमौजूदगी के बावजूद, अर्जेंटीना ने शुक्रवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में वेनेजुएला को 1-0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में गियोवानी लो सेल्सो जीत के हीरो रहे। जूलियन अल्वारेज और लौटारो मार्टिनेज के नेतृत्व में अर्जेंटीना का आक्रमण इस पूरे मैच में आक्रामक रहा, जबकि फुलबैक नाहुएल मोलिना ने दाहिने छोर पर अपनी ऊर्जा से फैंस



को प्रभावित किया। इस मुकाबले में निर्णायक मौका 31वें मिनट में आया। अल्वारेज और मार्टिनेज ने बॉक्स के पास शानदार तालमेल दिखाया, जिसने वेनेजुएला के डिफेंडर्स को अपनी पोजीशन से बाहर खींच लिया और फिर लो सेल्सो को पास थमा दिया।

मिडफील्डर ने बेहतरीन संयम दिखाते हुए बाएं पैर से सटीक शॉट लगाया, जो गोलकीपर जोस कॉन्ट्रेरास को चकमा देते हुए नेट में जा पहुंचा। इसी के साथ अर्जेंटीना ने 1-0 की बढ़त हासिल की।

## आपने पदक नहीं, हमारा दिल जीता है' : डॉ. मनसुख मंडाविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने शनिवार को नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले भारतीय दल को सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री ने एथलीटों के असाधारण जज्बे, दृढ़ संकल्प और प्रदर्शन की सराहना की। पैरा एथलीटों को संबोधित करते हुए डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, ₹आप पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं। पदक जीतकर आपने देश को जो गौरव दिलाया है और खासकर दिव्यांगों को जो प्रेरक संदेश दिया है, वह काबिले तारीफ है। आपने जो जुनून दिखाया है, वह अद्भुत है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए नए भारत के विजन और भावना को बेहतरीन तरीके से आपने प्रदर्शित किया है। प्रधानमंत्री टीवी पर आपके मैच देख रहे थे और हमारी बैठकों के दौरान आप सभी के बारे में पूछते रहते थे। डॉ. मनसुख मंडाविया ने 'अक्षमता को दृढ़ संकल्प' में बदलने के लिए एथलीटों




का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह साहस की एक नई परिभाषा है जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पूरे देश को आपकी उपलब्धियों पर गर्व है। आपने न केवल पदक जीते हैं, बल्कि हमारा दिल भी जीता है। आपने दिखाया है कि जब इरादे मजबूत हों, तो व्हीलचेयर भी पंख बन सकती है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भारत में अब तक आयोजित सबसे बड़ा पैरा-खेल आयोजन था, जिसमें 100 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया था। भारत ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 22 पदक जीते हैं। इसमें 6 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदक हैं। भारत चैंपियनशिप में दसवें स्थान पर रहा। खेल मंत्रालय की तरफ से पैरा एथलीटों को 1.09 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार दिए गए। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, ₹खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एक परिवार की तरह हमारी मदद की है। डब्ल्यूपीए ने इस आयोजन की सफल मेजबानी के लिए आयोजन के अंतिम दिन हमें एक ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी होगी कि भारत आगे भी ऐसे और आयोजनों की मेजबानी करे। आईपीसी के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स और विश्व पैरा एथलेटिक्स के अध्यक्ष पॉल फ्रिट्जराल्ड, दोनों ने कहा कि एथलीटों को प्रदान की गई सुविधाओं का स्तर और खेलों का तकनीकी संचालन, दोनों ही सर्वोच्च स्तर के थे।



# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत मजबूती का कर रहा प्रदर्शन: शक्तिकांत दास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितता और खंडित व्यापार व्यवस्था के बीच भारत मजबूती का प्रदर्शन कर रहा है। पुणे के गोखले संस्थान में 85वें काले स्मृति व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा कि महामारी, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई चेन कमज़ोरियों ने लंबे समय से चले आ रहे वैश्वीकरण के मानदंडों और लागत-आधारित व्यापार सिद्धांतों को बाधित किया है, जिससे राष्ट्र आत्मनिर्भरता और क्षेत्रीय व्यापार समझौतों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, "आत्मनिर्भर भारत के तहत संरचनात्मक सुधारों, घरेलू मांग और विवेकपूर्ण मैक्रो नीतियों के बल पर भारत ने वैश्विक चुनौतियों का सामना किया है और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में लगभग पाँचवें हिस्से का योगदान देने के लिए तैयार है।" दास ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, "भारत बदलती वैश्विक व्यवस्था के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने व्यापारिक संबंधों को भी सक्रिय रूप से नया रूप दे रहा है। भारत 14 मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और छह पीटीए पर हस्ताक्षरकर्ता है, जिनमें यूके, ऑस्ट्रेलिया और




यूएई हाल ही में शामिल हुए एफटीए हैं।"इसके अतिरिक्त, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और भारत ने मार्च 2024 में एक व्यापक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

वर्तमान में, भारत अमेरिका, यूरोपीय संघ, पेरू, ओमान, न्यूजीलैंड और कई अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है।

उन्होंने कहा, "हमारी व्यापार वार्ताओं की अंतर्निहित प्राथमिकता हमारे राष्ट्र और लोगों के सर्वोत्तम हित में निष्पक्ष और संतुलित समझौते सुनिश्चित करना है।"

इस तरह की बदलती वैश्विक व्यवस्था के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाले मजबूत बुनियादी ढांचे और इन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाले संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण होगा।

पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा, "इन कारकों ने भारत को अशांत विश्व व्यवस्था में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है।"

भारत तेजी से एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और घरेलू सुधारों और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत एक मजबूत वैश्विक स्थिति के कारण, 2025 में चौथी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था और 2028 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। दास ने कहा कि व्यापक क्षेत्रीय स्तर पर, भारत का विनिर्माण क्षेत्र पिछले एक दशक में औसतन 5.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

## एसयूडी लाइफ ने लॉन्च किया निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 6 अक्टूबर 2025 से स्टार यूनियन दाइ-इची लाइफ इंश्योरेंस (एसयूडी लाइफ) का नया फंड ऑफर 'एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड' निवेशकों के लिए खुला है। यह फंड भारत के शीर्ष 50 प्रदर्शनशील शेयरों पर आधारित निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स को ट्रैक करेगा। कंपनी के सीआईओ प्रशांत शर्मा के अनुसार, यह निवेशकों को डेटा-आधारित स्मार्ट इक्विटी निवेश का विकल्प देता है।

Star Union Dai-ichi Life Insurance
A joint venture of
Bank of India | Union Bank of India | Dai-ichi Life

एनएफओ 24 अक्टूबर 2025 तक खुला रहेगा।

## रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र त्योहारी सीजन की भीड़ को संभालने में होगा मददगार : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र त्योहारी सीजन के दौरान प्लेटफॉर्म पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने में मददगार होगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, "नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आसान, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवाजाही के लिए नई पहल की जा रही है।" उन्होंने आगे कहा कि यह क्षेत्र प्री-टिकटिंग एरिया, टिकटिंग एरिया और पोस्ट-टिकटिंग एरिया में विभाजित है, जिससे प्लेटफॉर्म पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा, "अनारक्षित टिकट काउंटर और ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा से टिकट जल्दी और आसानी से मिलेंगे।" केंद्रीय मंत्री ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर कर जानकारी दी कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए यात्री सुविधा केंद्र बनाया गया है। यह काफी बड़ा एरिया हैं, जहां पर यात्रियों के लिए 150 से अधिक पुरुष और महिला शौचालयों के अलावा, पेय जल जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस एरिया में यात्रियों को पीने के लिए प्यूरीफाइड वॉटर की सुविधा भी दी गई है। इस एरिया का इस्तेमाल उन यात्रियों द्वारा किया जा सकता है, जो अपनी ट्रेन का इंतजार करते हैं। इस एरिया 200 यात्रियों के बैठने की क्षमता और शीतलता के लिए 18 एचवीएलएस पंखे लगाए गए हैं। साथ ही, सिक्योरिटी के लिए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट 18 सीसीटीवी कैमरा, 5 लगेज स्कैनर और 5 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था की गई है। वीडियो में जानकारी दी गई है कि जिन यात्रियों के पास ट्रेन में यात्रा करने का टिकट नहीं है वे अनारक्षित टिकट खिड़की (अनरिजर्व्ड टिकट विंडो) एरिया में जाकर अपनी टिकट ले सकते हैं। यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए 22 आधुनिक टिकट काउंटर और 25 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन की भी व्यवस्था की गई है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह केंद्र लगभग 7,000 यात्रियों की क्षमता के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जिससे बोर्डिंग से पहले सुविधा और आवागमन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

## ईडी ने रिलायंस पावर के सीएफओ को ₹68 करोड़ फर्जी बैंक गारंटी केस में गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी की समूह कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी अशोक पाल को 68 करोड़ की कथित फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया। सूत्रों के हवाले से दी। सूत्रों के अनुसार, पाल को शुक्रवार रात धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए)के तहत हिरासत में लिया गया। उन्हें शनिवार को विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां उनकी हिरासत में पूछताछ के लिए रिमांड मांगेगी।

**● मामला फर्जी बैंक गारंटी से जुड़ा**

यह मामला रिलायंस एनयू बेस लिमिटेड नामक रिलायंस पावर की सहायक कंपनी द्वारा भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड (एसईसीआई) को जमा की गई 68.2 करोड़ की बैंक गारंटी से संबंधित है। जांच में यह गारंटी फर्जी पाई गई। रिलायंस एनयू बेस का पुराना नाम महाराष्ट्र एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड था। ईडी ने आरोप लगाया है कि ओडिशा स्थित बिस्वाल ट्रेडलिंक नामक कंपनी फर्जी बैंक गारंटियों का कारोबार चला रही थी। अगस्त में ईडी ने इस कंपनी और इसके प्रमोटर्स के परिसरों पर छापेमारी की थी और कंपनी के प्रबंध निदेशक पार्थ सरथी बिस्वाल को गिरफ्तार किया गया था।

## गूगल प्ले स्टोर पर ब्रोकिंग ऐप्स को मिलेगा वेरिफिकेशन टिक, फर्जी ऐप्स पर लगेगी लगाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने निवेशकों को फर्जी ऐप्स से बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। SEBI के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने शनिवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम के कैपिटल मार्केट कॉन्फ्लुएंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि SEBI ने गूगल से अनुरोध किया है कि वह प्ले स्टोर पर रजिस्टर्ड ब्रोकिंग ऐप्स के लिए वेरिफिकेशन टिक मार्क की सुविधा शुरू करे। गूगल ने इस अनुरोध को मान लिया है और अगले दो महीनों में यह सुविधा प्ले स्टोर पर दिखने लगेगी।

वार्ष्णेय ने कहा कि जब आप प्ले स्टोर खोलेंगे, तो रजिस्टर्ड स्टॉक ब्रोकर्स की ऐप्स के साथ एक टिक मार्क दिखेगा। यह टिक निवेशकों को यह समझने में मदद करेगा कि कौन सी ऐप सही है और कौन सी नकली। SEBI की इस पहल का मकसद निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, SEBI ने फ्रॉड रोकने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए हैं, जैसे वैलिड यूपीआई पहल और 'SEBI वर्सेज स्कैम' अभियान, जो निवेशकों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं।

**● कमोडिटी मार्केट और एल्गो ट्रेडिंग पर भी फोकस**

सेबी कमोडिटी मार्केट को फिर से मजबूत करने की दिशा में भी काम कर रहा है। वार्ष्णेय ने बताया कि कमोडिटी मार्केट में कुछ चुनौतियां हैं, जिनमें ब्रोकर्स अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक सीमाओं की वजह से स्पॉट ट्रांजैक्शन नहीं हो सकते, क्योंकि यह राज्य सरकारों के दायरे में आता है। किसानों को तुरंत पैसे चाहिए, जो फ्यूचर सेटलमेंट का इंतजार नहीं कर सकते। ऐसे में ब्रोकर्स कमोडिटी मार्केट को और बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। सेबी इस दिशा में तरलता बढ़ाने के उपाय भी कर रहा है।

# अनुशासन का जज्बा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है : आईजी

## गढ़वा ने पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2025 का खिताब जीता, पलामू उप विजेता बना

- पलामू के राणा सत्य विक्रम नारायण सिंह ने कार्बाइन स्पर्धा में दिखाया दम
- आईजी एस. के. सिन्हा ने दी उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में संपन्न हुई पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2025 में गढ़वा जिला ने 1004 अंकों के साथ ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि मेज़बान पलामू 919 अंकों के साथ उपविजेता रहा। इस प्रतियोगिता में तीन जिलों के खिलाड़ी शामिल हुए और विभिन्न वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। समापन समारोह में आईजी एस. के. सिन्हा ने मेडल और प्रमाणपत्र वितरित करते हुए खिलाड़ियों की खेल भावना, अनुशासन और प्रदर्शन की खुलकर प्रशंसा की। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में गढ़वा, पलामू और लातेहार के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और खेल के प्रति नए उत्साह का संचार हुआ। प्रतियोगिता में पलामू के राणा सत्य विक्रम नारायण सिंह का नाम प्रमुख रहा, जिन्होंने कार्बाइन 40 गज (स्टैंडिंग) स्पर्धा में 34 अंकों के साथ विजेता बनकर जिले का नाम रोशन किया। राणा सत्य विक्रम नारायण सिंह ने अपने उत्कृष्ट निशानेबाजी कौशल से सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने न केवल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया बल्कि पलामू जिले के लिए प्रतिष्ठा बढ़ाई। उनके आत्मविश्वास और कौशल को लेकर आयोजक एवं दर्शक एक स्वर में प्रशंसित हुए। प्रतियोगिता में उनकी यह जीत जिले के लिए प्रेरणादाई रहा।

### उत्साह व समर्पण हर क्षेत्र में प्रगति की कुंजी है : आईजी एसके सिन्हा

समापन समारोह में आईजी एस. के. सिन्हा ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता ने हमें दिखाया कि जब हम एकजुट होकर समर्पण के साथ प्रयास करते हैं, तो सीमा रेखाएं धुंधली हो जाती हैं और असंभव को संभव बनाया जा सकता है। हमारे युवा खिलाड़ियों ने ना केवल अपने कौशल का परिचय दिया, बल्कि अनुशासन और खेल भावना से सभी को प्रभावित किया। यह उत्साह और समर्पण हर क्षेत्र में प्रगति की कुंजी है। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आईजी सिन्हा ने यह भी कहा कि खेल के प्रति यह समर्पण क्षेत्र के युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा और खेल संस्कृति को मजबूत करेगा।



### अन्य प्रमुख विजेता और पुरस्कार

- कार्बाइन 25 गज (बैटल क्लॉज) में गढ़वा के धीरेन्द्र कुमार पासवान ने 67 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- कार्बाइन 50 गज (निलिंग पोजिशन) व कार्बाइन 50 गज (लाईंग पोजिशन) में पलामू के विक्रांत दुबे ने क्रमश: 24 व 47 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।
- इंसास 100 गज (स्टैंडिंग पोजिशन) में मनोज कुमार यादव (गढ़वा) विजेता रहे।
- इंसास 200 गज (निलिंग पोजिशन) में धीरेन्द्र कुमार पासवान (गढ़वा) 85 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे।
- इंसास 300 गज (लाईंग पोजिशन) में लबोदी मराण्डी (पलामू), जबकि इंसास 300 गज (थ्री पोजिशन) में मदन कुमार सिंह (पलामू) ने शीर्ष प्रदर्शन किया।
- पिस्टल/रिवॉल्वर श्रेणी में 15 गज स्कूटिव पोजिशन में रणवीर प्रसाद (गढ़वा) और 25 गज बोथ हैंड श्रेणी में हरिनारायण विश्वकर्मा (लातेहार) विजेता बने।
- बेस्ट ऑफ शॉट (कार्बाइन) का खिताब धीरेन्द्र कुमार पासवान (गढ़वा) को मिला।
- बेस्ट ऑफ शॉट (पिस्टल/रिवॉल्वर) का सम्मान रणवीर प्रसाद (गढ़वा) के नाम रहा।

### प्रतियोगिता ने बढ़ाई खेल प्रतिभाओं का उत्साह

इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान किया, बल्कि खेलों के प्रति युवा वर्ग में उत्साह जगाया। बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और अनुशासन को नया आयाम दिया। आयोजकों ने इसे क्षेत्रीय खेल विकास के लिए एक सफल पहल बताया। पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2025 ने क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा दी तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक मजबूत स्टेप प्रदान की है। इस प्रतियोगिता में गढ़वा का दबदबा देखने को मिला, लेकिन पलामू के राणा सत्य विक्रम नारायण सिंह ने सभी का दिल जीत लिया। आईजी एस. के. सिन्हा के सकारात्मक और प्रेरक भाषण ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

# दुबे गैंग के दो गुर्गे हथियार व बम के साथ गिरफ्तार

## कई गंभीर मामलों में थे वांछित

- एसपी को मिली गुप्त सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में परसाही के डगडगी पुल के पास छापेमारी कर मिली सफलता

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामारी टीम ने परसाही के डगडगी पुल के पास से अवधेश यादव (डबरा, लेस्लीगंज) और उपेंद्र यादव (बदई बथान, मनिका) को हथियार और बम के साथ दबोचा। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो सूतली बम और तीन मोबाइल फोन बरामद किए।

एसडीपीओ अरविंद कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों अपराधियों का संबंध दुर्दांत गैंगस्टर राहुल दुबे से है। ये दोनों 5 अक्टूबर को चंदवा थाना क्षेत्र के टोरी कोयला साइडिंग में हुई गोलीबारी और बमबारी की घटना में शामिल थे, जिसमें एनटीपीसी के मजदूर गोपाल प्रसाद घायल हुए थे। इस संबंध में चंदवा थाना में कांड संख्या 217/25 दर्ज की गई थी।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि अवधेश यादव पर मनिका, पांकी और चंदवा थाना क्षेत्रों में कुल छह आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि उपेंद्र यादव पर नौ अलग-अलग थानों में मामले लंबित हैं, जिनमें हत्या, लूट और रंगदारी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। छापामारी दल में एसडीपीओ अरविंद कुमार के साथ चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, पुअनि अजीत कुमार, राकेश कुमार महतो, श्रवण कुमार, सअनि सरोज कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गैंग के शेष सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि संगठित अपराध पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में कानून-व्यवस्था कायम रखने और आपराधिक तंत्र को समाप्त करने के लिए पुलिस पूर्ण प्रतिबद्ध है।

### गोरे बलहिया में अवैध क्रशर को पुलिस ने सील किया

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोरे बलहिया गांव में शुक्रवार को एक 60 वर्षीय महिला मजदूर झलिया देवी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला की साड़ी क्रशर मशीन में फंस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में परिजन उन्हें मेदिनीनगर एमएमसीएच अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना ने पूरे इलाके में गहरा शोक और आक्रोश फैला दिया है। झलिया देवी की मौत के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से संचालित क्रशर को सील कर दिया। साथ ही, मशीन से गिट्टी, बोल्डर और डस्ट भी जब्त किए गए। इस मामले में माइनिंग इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें क्रशर संचालन में नियमों की अवहेलना का आरोप लगाया गया है।

## उप विकास आयुक्त ने बालूमाथ प्रखंड का सघन दौरा कर योजनाओं की समीक्षा की



- सभी योजनाओं के लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध पूर्णता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद ने शनिवार को बालूमाथ प्रखंड का दौरा किया। उन्होंने धाधू पंचायत में संचालित मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके बाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा की टीसीबी, बागवानी, सिंचाई कूप, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, कृषि, सिंचाई, आपूर्ति, पेयजल, भूमि संरक्षण समेत जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ सुदूर एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पात्र नागरिक तक सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने गुणवत्ता और जवाबदेही पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, बीडीओ सोमा उरांव, रोजगार सेवक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा अन्य कई अधिकारी मौजूद थे। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि जनता की भलाई के लिए चल रही योजनाओं को पूर्ण न करना प्रशासनिक अक्षमता मानी जाएगी और इसके लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि प्रत्येक सरकारी योजना का लाभ मुख्यमंत्री एवं प्रधान मंत्री के लक्ष्य के अनुरूप जनता तक पहुंचे। इस आयोजन के दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर सेवा देने का संकल्प लिया, जिससे बालूमाथ इलाके का समग्र विकास तेजी से हो।

### बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ ने वन विभाग की उदासीनता पर जताई नाराजगी, किसानों की समस्या गंभीर



**बालूमाथ।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने नगड़ा ग्राम में जंगली हाथियों द्वारा नष्ट फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने वन विभाग की कार्यवाही में जो धीमी प्रतिक्रिया देखी, उससे गहरा निराशा जताई। उन्होंने कहा कि दो दिन बीतने के बावजूद वन विभाग ने ना तो फसल का जायजा लिया, ना ही किसानों से मिलकर नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। स्थानीय ग्रामीण व किसान जान माल नुकसान के भय में जी रहे हैं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा सहित कई किसान मौजूद थे।

### टोरी शिवपुर रेल लाइन के पास अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बालूमाथ।** टोरी शिवपुर रेल लाइन के चितरपुर गांव के पास एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि व्यक्ति सुबह से रेलवे पटरी के पास घूम रहा था और ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। घटना स्थल पर खून लगा हुआ था और हाथ की उंगलियां बिखरी मिलीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। घटना से इलाके में सनसनी मची हुई है।

### बालूमाथ में वन अधिकार दावा अभिलेख जांच शिविर, तकनीकी दिक्कतों पर चिंता

**लातेहार।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में वन अधिकार कानून के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का कैम्प मोड में निरीक्षण जारी है। शनिवार को बालूमाथ अंचल के 101 अभिलेख जांचे गए। जांच में खुलासा हुआ कि कई अभिलेखों में वन विभाग कर्मियों ने टिप्पणियां की हैं जिसमें कई दावे 2005 के बाद के हैं। कुछ दस्तावेजों में ग्राम प्रधानों की अनुपस्थिति और ग्राम सभा बैठक पंजी में अनियमितताएं पाई गईं। राजस्व और वन विभाग कर्मी मामले के तकनीकी समाधान की मांग कर रहे हैं ताकि पुराने दावों में पेनच फंसे ना रहें। इस शिविर में विशेषज्ञों और संबंधित ग्राम अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में अभिनंदन समारोह

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत, संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विमला कुमारी का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिला के कई प्रखंडों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मिले और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने कहा कि विमला कुमारी लंबे समय से निःस्वार्थ भाव से कांग्रेस के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दलितों और पिछड़ों का झुकाव कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है, जो सकारात्मक संकेत है। विमला कुमारी ने कहा कि संगठन के वरिष्ठ सहयोगियों का सहयोग मिला है और वे कांग्रेस को मजबूत बनाने का पूरा प्रयास करेंगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## पलामू पुलिस ने अवैध नशीली फसलों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया

- किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित कर अवैध खेती से दूर रखने का प्रयास

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर जिले के दो थाना क्षेत्रों में अफीम और गांजा की अवैध खेती रोकने के लिए जागरूकता चलाया गया। पिपराटांड़ थाना के ग्राम गिरी में बीडीओ, कृषि पदाधिकारी और मुखिया की उपस्थिति में किसानों को खेती के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम हेडूम, गड़ीहारा और जशपुर में महिला-पुरुष, युवा और ग्राम प्रतिनिधि शामिल हुए। अवैध खेती के खतरों और कानूनी कार्रवाई के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अफीम और गांजा की खेती नहीं करने की शपथ ली। यह अभियान किसानों को वैकल्पिक फसलों जैसे चावल, गेहूं, सरसों, ज्वार, मूंगफली आदि की ओर प्रोत्साहित करता है।

# उपायुक्त ने चंदवा प्रखंड का किया निरीक्षण

## विकास कार्यों और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

- पंचायत सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों और शिक्षा संस्थानों का दौरा कर कार्य प्रगति पर संतोष, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने आज चंदवा प्रखंड का दौरा कर विकासात्मक गतिविधियों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पंचायत सचिवालय सासंग का निरीक्षण कर अभिलेख संधारण व जनसेवाओं पर बातचीत की।

आंगनबाड़ी केंद्र सिकन्नी और सासंग में बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य जांच और साफ-सफाई की समीक्षा की गई। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और पोषाहार की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। ग्राम सासंग में संजू देवी के अबुआ आवास का गृह प्रवेश कराते हुए योजना की सफलता पर संतोष जाहिर किया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लटदाग, चंदवा का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र लुकुईया में पोषण आहार, प्री-स्कूल शिक्षा और टीकाकरण की स्थिति भी देखी। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका को सभी निर्धारित गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए।

आईटीआई केंद्र में प्रशिक्षणरत बच्चों से संवाद किया और पी.एम. श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं संग शैक्षणिक व्यवस्था की समीक्षा की। एस.एल. आर.एम. ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र समेत कई भवनों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की विस्तृत जांच की।

उन्होंने कार्यपालक अभियंता को गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये ताकि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। संबंधित अधिकारियों को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाने और शिक्षा स्वास्थ्य क्षेत्र में कोई कमी न होने का निर्देश भी दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. राज मोहन खलखो, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गरीबों का राशन हड़पने का महाघोटाला, भाजपा ने मांगी सीबीआई जांच

**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड में गरीबों के लिए भेजा गया राशन गबन होने का गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा नेता हेमंत पाठक ने मंडल कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि केन्द्र की मोदी सरकार गरीबों के घर का चूल्हा जलाने के लिए राशन भेजती है, लेकिन भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की मिलीभगत से गरीबों का राशन चोरी हो रहा है। उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है और एक कर्मचारी को सस्पेंड कर मामला दबाने की कोशिश हो रही है। हेमंत पाठक ने इस प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि बड़े अधिकारियों और रसूखदारों की संलिप्तता सामने आएगी। सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह ने आरोप लगाया कि लगभग तीन करोड़ रुपए मूल्य का 9 हजार क्विंटल राशन गबन हुआ है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल अधिकारी अपनी जमीन बेचकर या वेतन से यह नुकसान गरीबों की भरपाई करें। भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा भेजा गया।

## पेज एक के शेष

### मॉडल कृषि मंडी...

उसे बाजार समिति के विकास में लगाएं। गोदाम-दुकान जर्जर स्थिति में हैं, दुरुस्त होंगे तो वहां व्यापारी अपना व्यापार कर सकेंगे। इससे बोर्ड को भी राजस्व प्राप्त होगा। बाजार समितियों के बॉउंड्री वॉल टूटे होने के कारण मंडी में खाली भूखंड पर लगातार अतिक्रमण हो रहे हैं, जिसे सुरक्षित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार समितियों में लगातार हो रही चोरी की घटना की जवाबदेही क्या केवल पुलिस की है? बाजार समिति या मार्केटिंग बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं है? चैंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया और सह सचिव नवजोत अलंग ने पंडरा कृषि मंडी में असामाजिक तत्वों की सक्रियता और अतिक्रमण के मुद्दे पर विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए संज्ञान लेने का आग्रह किया। कृषि मंडियों में व्याप्त असुविधा पर त्वरित संज्ञान लेने के लिए चैंबर महासचिव रोहित अग्रवाल ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का आभार व्यक्त करते हुए इसे राज्य के व्यापारियों और कृषकों के लिए हितकर बताया। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री के अलावा जिला चैंबर से अशोक भालोटिया, संजय कुमार, मनोज घोष, जितेंद्र अग्रवाल, प्रियंक भगत, ज्योति प्रकाश, ज्योति कुमार, अमित साहू, रांची चैंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी, दीपक अग्रवाल, आलू प्याज विक्रेता संघ के मदन साहू, रोहित कुमार के अलावा खूंटी, धनबाद, दुमका, गढ़वा, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, जैनामोड़, बोकारो के व्यापारी और कृषक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नक्सलियों के विस्फोट...

पहले विस्फोट में सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा घायल हो गए, जिन्हें तत्काल राउरकेला के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद नक्सलियों ने दूसरा विस्फोट किया, जिसमें एएसआई रामकृष्ण गागराई और हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर को हेलीकॉप्टर से राउरकेला लाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। वहीं, एएसआई रामकृष्ण गागराई का इलाज फिलहाल राउरकेला के अपोलो अस्पताल में चल रहा है। एएसआई रामकृष्ण गागराई झारखंड के खरसावां के विधायक दशरथ गागराई के छोटे भाई बताए जाते हैं। हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर असम के रहने वाले थे। हमले के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। नक्सलियों के अब भी क्षेत्र में सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है और वे किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में हो सकते हैं। झारखंड पुलिस ने आठ अक्टूबर को भाकपा (माओवादी) द्वारा शुरू किए गए 'प्रतिरोध सप्ताह' के मद्देनजर पूरे राज्य में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की है। माओवादियों ने 15 अक्टूबर 2025 को बंद का भी आह्वान किया है।

### पीएम मोदी ने...

इससे न केवल मत्स्य उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिला प्रशासन और मत्स्य विभाग ने परियोजना को हरसंभव तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का मानना है कि यह केंद्र भविष्य में झारखंड का मॉडल फिश फार्मिंग हब बन सकता है। झारखंड मत्स्य विभाग के उप निदेशक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने नेचुरल इको टूरिज्म प्रोजेक्ट और गन्ना किसानों के लिए मिल का उद्घाटन भी किया है। वहीं, रोसा टेक कंपनी के तकनीकी निदेशक रोहित आनंद ने बताया कि सरायकेला के हाथीमारा गांव में विभाग के सहयोग से 10 एकड़ के तालाब क्षेत्र में एक एक्वा कल्चर प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि गांव के 125 घरों में से हर घर के कम से कम एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। आने वाले समय में यह परियोजना गांव की तरक्की और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

### मानकों पर खरी...

जिनमें कई दवाएं शामिल हैं। इन दवाओं को भी वापस मंगाने और जांच कराने की प्रक्रिया शुरू है। जांच के बाद ही दवा मरीजों को दी जाएगी। फिलहाल कंपनी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है, बल्कि उन्हें सिर्फ दवाइयां वापस लेने और मानक के अनुसार नई आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है कि मरीजों को कहीं भी घटिया या कम गुणवत्ता वाली दवाएं न मिलें।

# रेयर अर्थ मेटल्स को लेकर अमेरिका-चीन टैरिफ वार व भारत

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** स्थित यह बनती जा रही है कि चेन्नई के एक छोटे से वर्कशॉप में, 26 साल के युवा इंजीनियर ने अपनी आधी बनी इलेक्ट्रिक स्कूटर मोटर को घूर रहे थे। सुबह के 8 बजे, फैक्ट्री का गेट बंद था। सप्लायर का फोन आया: " नीयोडिमियम चुंबक नहीं मिल रहे। चीन ने निर्यात रोक दिया है। अमेरिका के कर से कीमतें आसमान छू रही हैं।" युवा इंजीनियर का चेहरा सफेद पड़ गया। उसकी कंपनी, जो 10 युवाओं को नौकरी देती थी, अब दिवालिया होने की कगार पर थी। "हमने 2 साल लगाए, लेकिन ये दुर्लभ धरती तत्व बिना सब बेकार," उसने दोस्त से कहा। युवा इंजीनियर जैसे हजारों युवा उद्यमी आज भारत की हकीकत झेल रहे हैं। 2025 में अमेरिका-चीन के दुर्लभ धरती तत्वों पर छिड़ा व्यापार



- चीन ने 12 दुर्लभ धरती तत्वों पर सख्त निर्यात नियंत्रण लगाए, अब किसी उत्पाद में 0.1% भी चीनी तत्व हो, तो लाइसेंस जरूरी
- ट्रंप की धमकी - "1 नवंबर से 100% अतिरिक्त कर लगाऊंगा"
- दुर्लभ धरती तत्व – नीयोडिमियम, डिस्प्रोसियम जैसे 17 तत्व – चिप्स, ईवी मोटर, पवन टरबाइन और मिसाइलों आदि के लिए जान हैं, चीन इनके 70% खनन व 90% शुद्धिकरण करता है
- भारत ने 2024 में 460 टन दुर्लभ तत्व आयात किए, जिनका 93% चीन से आया, 2025 में यह आंकड़ा 870 टन तक पहुंचा

युद्ध भारत की हालत और खराब कर रहा है। विशेषकर ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए 50 % टैरिफ के बाद। हमारी निर्भरता इतनी गहरी है कि ईवी से लेकर रक्षा तक हर क्षेत्र में संकट मंडरा रहा है । ऐसे बनते हालात को आंकड़ों व तथ्यों के साथ देखने के लिए आगे बढ़ते हैं। यह संकट अप्रैल 2025 से पनप रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामानों पर 145% कर लगाया, तो चीन ने जवाब में 125% कर ठोक दिया। 9 अक्टूबर को चीन ने "घोषणा संख्या 61" जारी की, जिसमें 12 दुर्लभ धरती तत्वों पर सख्त निर्यात नियंत्रण लगाए। अब किसी उत्पाद में 0.1% भी चीनी तत्व हो, तो लाइसेंस जरूरी। ट्रंप ने 10 अक्टूबर को धमकी दी: "1 नवंबर से 100% अतिरिक्त कर लगाऊंगा।" दुर्लभ धरती तत्व – नीयोडिमियम, डिस्प्रोसियम जैसे 17 तत्व – चिप्स, ईवी मोटर्स, पवन टरबाइन और मिसाइलों के लिए जान हैं। चीन 70% खनन और 90% शुद्धिकरण नियंत्रित करता है। 10 अक्टूबर को नैस्डैक 2.6% गिरा, ईवी शेयरों में 5-10% की छंटनी। लेकिन भारत पर असर सबसे घातक।

भारत दुर्लभ धरती में दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा भंडार रखता है – 6.9 मिलियन टन। फिर भी, वित्त वर्ष 2024 में हमने 460 टन दुर्लभ तत्व आयात किए, जिनका 93% चीन से आया। 2025 में यह आंकड़ा 870 टन तक पहुंचा, ज्यादातर चीन से। घरेलू उत्पादन? इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड सालाना सिर्फ 2,000 टन शुद्ध करती है, जबकि जरूरत 10,000 टन से ज्यादा। सितंबर 2025 में चीन ने भारत को भारी चुंबक निर्यात फिर शुरू किया, लेकिन अमेरिका को री-एक्सपोर्ट न करने की शर्त पर। अब कंपनियां लाइसेंस के लिए लाइनों में लगी हैं – संख्या दोगुनी हो गई। युवा इंजीनियर जैसे युवा उद्यमी सोचते हैं, "हमारा भंडार बेकार पड़ा है, क्योंकि शुद्धिकरण की तकनीक ही नहीं।"

ईवी क्षेत्र में संकट सबसे तीव्र- भारत का लक्ष्य 2030 तक 30% वाहन ईवी बनाना है, लेकिन नीयोडिमियम चुंबक की कमी से उत्पादन ठप। जून 2025 में चीन के प्रतिबंध से ऑटो फैक्ट्रियां रुकीं – 20% उत्पादन प्रभावित। युवा इंजीनियर की कंपनी ने 50 स्कूटर का ऑर्डर खत्म हो गया। 10 युवाओं की नौकरी गई। एक सर्वे में 60% ईवी स्टार्टअप्स ने बताया कि लागत 20-30% बढ़ी।

**एक्स पर एक उद्यमी ने लिखा :** "चीन ने अनौपचारिक रूप से भारी चुंबक निर्यात रोका। वाहन निर्माण में भारी समस्या। 90% दुर्लभ तत्व चीन पर निर्भर।" युवा इंजीनियर रातें जागकर वैकल्पिक मोटर डिजाइन कर रहे, लेकिन सफलता दूर।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र भी चूर हो रहा- भारत का 76,000 करोड़ सेमीकंडक्टर मिशन चीन पर 80% निर्भर। 0.1% नियम से चिप उत्पादन में देरी – कीमत 15-25% बढ़ेंगी।

**बैंगलोर के एक युवा डेवलपर ने एक्स पर शेयर किया :** "हमारा एआई प्रोजेक्ट रुका। दुर्लभ तत्वों की कमी से चिप्स महंगे। नौकरी खतरे में।" 2025 में 5,000 युवा इंजीनियर बेरोजगार हो चुके – क्योंकि स्टार्टअप्स बंद हो रहे। रक्षा क्षेत्र में खतरा और गहरा- मिसाइल, रडार और लेजर के लिए दुर्लभ तत्व जरूरी। भारत 95% आयात पर निर्भर। जुलाई 2025 में चीन के प्रतिबंध से रक्षा उत्पादन 15% प्रभावित।

**एक पूर्व सैनिक उद्यमी ने एक्स पर लिखा :** "रक्षा स्टार्टअप में चुंबक न मिलने से प्रोजेक्ट रुका। युवा इंजीनियर निराश।" नौकरियां गईं, सपने टूटे। नवीकरणीय ऊर्जा में भी परेशानी - पवन टरबाइन के लिए डिस्प्रोसियम जरूरी, लेकिन सप्लाई 30% घटी।

**गुजरात के एक युवा टेक्नीशियन ने बताया:** "हमारा सोलर प्रोजेक्ट रुका। कीमतें दोगुनी, लेकिन ग्राहक भाग गए।"

**एक्स पर बहस :** "ईवी/नवीकरणीय प्रयास चीन के चुंबक निर्यात प्रतिबंध से पीड़ित।" 2025 में 40,000 युवा जॉब्स खतरे में। ये कठिनाइयां सिर्फ आंकड़े नहीं, लाखों उद्यमियों व कर्मियों के दर्द हैं। युवा इंजीनियर ने फैक्ट्री बंद कर दी, अब डिलीवरी बॉय बन गया। एक अन्य ने विदेश जाने का फैसला किया।

**एक ने एक्स पोस्ट में लिखा:** "11 साल बाद भी प्रोसेसिंग क्षमता नहीं। ईवी महत्वाकांक्षाएं ढह रही। नौकरियां लटक रही।" भारत फंबल कर रहा – विकल्प सालों दूर। मुद्रास्फीति 1-2% बढ़ी, छोटे उद्योग टूट रहे। युवा निराश, उद्यमी हार मान रहे। यह टैरिफ़ वार सबक़ दे रहा है - निर्भरता अभिशाप है। लेकिन सच्चाई कड़वी – बिना ठोस कदम, भरपूर संसाधन , भरपूर मदद के हमारा संघर्ष बहुत लंबा चलेगा।

### 11 अरब डॉलर फंडिंग का आईएमएफ ने मांगा हिसाब

## चीन-अमेरिका के आगे हाथ फैला रहा पाक

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान से 11 अरब डॉलर का हिसाब मांग लिया है। आईएमएफ से फटकार लगने के बाद पाकिस्तान अब चीन और अमेरिका समेत दुनिया के अन्य देशों के सामने हाथ फैला रहा है। ज्ञात हो कि पाकिस्तान अब तक वित्तीय सहायता और रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के लिए चीन से संपर्क कर रहा था, जबकि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने उसे ऋण और कुछ हथियार व गोला-बारूद हासिल करने में भी मदद की थी।

हालांकि, पाकिस्तान की इस समय स्थिति ऐसी हो चुकी है कि वह रणनीतिक और सुरक्षा संबंधी मामलों के लिए चीन के सामने हाथ फैला रहा है, लेकिन आर्थिक, व्यापारिक और संस्थागत समर्थन के लिए अमेरिका से मदद मांग रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान का कुल विदेशी ऋण वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में लगभग 135 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। पाकिस्तान के ऊपर पहले से ही



- विदेशी ऋण वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 135 अरब डॉलर तक पहुंच गया है

चीन का लगभग 30 अरब डॉलर का अनुमानित लोन बकाया है। ज्ञात हो कि चीन ने पाकिस्तान को भारी मात्रा में लोन दिया हुआ है। यह लोन पाकिस्तान में बुनियादी ढांचा निवेश और बंदरगाहों, ऊर्जा और परिवहन परियोजनाओं के लिए राज्य समर्थित वित्तपोषण के लिए दिया गया था।

### पाक के व्यापार आंकड़ों के हिसाब किताब पर आईएमएफ ने जताई चिंता

अफगानिस्तान के खामा प्रेस ने शनिवार को खुलासा किया है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले दो वित्तीय वर्षों में पाकिस्तान के व्यापार आंकड़ों में 11 अरब डॉलर के हिसाब-किताब पर चिंता जताई है। पाकिस्तान रेवेन्यू ऑटोमेशन लिमिटेड (पीआरएएल) द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में बताए गए आयात के आंकड़े पाकिस्तान सिंगल विंडो के आंकड़ों से 5.1 अरब डॉलर कम थे और वित्त वर्ष 2024-25 में यह अंतर और बढ़कर 5.7 अरब डॉलर हो गया। अफगानिस्तान की न्यूज एजेंसी ने दावा किया कि पाकिस्तान ने आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस वजह से आईएमएफ ने निवेशकों का विश्वास बहाल करने के लिए सुधारात्मक उपायों और एक स्पष्ट संचार रणनीति की मांग की है।

### लौकी, पालक व दही से बनी रोटी से दूर करें विटामिन बी12 व डी की कमी

## हर 10 में से 8 लोग इन जरूरी विटामिन की कमी से जूझ रहे हैं



- ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शरीर में लगातार थकान, जोड़ों में दर्द, एकाग्रता की कमी या बार-बार बीमार पड़ना — यदि आप इन लक्षणों से जूझ रहे हैं तो सतर्क हो जाइए। ये संकेत हो सकते हैं कि आपके शरीर में विटामिन बी12 व विटामिन डी की गंभीर कमी है। शोध बताते हैं कि हर 10 में से 8 लोग इन ज़रूरी विटामिन की कमी से जूझ रहे हैं, और अक्सर इन्हें सामान्य कमजोरी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक बेहद सरल और सस्ता घरेलू नुस्खा, इस कमी को प्राकृतिक तरीके से दूर कर सकता है? सिर्फ लौकी, पालक और दही मिलाकर गेहूं के आटे की रोटी बनाई जाए, और उसे रात भर फर्मेंट किया जाए — तो ये रोटी बन जाती है विटामिन बी 12 और डी का प्राकृतिक स्रोत।

स्वस्थ शरीर के लिए रसोई से शुरुआत करें- आज के समय में जब बाजार में फोर्टिफाइड फूड्स और महंगे सप्लीमेंट्स की भरमार है, तब घर की रसोई में बना यह साधारण नुस्खा न केवल सेहतमंद है बल्कि जेब पर भी भारी नहीं पड़ता। लौकी, पालक और दही से बनी यह फर्मेंटेड रोटी, हमारे पुराने भारतीय खानपान की परंपरा को फिर से जीवित करती है — जहां भोजन सिर्फ पेट भरने का नहीं, बल्कि शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम होता था।

### विटामिन बी 12 व डी की कमी : एक नजर में

| विटामिन | कमी के लक्षण | स्रोत |
|---|---|---|
| बी12 | थकान, सिरदर्द, भूलने की आदत, झुनझुनी, एनीमिया | मांसाहारी खाद्य, डेयरी, सप्लीमेंट |
| डी | हड्डियों में दर्द, मांसपेशियों की कमजोरी, इम्यून सिस्टम कमजोर | सूरज की रोशनी, मछली, अंडा, फोर्टिफाइड फूड |

**नोट :** शरीर खुद बी 12 नहीं बना सकता व विटामिन डी की कमी धूप की कमी से होती है, जो शहरी जीवन शैली में आम है।

### कैसे बनाएं विटामिन-समृद्ध फर्मेंटेड रोटी?

**सामग्री**

- 1 कप गेहूं का आटा
- ½ कप लौकी का पेस्ट
- ½ कप पालक का पेस्ट
- 2 चम्मच ताजा दही
- स्वादानुसार नमक

**विधि**

लौकी और पालक को मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें।
गेहूं के आटे में यह पेस्ट, दही और नमक डालकर गूंथ लें।
इस आटे को ढककर रातभर कमरे के तापमान पर रखें (कम से कम 7-8 घंटे)।
सुबह हल्के हाथों से दोबारा गूंथें और रोटियां बनाकर घी या तवे पर सेंकें।

### यह रोटी कैसे करती है विटामिन की पूर्ति?

न्यूट्रिशनिस्ट संदीप गुप्ता बताते हैं कि यह रोटी एक तरह से प्राकृतिक फर्मेंटेड फूड बन जाती है। फर्मेंटेशन की प्रक्रिया में :

- पालक और लौकी के जीवित एंजाइम आटे में गुड बैक्टीरिया को जन्म देते हैं।
- ये गुड बैक्टीरिया आंतों को स्वस्थ बनाते हैं और शरीर को विटामिन बी 12 बढ़ाने में मदद करते हैं।
- दही भी एक प्रोबायोटिक है, जो आंतों की सेहत सुधारता है और विटामिन डी के अवशोषण में सहायक होता है।
- ये रोटी सिर्फ पौष्टिक नहीं, बल्कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक स्वास्थ्य और हड्डियों की मजबूती के लिए भी वरदान है।

### इसके फायदे हैं

- प्राकृतिक रूप से बी12 और डी की पूर्ति
- थकान और कमजोरी में राहत
- बेहतर पाचन और आंतों की सेहत
- शुद्ध शाकाहारी विकल्प
- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए फायदेमंद

### सावधानी

- यदि आपके शरीर में बी12 या डी की गंभीर कमी है, तो डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट भी लें।
- फर्मेंटेड रोटी को रोज सुबह खाएं, लेकिन एक बार में अधिक मात्रा न लें।

## राजनीति में बड़ा दिल जरूरी है, मतभेद के बावजूद संबंध बनाए रखना चाहिए : गडकरी

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** "राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों का लोकतांत्रिक मंथन है। इसमें मतभेद हो सकते हैं, पर मनभेद नहीं होने चाहिए।"केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह विचार 'अमृत महोत्सव सम्मान समारोह' के अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में वह वरिष्ठ समाजवादी नेता सुरेश (बाबू) अग्रवाल को सम्मानित करने पहुंचे थे। गडकरी ने अपने संबोधन में इस बात पर ज़ोर दिया कि राजनीति में व्यक्ति को बड़ा दिल रखना चाहिए और विरोधी विचारधारा वाले लोगों के साथ भी सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा: "राजनीति में विचारधारा का अंतर स्वाभाविक है, लेकिन उसके कारण रिश्तों में कटुता नहीं आनी चाहिए। मतभेदों के बावजूद मजबूत और स्थायी संबंध ही भारतीय लोकतंत्र की असली पहचान हैं।" गडकरी ने कई वास्तविक अनुभवों और ऐतिहासिक उदाहरणों के माध्यम से अपने विचारों को मजबूती दी। उन्होंने बताया कि कैसे समाजवादी विचारधारा के समर्थक होने के



- वाजपेयी जी ने कहा था- "हम अपने विरोधियों का विरोध करते हैं, लेकिन हम उनका अपमान नहीं करते"

बावजूद सुरेश अग्रवाल उनके अच्छे मित्र हैं। "मैं सुरेश बाबू अग्रवाल को कॉलेज के दिनों से जानता हूं। वह डॉ. राम मनोहर लोहिया की समाजवादी विचारधारा के अनुयायी हैं। मैं एक अलग विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता हूं, लेकिन हमारे बीच कभी मतभेद नहीं हुआ।" गडकरी ने पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस को याद करते हुए उनकी सादगी और कार्यशैली की सराहना की और बताया कि कैसे उन्होंने विचारधारात्मक अंतर के बावजूद उन्हें सदैव प्रेरित किया।

**केरल के सीएम के साथ अनुभव**

उन्होंने एक दिलचस्प घटना साझा की जिसमें केरल के मुख्यमंत्री, जो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से संबंध रखते हैं, उनसे मुलाकात करने दिल्ली आए थे। "मेरे ऑफिस में एक पद्धति है— जो भी मिलने आता है, उससे पहले एजेंडा पूछा जाता है। जब केरल के मुख्यमंत्री आए, तो उन्होंने कहा कि उनका कोई एजेंडा नहीं है, बस नितिन गडकरी से मिलना है। उन्होंने कहा कि जब भी दिल्ली आता हूं, मन करता है कि आपसे पांच-दस मिनट मिल लूं।" गडकरी ने इसे विचारधारा से परे आपसी सम्मान और संबंधों का उदाहरण बताया।

**उन्होंने दो उदाहरण बताया**

- सुरेश बाबू अग्रवाल
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो डॉ. लोहिया की समाजवादी विचारधारा को समझते और सराहते थे।

गडकरी ने याद दिलाया कि अटल जी ने भी विपक्षियों का हमेशा सम्मान किया, चाहे वो इंदिरा गांधी हों या कम्युनिस्ट नेता। उन्होंने बताया कि अटल जी ने एक बार कहा था : "हम अपने विरोधियों का विरोध करते हैं, लेकिन हम उनका अपमान नहीं करते।" वर्तमान राजनीतिक माहौल में जब दलगत राजनीति और ध्रुवीकरण बढ़ रहा है, गडकरी का यह संदेश बेहद प्रासंगिक है।

**उन्होंने इस बात पर बल दिया कि :**

- राजनीति वैचारिक विविधता का मंच है, न कि शत्रुता का।
- शिष्टाचार और परस्पर सम्मान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है।
- व्यक्तिगत संबंधों को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए।

वर्तमान माहौल में जहां ईडी,सीबीआई को विरोधी दलों के पीछे लगा दिया जा रहा है, उनकी सरकार गिराने के लिए जेल में डलवा दिया जा रहा है , उन्हें तोड़ने, प्रताड़ित करने के लिए तरह-तरह का उपक्रम किया जा रहा है, गडकरी के वक्तव्य आज की राजनीति के लिए एक सांस्कृतिक सन्देश हैं। उनका जीवन स्वयं इस बात का प्रमाण है कि राजनीति में सिद्धांत और संबंध दोनों निभाए जा सकते हैं। यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक गहराई प्रदान करता है।यही वजह है कि आज की तारीख में केंद्र की सत्ता में यदि कोई मंत्री विपक्षी दलों व आम लोगों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है तो वह हैं नितिन गडकरी।

## दूसरी ही फिल्म से लगा खलनायिका का टैग, असल जिंदगी में भी बिंदू देसाई को निगेटिव समझते थे लोग

**कहानी फिल्म जगत की**

बॉलीवुड सिनेमा के 70 के दशक में एक ऐसी वैम्प अदाकारा थी, जिनको लेकर जिज्ञासा सेट पर लोगों में लीड रोल करने वाली एक्ट्रेसेस से ज्यादा होती है।हम बात कर रहे हैं फिल्म इंडस्ट्री की मोना डार्लिंग यानी बिंदू देसाई की। उन्होंने कभी पर्दे पर लड़ाकू सास बनकर बहूओं की नाक में दम किया तो कभी गैंगस्टर की गर्लफ्रेंड बनकर भी सिनेमा के पर्दे पर राज किया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिंदू को पहली फिल्म से नहीं बल्कि दूसरी फिल्म से सफलता हासिल हुई? बिंदू देसाई के पिता नानूभाई देसाई चाहते थे कि वो डॉक्टर या इंजीनियर बने, लेकिन बिंदू को सिनेमा से लगाव था और वो बहुत खूबसूरत भी थी। लेकिन विटी फेस होने की वजह से उन्हें बतौर लीड एक्ट्रेस रोल ऑफर नहीं हुआ। अपने पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। अब परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए उन्होंने फिल्मों का रुख किया और उनके जीजा लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने इसमें उनकी मदद की। बिंदू ने सबसे पहले 1962 में आई फिल्म 'अनपढ़' में साइड रोल किया, और वो उस वक्त 21 साल की थी। फिल्मी पर्दे पर वह फ्लॉप रहीं, लेकिन दूसरी फिल्म 'दो रास्ते' उनके लिए लकी साबित हुई। इस फिल्म में बिंदू ने निगेटिव रोल प्ले किया। एक इंटरव्यू में बिंदू ने खुलासा किया था कि पहले वो तो निगेटिव रोल करने से कतरा रही थीं, लेकिन परिवार वालों ने कहा कि तुक्का मारने में क्या जाता है। फिल्म बनी और रिलीज हुई और फिर हिट साबित हुई।

